MINISO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | शुक्रवार, 02 जनवरी, 2026 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु. | वर्ष-8 | अंक-02

# यह भी नशा! वह भी नशा!!

## सरकार को कमाने का-लोगों को पीने का

नए साल की पूर्व संध्या पर नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में जहाँ पुलिस प्रशासन ने 2,730 से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ मामले दर्ज किये, वहीं आबकारी विभाग ने शराब की 1000 करोड़ रिकार्ड की बिक्री का जश्न मनाया। खास बात तो यह है कि आम शराबी की स्थिति ऐसी थी कि वह न तो अपने सामने रखी पूरी बोतल हलक में उतारकर नये वर्ष का खुलकर स्वागत कर पाया और न ही अपने आपको जश्न मना रही दुनिया से दूर रख पाया। हुआ यूँ कि क्लबों, पबों और न्यू ईयर पार्टियों में जश्न मनाने के मूड में गया बेचारा आम आदमी जैसे ही सडक पर आया, पुलिस को देख उसका नशा काफूर हो गया। दस हजार जुर्माना और जेल की कथित धमकियों से डरा महानगर की लाइफ स्टाईल का आदि हो चुका हैदराबादी लाचार



था। सोचने वाली बात है कि जश्न के लिए रखी पार्टियों में व्यक्ति नशा नहीं करेगा तो वहाँ क्या करने जाएगा? जब सरकार को पता है कि ऐसी जगहों पर ऐसा ही होता है तो सरकार उन्हें क्यों ऐसी पार्टियों की इजाजत देती है? क्यों शराब की अंधाधुंध बिक्री से पैसा कमाने की फिराक में रहती है? रही बात ला एंड आर्डर की तो जो ज्यादा नशा कर हुडदंग करता है, उन्हें पकडा जाना चाहिए या जो लोग छेडछाड आदि में लिप्त हो, उन्हें पकडा जाना उचित है। नियमों का उल्लंघन करने वालों को भी नहीं छोडना चाहिए। किन्तु साथ ही नियम भी ऐसे बनाने चाहिए, जो निभने/निभाने लायक हो। जहाँ गुड खुला रखा होगा, वहाँ मक्खियों का भिनभिनाना स्वाभाविक है। या तो सख्त शराब ,व्यसन मुक्त समाज बनाइए या आत्मसंयमित/आत्मनियमित (Self regulation) समाज का निर्माण स्वंय समाज को करने दें। सरकार को वाहन चालकों से खूब जुर्माना भी चाहिए और शराब की गंगा बहाकर राजस्व भी, दोनों ओर से आम जनता को लूटने वाली सरकारें ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकती। ये पब्लिक है, यह सब जानकर भी चुप है।

गौरतलब है कि भारत में शराब पीकर वाहन चलाने की लिमिट BAC (रक्त अल्कोहल सांद्रता) 0.03% या प्रति 100 मिली लिटर खून में 30 मिली ग्राम है, लेकिन हैदराबाद पुलिस रत्ती भर भी बर्दाश्त नहीं करती। यहाँ नाममात्र भी अल्कोहल डिटेक्ट होने पर जीरो टालेरेंस की नीति के तहत पहले जुर्म पर 10,000 रुपये जुर्माना, छह माह तक की जेल, तीन महीने से अधिक तक ड्राइविंग लाइसेंस रद्द हो सकता है। तीन वर्ष के भीतर ऐसा ही जुर्म दोहराने पर 15,000 जुर्माना, दो साल तक की जेल भी हो सकती है। जिस राज्य में देशभर में सबसे अधिक शराब बिकती और पी जाती हो, वहाँ भला ऐसे सख्त नियम कैसे टिकेरह सकते है? समाज की इतनी ही फीक्र होती तो सरकार शराब पर पूर्ण पाबंदी लगाती, लेकिन ऐसा न कर वह नियमों की आड में अधिकारियों की जेब गर्म की नीयत रखती है। आम लोगो का कहना है कि जितने पुलिस कर्मी और अतिरिक्त बल का प्रयोग लोगों को जुर्म करने के बाद पकडने के लिए किया गया, यदि उतना जुर्म रोकने में किया जाता तो ज्यादा अच्छा होता। लोग खुलकर जश्न मना पाते।

### नए साल पर 1000 करोड़ की शराब बिकी

तेलंगाना में नए साल के जश्न के दौरान शराब की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखा गया। आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, महज तीन दिनों के भीतर राज्य में करीब 1,000 करोड़ मूल्य की शराब बेची गई।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछले छह दिनों में पूरे राज्य में कुल 1,350 करोड़ की शराब की बिक्री हुई। उत्सव के चरम तीन दिनों के दौरान मांग इतनी अधिक थी कि 8.30 लाख केस शराब और 7.78 लाख केस बीयर की खपत दर्ज की गई। यह आंकड़ा नए साल के स्वागत के लिए राज्य भर में हुई भारी मांग और बड़े आयोजनों को दर्शाता है। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बिक्री में इस उछाल का मुख्य कारण लंबे समय तक चलने वाले जश्न, शराब की दुकानों पर ग्राहकों की बढ़ती भीड़ और त्योहार के दौरान बढ़ी हुई मांग को बताया है। बिक्री में इस रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि से राज्य के खजाने को भी बड़ा बढ़ावा मिला है।

### ड्रंक एंड ड्राइव के 2,731 मामले

शहर हैदराबाद और आस-पास के क्षेत्रों में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर चलाए गये अभियान के तहत ड्रंक एंड ड्राइव के 2731 मामले दर्ज किए गए। पिछले साल दर्ज किए गए 2,873 मामलों की तुलना में इस बार पाँच प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कमी वाहन चालकों के बीच बढ़ती जागरूकता का संकेत है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रात पूरी तरह से हादसों से मुक्त नहीं रही। साइबराबाद और तत्कालीन राचकोंडा कमिश्नरेट में दो घातक सड़क दुर्घटनाएं हुईं, हालांकि इनमें से कोई भी सीधे तौर पर नए साल के जश्न से जुड़ी नहीं थी। हैदराबाद कमिश्नरेट के तहत पुलिस ने 1,198 मामले दर्ज किए, जो 2024 में 1,415 थे। सबसे अधिक उल्लंघन DCP III सीमा के तहत पाए गए, जहाँ अकेले 490 मामले दर्ज हुए। मलकपेट 125 मामलों के साथ सबसे बड़ा हॉटस्पॉट बनकर उभरा, इसके बाद संतोष नगर में 63 मामले रहे। चंद्रायनगुट्टा और सैदाबाद में क्रमशः 49 और 44 मामले दर्ज किए गए, जबकि फलकनुमा में सबसे कम नौ मामले दर्ज हुए। मीरचौक पुलिस ने अभियान के दौरान 15 मामले दर्ज किए।

DCP I सीमा के तहत, पुलिस ने 392 मामले दर्ज किए। एस.आर. नगर 111 मामलों के साथ शहर के किसी भी एकल पुलिस स्टेशन के लिए दूसरे स्थान पर रहा। बेगमपेट और पंजागुट्टा में 52-52 मामले दर्ज किए गए, तिरुमलघरी में 49 और बंजारा हिल्स में 26 मामले दर्ज हुए। वहीं, DCP II सीमा में 316 मामले आए, जिसका नेतृत्व चिलकलगुडा ट्रैफिक पुलिस स्टेशन ने 56 मामलों के साथ किया, उसके बाद काचीगुड़ा में 47 और चिक्कड़पल्ली में 45 मामले रहे। मारेडपल्ली, बोइनपल्ली और नारायणगुडा में शून्य मामले दर्ज किए गए।

### 1,000 ट्रैफिक कर्मी तैनात

इस विशेष अभियान के लिए 217 प्रमुख जंक्शनों पर लगभग 1,000 ट्रैफिक कर्मियों को तैनात किया गया था, जिन्हें सात अतिरिक्त प्लाटूनों का समर्थन प्राप्त था। सुबह 6 बजे तक 120 स्थानों पर गहन चेकिंग जारी रही। तत्कालीन राचकोंडा कमिश्नरेट में पुलिस ने 605 वाहन चालकों को बुक किया। ट्रैफिक जोन ख में 316 मामले आए, जिसमें अकेले मल्काजगिरी डिवीजन का योगदान 260 मामलों का था। उप्पल में 126 मामले दर्ज किए गए, जो कमिश्नरेट के किसी भी एकल स्टेशन के लिए सबसे अधिक थे। ट्रैफिक जोन-II में 289 मामले दर्ज किए गए, जिसका नेतृत्व एल.बी. नगर डिवीजन ने 238 मामलों के साथ किया।आयु-वार आंकड़ों से पता चला है कि अधिकांश अपराधी 21-30 और 31-40 आयु वर्ग के थे। उल्लंघन करने वालों में दुपहिया वाहनों की संख्या सबसे अधिक रही। पुलिस ने नशे के अत्यधिक स्तर को भी चिन्हित किया, जिसमें वनस्थलीपुरम में 550mg/100ml का उच्चतम BAC (रक्त अल्कोहल सांद्रता) दर्ज किया गया। साइबराबाद में पुलिस ने नशे में गाड़ी चलाने के 928 मामले दर्ज किए और 55 विशेष टीमें तैनात कीं।

---

अब शौक पड़ेंगे भारी

## बीड़ी, सिगरेट और पान मसाले महंगे

**नई दिल्ली, 01 जनवरी (एजेंसियां)।**



सरकार ने स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर अधिनियम, 2025 को आगामी 01 फरवरी से लागू करने और तंबाकू उत्पादों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नयी दरें तय करने संबंधी अधिसूचनायें जारी कर दी हैं। ये अधिसूचनाएं बुधवार देर रात जारी की गयीं। संसद के शीतकालीन सत्र में उपकर से संबंधित विधेयक पारित किया गया था। अधिनियम में सामान बनाने या बनाने के लिए लगाई गई मशीनरी या की जाने वाली प्रक्रिया पर उपकर लगाने का प्रस्ताव है।

इस उपकर से होने वाली कमाई केंद्र के समेकित कोष (कंसोलिडेटेड फंड) में जायेगी और सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े खर्चों को पूरा करने में मदद करेगी। शुरुआत में इसे पान मसाले पर लागू किया गया है हालांकि अगर जरूरी हुआ तो सरकार दूसरे सामानों पर भी उपकर लगाने के लिए अधिसूचित कर सकती है। वित्त मंत्रालय इससे संबंधित नियम के लिए भी अधिसूचना जारी की है।

एक अन्य अधिसूचना के अनुसार, 01 फरवरी से बीड़ी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जायेगा। पान मसाला, गैर-विनिर्मित तंबाकू और उसके अपशिष्ट, तंबाकू या तंबाकू के विकल्प से बनी सिगरेट, चेरूट, सिगारिलो और सिगार, अन्य विनिर्मित तंबाकू और तंबाकू के विकल्प, बिना दहन के उपभोग के लिए बने तंबाकू उत्पाद, और तंबाकू तथा निकोटीन के विकल्प से बने बिना दहन के उपभोग के लिए बने तंबाकू उत्पादों पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। जीएसटी परिषद की अनुशंसा पर नयी दरों के लिए अधिसूचना जारी की गयी है।

---

# चार दिन की चाँदनी...

## ...तो खो देगा सबसे बड़े निगम का दर्जा

**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** देश के सबसे बड़े नगर निगम का दर्जा हासिल कर चुका ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन (GHMC) जल्द ही यह पहचान खो सकता है। राज्य सरकार ने GHMC को तीन अलग-अलग नगर निगमों ˉ हैदराबाद, साइबराबाद और मलकाजगिरी में विभाजित (त्रिभाजन) करने का निर्णय लिया है।

राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, GHMC काउंसिल का कार्यकाल 10 फरवरी 2026 को समाप्त होने के बाद इस संबंध में आधिकारिक घोषणा की जा सकती है। जनवरी 2026 में होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान इस विषय पर अधिक स्पष्टता आने की संभावना है।





सरकार द्वारा आउटर रिंग रोड (ORR) के भीतर और आसपास स्थित 27 शहरी निकायों को GHMC में विलय किए जाने के बाद इसका क्षेत्रफल बढ़कर 2,053 वर्ग किलोमीटर हो गया था। विस्तारित GHMC को 12 जोन, 60 सर्कल और 300 वार्डों में पुनर्गठित किया गया था। वहीं, पहले का GHMC केवल 650 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ था, जिसमें 30 सर्कल और 150 वार्ड थे। इतने बड़े क्षेत्र और आबादी के कारण प्रशासनिक संचालन को लेकर सरकार पर लगातार दबाव बना हुआ था।

### दो प्रस्तावों पर विचार

राज्य सरकार फिलहाल दो विकल्पों पर विचार कर रही है। पहले विकल्प के तहत हैदराबाद नगर निगम को 150 वार्ड, साइबराबाद और मलकाजगिरी को 75-75 वार्ड दिए जा सकते हैं।

दूसरे विकल्प में - हैदराबाद, साइबराबाद और मलकाजगिरी ˉ तीनों को 100-100 वार्ड देने का प्रस्ताव है।

यदि पहला विकल्प लागू होता है, तो हैदराबाद नगर निगम शहर के मध्य और दक्षिणी हिस्सों को शामिल करेगा और दक्षिण में शमशाबाद तक विस्तारित होगा।

साइबराबाद नगर निगम उत्तर-पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में नरसिंगी से शामीरपेट तक फैलेगा, जिसमें तेल्लापुर, अमीनपुर, सेरिलिंगमपल्ली जैसे इलाके शामिल होंगे। वहीं, कीसरा से पेद्दा अंबरपेट तक का पूर्वी क्षेत्र मलकाजगिरी नगर निगम का हिस्सा बनने की संभावना है। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि नगर निगमों की सीमाएं तय करते समय प्रॉपर्टी टैक्स संग्रह, बिल्डिंग परमिट शुल्क, और नगर निगम पर मौजूद कर्ज जैसे वित्तीय पहलुओं को भी ध्यान में रखा जाएगा।

▶10 पर

### 12 जोनों में इंजीनियरों की नई तैनाती

GHMC पुनर्गठन के अंतर्गत शमशाबाद, राजेंद्रनगर, चारमीनार, गोलकोंडा, खैरताबाद और सिकंदराबाद ˉ इन छह जोनों को दो चीफ इंजीनियरों के अधीन रखा गया है।

ज्योतिर्मयी को हाउसिंग और प्रशासन के लिए इन-चार्ज चीफ इंजीनियर एवं एसई नियुक्त किया गया है।

जे. नरसिंहा राव को क्वालिटी कंट्रोल का एसई बनाया गया है, जबकि बीएल श्रीनिवास राव को एच सिटी और एसएनडीपी का एसई नियुक्त किया गया है।इसके अतिरिक्त, एस. रत्नाकर को मेंटेनेंस, रोड्स, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, ट्रांसपोर्ट और स्ट्रीट लाइट्स के लिए इन-चार्ज चीफ इंजीनियर एवं एसई बनाया गया है।

बी. गोपाल को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, ट्रांसपोर्ट और स्ट्रीट लाइट्स का एसई नियुक्त किया गया है, जबकि जी. सतीश रेड्डी को कार्यकारी अभियंता बनाया गया है।

---

### कार्टून कॉर्नर





## स्विस रिज़ॉर्ट में आग, कई मरे

**जिनेवा, 01 जनवरी (एजेंसियां) ।** स्विट्ज़रलैंड के क्रैंस-मोंटाना स्की रिज़ॉर्ट के एक बार में आग लगने से कई लोगों की मौत हो गयी और करीब 100 लोग जख्मी हुए हैं। वैलिस कैंटन पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नए साल के जश्न के दौरान स्थानीय समय के अनुसार लगभग 01:30 बजे ले कॉन्स्टेलेशन नामक बार में आग लगी। वैलिस कैंटन पुलिस प्रमुख फ्रेडरिक गिस्लर ने संवाददाता सम्मेलन में



बताया कि स्विट्ज़रलैंड के एक स्की रिज़ॉर्ट के बार में आग लगने से कई लोगों की मौत हो गयी और लगभग 100 लोग जख्मी हुए हैं। अधिकारियों ने मृतकों की पहचान शुरू कर दी है। पीड़ितों को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें अस्पतालों में ले जाया गया है।वाउड कैंटन पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद क्रैंस-मोंटाना स्की रिज़ॉर्ट चालू है। स्विट्ज़रलैंड में रूसी दूतावास ने आरआईए नोवोस्ती को बताया कि वह क्रैंस-मोंटाना में आग लगने के बाद की स्थिति पर करीब से नज़र रख रहे हैं। दूतावास के पास फिलहाल ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिससे पता चले कि कोई रूसी नागरिक की मौत हुई या जख्मी हुए हैं।

## बंगाल में ईसी करेगा अपनी व्यवस्था

**कोलकाता, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों से पहले मतदान केंद्र स्थापित करने के लिए कई ऊंची इमारतों वाले आवासीय परिसरों की पहचान करने के लिए अपनी स्वतंत्र व्यवस्था की तैनाती का फैसला किया है, क्योंकि जिले के संबंधित अधिकारी इस काम को तय समय-सीमा में पूरा करने में नाकाम रहे हैं। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी(सीईओ) कार्यालय ने बताया कि यह फैसला 30 दिसंबर को हुई एक समीक्षा बैठक के बाद लिया गया क्योंकि जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) 300 या उससे अधिक मतदाताओं वाले आवासीय परिसर की सूची जमा करने में नाकाम रहे। गौरतलब है कि राज्य में जिला मजिस्ट्रेट ही जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में भी काम करते हैं। उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती की अध्यक्षता में हुई यह बैठक योजना के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाने के लिए आयोजित की गयी थी।

▶10 पर



# भारत समेत सारे जहां में नए साल की शुरुआत किरिबाती ने सबसे पहले किया स्वागत

**तरावा,01 जनवरी (एजेंसियां) ।**

सारे जहां में नए साल की शुरुआत हो चुकी है। सबसे पहले 2026 का आगाज किरिबाती के किरीटीमाटी द्वीप से हुआ। किरिबाती को किरिबास भी कहा जाता है। यह कई एटोल से बना द्वीप समूह है। यहां अपने देश भारत से साढ़े आठ घंटे पहले नया साल शुरू होता है। भारत में भी नए साल 2026 का आगाज हो चुका है। भारत के शहरों में रंग-बिरंगी रोशनी, आतिशबाजी और संगीत के साथ लोगों ने जश्न मनाया। महाराष्ट्र के पुणे में लोगों ने गुब्बारे उड़ाकर नए साल का स्वागत किया। दिल्ली-एनसीआर समेत मुंबई, अमृतसर, हैदराबाद, ग्वालियर, बंगलूरू, सोनमर्ग के अलावा फिलीपींस की राजधानी मनीला, चीन, हांगकांग, मलेशिया के कुआलालंपुर, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में लोगों ने 2026 की शुरुआत पूरे उत्साह और उम्मीदों के साथ की। लोगों ने बीते वर्ष को विदा कर नई उम्मीदों, संकल्पों और खुशियों के साथ नए साल का स्वागत किया। डाउनटाउन में देश की सबसे ऊंची इमारत स्काई टावर से शानदार आतिशबाजी की गई। असम के गुवाहाटी में साल 2025 के आखिरी दिन सूर्यास्त के मनमोहक दृश्य सामने आए। ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे आसमान सुनहरे, नारंगी और लाल रंगों में रंगा नजर आया। न्यूजीलैंड की राजधानी ऑकलैंड में आतिशबाजी के साथ नए साल का स्वागत किया गया। बारिश से भीगे मौसम के बीच 2026 का स्वागत हुआ।

नए साल की पूर्व संध्या पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने सभी नागरिकों से राष्ट्र के विकास, सामाजिक सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि नया साल नई ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने इसे आत्म-चिंतन और नए संकल्प लेने का अवसर बताया। राष्ट्रपति ने देश और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, ईश्वर करे कि वर्ष 2026 हमारे जीवन में शांति, सुख और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह नया साल एक मजबूत और अधिक समृद्ध भारत के निर्माण के लिए नई ऊर्जा का संचार करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीलंकाई मैनेजर ने की भारतीय पर नस्लीय टिप्पणी, कोर्ट ने लगाया 74 लाख जुर्माना




**लंदन।** दक्षिण-पूर्व लंदन के एक केएफसी फ्रैंचाइजी आउटलेट के मैनेजर को भारतीय पर नस्लीय टिप्पणी करना भारी पड़ गया। इस मामले में कोर्ट ने मैनेजर पर 74 लाख रुपए का जुर्माना ठोका है। बता दें तमिलनाडु के रहने वाले मधेश रविचंद्रन ने अपने प्रबंधक पर नस्लीय भेदभाव और गलत तरीके से नौकरी से निकालने का आरोप लगाया था। एम्प्लॉयमेंट ट्रिब्यूनल ने उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए कंपनी को करीब 67,000 पाउंड यानी करीब 74 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रिब्यूनल की सुनवाई में रविचंद्रन ने बताया कि उनका श्रीलंकाई तमिल बॉस काजन उनके साथ भेदभाव करता था। वह रविचंद्रन के लिए 'गुलाम' और 'भारतीय धोखेबाज होते हैं' जैसे अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करता था। ट्रिब्यूनल के फैसले के मुताबिक जज पॉल एबॉट ने रविचंद्रन के गलत बर्खास्तगी और नस्लीय भेदभाव के दावों को सही ठहराया। ट्रिब्यूनल ने पाया कि रविचंद्रन को कम अनुकूल व्यवहार का सामना करना पड़ा क्योंकि वह भारतीय थे। उदाहरण के तौर पर उनकी छुट्टी की अर्जी इसलिए खारिज कर दी गई क्योंकि प्रबंधक काजन श्रीलंकाई तमिल सहकर्मियों की छुट्टियों को प्राथमिकता देना चाहता था।

### 11 महीने, 32 जिले, 73 केस.......बांग्लादेश में ईशनिंदा कैसे बना हिंदुओं पर हिंसा का हथियार



**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की पीट-पीटकर हत्या और बीच रास्ते में पेड़ से बांधकर जलाने की घटना को लेकर दुनिया भर में भारी आक्रोश है। लेकिन बांग्लादेशी मानवाधिकार संगठन की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश में हिंदुओं पर अत्याचार अब हदें पार कर रहा हैं। इस जुल्म का हथियार बन रहा है ईशनिंदा का आरोप। संगठन का कहना है कि यह एक सुनियोजित पैटर्न बन चुका है। बीते 11 महीनों में ही देश के 32 जिलों में ईशनिंदा से जुड़ी करीब 73 घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें से तमाम मामले पुलिस ने दर्ज तक नहीं किए है। अल्पसंख्यकों के हितों के लिए काम करने वाले संगठन का दावा है कि ईशनिंदा का इस्तेमाल अब धार्मिक आस्था बचाने के लिए नहीं बल्कि जमीन हड़पने, आपसी रंजिश निकालने और व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता को खत्म करने के लिए हो रहा है। उसके मुताबिक, हमलों का मुख्य निशाना अल्पसंख्यक युवा होते हैं। युवाओं को निशाना बनाकर पूरे समुदाय में डर पैदा किया जाता है। झूठे आरोप लगवाकर छात्रों को स्कूल-कॉलेजों से निकला जाता है, ताकि उनका भविष्य ही खराब हो जाए। ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज (एचआरसीबीएम) ने बताया कि किस तरह जिले-जिले में ईशनिंदा को हथियार बनाकर अल्पसंख्यकों पर जुल्म हो रहे हैं।

### ईरान में एक अमेरिकी डॉलर की कीमत लगभग 14 लाख 20 हज़ार रियाल बराबर, जनता सड़कों पर उत्तरी

**तेहरान।** पिछले कुछ हफ्तों में ईरानी मुद्रा रियाल की कीमत तेज़ी से गिरती गई है। अल जज़ीरा के



मुताबिक, इसकी वजह से ईरान में विरोध प्रदर्शन शुरु हो गया है। रविवार को जब विरोध प्रदर्शन शुरू हुए, तब एक अमेरिकी डॉलर के बदले लगभग 14 लाख 20 हज़ार रियाल मिल रहे थे, जबकि एक साल पहले यह दर लगभग 8 लाख 20 हज़ार रियाल थी। दशकों से पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों से जूझ रही ईरान की अर्थव्यवस्था पर सितंबर के अंत से और दबाव बढ़ गया है। उस समय संयुक्त राष्ट्र ने देश के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया, जिन्हें 10 साल पहले हटा लिया गया था। रविवार को जब ईरानी रियाल अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा, तो तेहरान के ग्रैंड बाज़ार के दुकानदारों ने हड़ताल की। इसके बाद कराज, हमेदान, क़ेश्म, मलार्ड, इस्फ़हान, केरमानशाह, शीराज़ और यज़्द जैसे शहरों में भी प्रदर्शन होते दिखे। बीबीसी के मुताबिक, कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस का इस्तेमाल करते हुए भी देखा गया। राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर लिखा कि उन्होंने गृह मंत्री को निर्देश दिया है कि वे प्रदर्शनकारियों के 'प्रतिनिधियों' से बातचीत करें, ताकि समस्याओं के समाधान और जिम्मेदारी से कार्रवाई के लिए कदम उठाए जा सकें।

# अमेरिकी रिपोर्ट ने चौंकाया : आतंकियों ने हरकत की तो अब भारत इस बार किसी की नहीं सुनेगा

**वाशिंगटन,01 जनवरी (एजेंसियां) ।**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में जो तबाही मचाई, उससे पूरी दुनिया दहशत में आ गई। हालात इतने गंभीर थे कि भारत ने जहां पाकिस्तान के तमाम एयरबेस ध्वस्त कर करीब 100 आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कह दिया कि अभी ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है। बल्कि 'ऑपरेशन सिंदूर 2.0' लॉन्च कर दिया है। अब अमेरिका से आई एक रिपोर्ट ने संकेत दिए है कि पाकिस्तान के 30 आतंकी भारत में घुसने और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। आशंका ये भी जताई गई है कि यदि आतंकियों ने भारत में कोई बड़ी वारदात की तो अंजाम अकल्पनीय होगा और भारत फिर किसी की नहीं सुनेगा।



अमेरिकी थिंक टैंक के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच 2026 में एक और जबरदस्त सैन्य टकराव की तगड़ी संभावना दिख रही है। सीएफआर ने अपनी रिपोर्ट में भारत-पाकिस्तान युद्ध को मध्यम संभावना की लिस्ट में रखा है। अमेरिकी विशेषज्ञों ने इसके पीछे की वजह भी बताई है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि सीमा पार से बढ़ रही आतंकी घुसपैठ की वजह से भारत के सब्र का बांध टूट सकता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ठंड के मौसम में भी जम्मू क्षेत्र में कम से कम 30 पाकिस्तानी आतंकवादी एक्टिव हो गए हैं। खुफिया इनपुट के हवाले से दी गई जानकारी के मुताबिक ये आतंकवादी किसी बड़े हमले की तैयारी में हैं। अगर ऐसा हुआ तो भारत का गुस्सा पहले से भी काफी ज्यादा घातक हो सकता है।

भारत और पाकिस्तान के रिश्तों के लिए साल 2025 बेहद तनावपूर्ण रहा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकियों की मौत से बिलबिलाए पाकिस्तान ने भी भारत के बॉर्डर पर अटैक करने की कोशिश की लेकिन हर बार की तरह फुस्स साबित हुआ। पीएम मोदी ने ऐलान कर दिया कि पानी और खून साथ नहीं बह सकता इसलिए 'सिंधु नदी समझौते' को रद्द कर दिया। अब पानी की कमी से पाकिस्तान बार-बार तिलमिला उठता है। ऐसे हालात के बीच अमेरिकी थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) की एक रिपोर्ट ने साउथ एशिया में एक और बवाल की चेतावनी देदी है। बता दें कि मई 2025 का में भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिनों के लिए मिनी-वार छिड़ गई थी, जिसमें पाकिस्तान के सारे हथियार और पैंतरे फेल हो गए थे। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देते हुए भारतीय वायुसेना और स्पेशल फोर्सेस ने पीओके और पाकिस्तान के भीतर घुसकर आतंकी ढांचों को नेस्तनाबूद कर दिया। बाद में पाकिस्तान के डीजीएमओ के युद्धविराम भीख मांगनी पड़ी थी।

बता दें कि भारत का गुस्सा अभी थमा नहीं है और पाकिस्तान बार बार उकसाने में लगा हुआ है, कभी आतंकी भेजता है तो कभी बार्डर पर सीजफायर का उल्लंघन करता है। ऐसे में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है कि यदि पाकिस्तान ने कोई हरकत की तो भारत पाकिस्तान को मटियामेट करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

### जापान के संसद भवन में महिलाओं के लिए अधिक टॉयलेट की मांग

**टोक्यो।** जापान में लगभग 60 महिला सांसद, जिनमें प्रधानमंत्री साने ताकाइची भी शामिल हैं, ने संसद भवन में महिलाओं के लिए अधिक टॉयलेट की मांग की है. यह मामला छोटा लगता है, लेकिन असल में यह जेंडर असमानता की बड़ी तस्वीर को दिखाता है. संसद भवन में लंबे समय से महिलाओं के लिए सुविधाओं की कमी रही है, और अब सांसदों ने इस पर आवाज उठाई है लंबी कतारों से रोजमर्रा की परेशानी नीचे सदन में 73 महिला सांसदों के लिए केवल एक टॉयलेट है, जिसमें सिर्फ दो बाथरूम क्यूबिकल हैं. मुख्य हॉल के पास यह व्यवस्था होने के कारण हर दिन लंबे समय तक कतारें लगती हैं जापान का नेशनल डाइट भवन 1936 में बना था. उस समय महिलाओं को वोट देने का अधिकार तक नहीं मिला था (1945 में महिलाओं को मताधिकार मिला). इसलिए भवन का डिजाइन उस समय की जरूरतों के हिसाब से था. आज स्थिति यह है कि नीचे सदन में पुरुषों के लिए 12 टॉयलेट में 67 क्यूबिकल हैं, जबकि महिलाओं के लिए केवल 9 टॉयलेट में 22 क्यूबिकल हैं जापान में जेंडर गैप अब भी बड़ा है. विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट के अनुसार, जापान इस साल 148 देशों में से 118वें स्थान पर है. महिलाओं का प्रतिनिधित्व न केवल राजनीति में बल्कि व्यापार और मीडिया में भी कम है. नीचे सदन में 465 सांसदों में 72 महिलाएं हैं (पिछली संसद में 45 थीं), और ऊपर सदन में 248 में से 74 महिलाएं हैं. सरकार का लक्ष्य है कि कम से कम 30% सीटें महिलाओं के लिए हों।

# अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए का खुलासा-यूक्रेन ने पुतिन के आवास को निशाना नहीं बनाया



**वाशिंगटन,01 जनवरी (एजेंसियां) ।**

**अमेरिका की खुफिया संस्था सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) ने खुलासा किया है कि यूक्रेन ने ड्रोन हमले में पुतिन के आवास को निशाना नहीं बनाया। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि सीआईए ने क्रेमलिन के दावे के बाद सच पता लगाने के लिए यूक्रेन ड्रोन हमले का आकलन किया।**

इसमें कहा गया है कि यूक्रेन ने अपने देश के उत्तर में हाल ही में हुए ड्रोन हमले में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के इस्तेमाल किए जाने वाले आवास को निशाना नहीं बनाया । यह आकलन सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन कॉल पर रूसी नेता के किए गए दावे को गलत साबित करती है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि सीआईए डायरेक्टर जॉन रैटक्लिफ ने बुधवार को ट्रंप को इस आकलन के बारे में जानकारी दी।

उल्लेखनीय है, रूस ने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया था कि यूक्रेन ने सोमवार को पुतिन के घर पर हमला करने की कोशिश की। इसके बाद ट्रंप ने पत्रकारों से कहा था कि वह यूक्रेन की इस कार्रवाई से परेशान हैं। हालांकि यूक्रेन ने इस तरह के किसी भी हमले के पीछे होने से इनकार किया था।

सूत्रों ने बताया कि रैटक्लिफ ने ट्रंप को बताया कि सीआईए को इस पर यकीन नहीं था। कि यह सच है। ट्रंप ने बुधवार को ट्रुथ सोशल पर न्यूयॉर्क पोस्ट के एक संपादकीय का लिंक पोस्ट किया, जिसका शीर्षक था, 'पुतिन का 'हमले' का दिखावा दिखाता है और रूस ही शांति के रास्ते में रुकावट बन रहा है।' क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा है कि वह कोई सबूत नहीं दे सकते। मीडिया को क्रेमलिन की बात पर यकीन करना चाहिए। सीआईए ने क्रेमलिन के दावे पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया है।

## बैंक से 290 करोड़ की चोरी



**बर्लिन।** जर्मनी के गेल्सेंकिर्चेन शहर में स्थित स्पार्कस बैंक में 290 करोड़ रुपए की चोरी की गई। चोरों ने बैंक की पार्किंग गैरेज की दीवार में बड़ा छेद किया और सीधे तिजोरी तक पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने 3,250 से ज्यादा सेफ डिपॉजिट लॉकर तोड़ डाले और उनमें रखी नकदी और कीमती गहने लेकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, चोरों ने इस वारदात को क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान अंजाम दिया, जब ज्यादातर दुकानें और ऑफिस बंद थे। माना जा रहा है कि अपराधियों ने इस समय को जानबूझकर चुना ताकि किसी को शक न हो और इलाके में आवाजाही भी कम रहे।

# नए साल 2026 के स्वागत जश्न के बीच बाबा वेंगा की भविष्यवाणियों की भी चर्चाएं

**वैश्विक संघर्ष से लेकर एआई तक से पूरी दुनिया में उथल-पुथल के किए दावे**

**लंदन,01 जनवरी (एजेंसियां) ।**

नया साल 2026 का स्वागत करने को पूरी दुनिया तैयार है। इसी बीच एक बार फिर बुल्गारिया की चर्चित बाबा वेंगा को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया और सोशल मीडिया पर उनके नाम से जुड़ी भविष्यवाणियां वायरल हो रही हैं। वेंगलिया पांडेवा गुश्तेरोवा, जिन्हें 'बाल्कन की नास्त्रेदमस' भी कहा जाता है का निधन 1996 में हो चुका है, लेकिन उनके कथित दावों को आज भी वैश्विक घटनाओं से जोड़कर देखा जाता है। हालांकि बाबा वेंगा की भविष्यवाणियों का कोई आधिकारिक लिखित रिकॉर्ड मौजूद नहीं है, फिर भी अनुयायियों और कई रिपोर्ट्स के आधार पर 2026 को लेकर कई चौंकाने वाले दावे सामने आए हैं।



इन दावों में सबसे डरावना संकेत एक बड़े वैश्विक संघर्ष को लेकर है। कहा जाता है कि 2026 में अमेरिका, रूस और चीन जैसी महाशक्तियों के बीच तनाव खतरनाक स्तर तक होगा। ताइवान विवाद, रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी देशों व पूर्वी गुटों के बीच बढ़ती टकराव की स्थिति को इससे जोड़कर देखा जा रहा है। दावा है कि यह संघर्ष सीमित न रहकर लंबे समय तक चलने वाली वैश्विक अस्थिरता का रूप ले सकता है, जिसका असर कई देशों पर पड़ेगा।

भू-राजनीति के लिहाज से 2026 को बदलाव का साल बताया जाता है। कथित भविष्यवाणियों के मुताबिक वैश्विक शक्ति संतुलन पश्चिम से खिसककर एशिया की ओर बढ़ सकता है। विशेष रूप से चीन के राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव में तेज़ बढ़ोतरी की बात कही जा रही है, जिससे अमेरिका और यूरोपीय देशों की चुनौती बढ़ सकती है। यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय नीतियों और वैश्विक नेतृत्व की दिशा को पूरी तरह बदल सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक आर्थिक मोर्चे पर भी 2026 को लेकर चिंताजनक तस्वीर पेश की जाती है। दावों में बैंकिंग संकट, मुद्रा अवमूल्यन, शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव और महंगाई के बढ़ते दबाव का जिक्र है। कहा जाता है कि 2025 में शुरू हुई आर्थिक परेशानियां 2026 तक और गहरी हो सकती हैं, जिससे आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा असर पड़ेगा और वैश्विक अर्थव्यवस्था लंबे समय तक अस्थिर रह सकती हैं।

प्राकृतिक आपदाओं को लेकर बाबा वेंगा से जुड़ी भविष्यवाणियां लोगों में डर पैदा करती हैं। दावा किया जाता है कि 2026 में भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट, बाढ़ और मौसम की घटनाओं में असामान्य वृद्धि होगी। कुछ रिपोर्ट्स में तो यहां तक कहा गया है कि इन आपदाओं से धरती का 7 से 8 फीसदी भूगोल बदल सकता है। हालांकि वैज्ञानिक इन घटनाओं को जलवायु परिवर्तन से जोड़ते हैं, लेकिन भविष्यवाणियों की ये व्याख्याएं चिंता को और बढ़ा रही हैं। तकनीक के क्षेत्र में भी 2026 को निर्णायक साल बताया जा रहा है। दावा है कि एआई इतनी तेज़ी से आगे बढ़ेगा कि मानव नियंत्रण और नैतिकता पर सवाल खड़े हो सकते हैं। मशीनों पर बढ़ती निर्भरता, निर्णय लेने की शक्ति और रोजगार पर असर जैसे मुद्दे गंभीर बहस का विषय बन सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कुछ व्याख्याओं में रूस समेत कई देशों में राजनीतिक उथल-पुथल और नेतृत्व परिवर्तन के संकेत भी दिए गए हैं। खास तौर पर रूस में बड़े बदलाव की बात कही जाती रही है, जिसका असर यूक्रेन संकट और वैश्विक राजनीति पर पड़ सकता है।

# ताइवान-चीन युद्ध की आहटः ड्रैगन सेना की ऐतिहासिक घेराबंदी और टोटल वॉर की चेतावनी

**ताइपे,01 जनवरी (एजेंसियां) ।**

साल 2026 की शुरुआत दुनिया के लिए नए साल के जश्न के बजाय एक भीषण सैन्य टकराव की आशंका लेकर आया है। जब पूरी दुनिया नए साल के स्वागत की तैयारी कर रही थी, तब ताइवान की सरहद पर बारूद की गंध और लड़ाकू विमानों की गर्जना ने शांति को भंग कर दिया। बीजिंग से आए एक कड़े सैन्य आदेश के बाद चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने ताइवान द्वीप को चारों तरफ से घेरना शुरू कर दिया है। ड्रैगन ने इस घेराबंदी में अपने सबसे घातक स्टील्थ फाइटर जेट्स, परमाणु बमवर्षक और विशाल युद्धपोतों को तैनात कर दिया है, जिसे विशेषज्ञ एक खौफनाक जंग की रिहर्सल मान रहे हैं। चीन ने पिछले 24 घंटों के भीतर ताइवान के एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन में अपनी शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के 130 से अधिक लड़ाकू विमानों ने ताइवान की हवाई सीमा को चुनौती दी। इस बेड़े



में चीन के सबसे आधुनिक जे-20 स्टील्थ फाइटर और परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बमवर्षक विमान शामिल थे। आसमान के साथ-साथ समंदर में भी स्थिति बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है। चीन ने ताइवान की आर्थिक लाइफलाइन माने जाने वाले दो सबसे बड़े बंदरगाहों—कीलुंग और काओशुंग—की पूरी तरह से नाकाबंदी कर दी है। चीनी कोस्ट गार्ड के विशाल जहाज ताइवान के गश्ती जहाजों के अत्यंत करीब पहुंच गए हैं, जिससे किसी भी समय सीधी भिड़ंत का खतरा पैदा हो गया है।

चीन की इस आक्रामकता के जवाब में ताइवान ने भी पीछे हटने के संकेत नहीं दिए हैं। जैसे ही चीनी विमानों ने सीमा लांघने की कोशिश की, ताइवान के मिराज 2000 लड़ाकू विमानों ने सिंचू एयर बेस से हुंकार भरते हुए उड़ान भरी। ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने अपनी मिसाइल प्रणालियों को एक्टिव मोड पर डालते हुए चीन को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि चीनी सेना ने उनकी 12 नॉटिकल मील की समुद्री सीमा को पार करने की जुर्रत की, तो इसका अंजाम टोटल वॉर (पूर्ण युद्ध) होगा। ताइवान के प्रमुख शहरों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास शुरू कर दिए गए हैं, जहां लोग मेट्रो स्टेशनों और बंकरों में छिपने की प्रैक्टिस कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि साल के अंत में चीन के इस गुस्से के पीछे ताइवान और अमेरिका के बीच हुई एक बड़ी सैन्य डील है। ताइवान ने हाल ही में अमेरिका के साथ 11.1 अरब डॉलर के अत्याधुनिक ड्रोन और मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदने का समझौता किया है, जिसने बीजिंग को बुरी तरह उकसा दिया है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने भी चौंकाने वाला दावा किया है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी सेना को 2027 तक ताइवान पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने का गुप्त अल्टीमेटम दिया है और वर्तमान सैन्य अभ्यास उसी बड़े मिशन का हिस्सा हो सकता है।

दूसरी ओर, ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा है कि ताइवान कभी भी चीन का हिस्सा नहीं बनेगा। बीजिंग की लाइव फायर ड्रिल और तोपखाने की तैनाती ने संकेत दिए हैं कि नया साल शुरू होते ही एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तनाव का एक नया और खतरनाक अध्याय शुरू हो सकता है। पूरी दुनिया इस समय सांसें थामकर देख रही है कि क्या ड्रैगन का यह अभ्यास केवल एक शक्ति प्रदर्शन है या किसी बड़े सरप्राइज अटैक की भूमिका।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लॉन्च किया 'स्किल द नेशन' चैलेंज
## एआई को बताया युवा भारत के लिए बड़ा अवसर



**नई दिल्ली,01 जनवरी (एजेंसियां)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन कल्चरल सेंटर में एक विशेष कार्यक्रम में 'स्किल द नेशन' चैलेंज लॉन्च किया। यह अभियान युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने वाले स्किल प्रोग्राम्स में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने का उद्देश्य रखता है। इस मौके पर राष्ट्रपति ने ओडिशा के रायरांगपुर में इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी के रीजनल सेंटर का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। यह सेंटर उत्तरी ओडिशा में स्किल आधारित शिक्षा और ट्रेनिंग को मजबूत बनाएगा, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कार्यक्रम कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था। यह स्किल इंडिया मिशन के तहत एसओएआर (स्किलिंग फॉर एआई रेडीनेस) पहल का हिस्सा है, जो भारत के वर्कफोर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वाले भविष्य के लिए तैयार करने पर जोर देता है। राष्ट्रपति ने कार्यक्रम में छात्रों और संसद सदस्यों समेत कई लोगों को एआई से जुड़े सर्टिफिकेट भी प्रदान किए।सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दुनियाभर में अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को नया रूप दे रहा है। यह सीखने, काम करने और सेवाओं तक पहुंचने के तरीकों को बदल रहा है। भारत जैसे युवा देश के लिए एआई सिर्फ एक तकनीक नहीं, बल्कि बड़ा अवसर है।

उन्होंने जोर दिया कि भारत का दृष्टिकोण हमेशा से यही रहा है कि तकनीक लोगों को मजबूत बनाए। सभी को साथ लेकर चले और हर किसी के लिए मौके बढ़ाए। एआई का उपयोग सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी दूरी को कम करने में होना चाहिए। इसके फायदे हर उम्र और पृष्ठभूमि के लोगों तक पहुंचने चाहिए, खासकर हाशिए पर रहने वाले समुदायों तक।राष्ट्रपति को खुशी हुई कि छात्र खुद को अवसरों से भरे भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि तकनीक, ज्ञान और कौशल का इस्तेमाल समाज की सेवा, चुनौतियों के समाधान और दूसरों को सशक्त बनाने में करें। उन्होंने उन संसद सदस्यों की तारीफ की जिन्होंने एआई लर्निंग मॉड्यूल पूरा किया। यह सीखकर उन्होंने नेतृत्व का अच्छा उदाहरण पेश किया है।राष्ट्रपति ने बताया कि एआई भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण ग्रोथ ड्राइवर बन रहा है। आने वाले समय में यह जीडीपी, रोजगार और उत्पादकता में बड़ी भूमिका निभाएगा। डेटा साइंस, एआई इंजीनियरिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसे कौशल देश के एआई टैलेंट को मजबूत बनाने में अहम होंगे। सरकार संस्थानों, इंडस्ट्री और एकेडेमिया के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि भारत तकनीक को अपनाए और जिम्मेदार भविष्य बनाए।राष्ट्रपति ने सभी से विकसित भारत बनाने के लिए मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार भारत को ज्ञान महाशक्ति बनाना है और एक तकनीक आधारित, समावेशी तथा समृद्ध देश बनाना है।

# आंकड़ों में अंतर होगा तो एसआईआर का मतलब क्या हुआ : अखिलेश यादव

**लखनऊ,01 जनवरी (एजेंसियां)।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के उस बयान पर निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रदेश में चार करोड़ वोटर कट गए हैं। अखिलेश यादव ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सीएम ने ही अधिकारियों को अपनी मनमानी के हिसाब से काम करने का आदेश दिया था। समाजवादी पार्टी के प्रमुख ने कहा कि चुनाव आयोग और जो कंपनियां इस पूरी प्रक्रिया में जुटी हुई हैं, वे इस मामले का संज्ञान लें और इसे पूरी निष्पक्षता के साथ देखें। मौजूदा समय में इस संबंध में जो भी आंकड़े प्रकाश में आ रहे हैं, उन्हें देखते हुए अधिकारियों को अपनी विश्वसनीयता की कसौटी पर खरा उतरना होगा।



अखिलेश यादव ने कहा कि अगर आंकड़ों में फर्क आएगा, तो इसे लेकर कई तरह के गंभीर सवाल उठेंगे। जाहिर सी बात है कि अगर आंकड़ों में फर्क आएगा, तो चुनाव आयोग कहेगा कि फिर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का मतलब ही क्या रह गया।उन्होंने आशंका जाहिर की कि अगर आंकड़ों में अंतर पैदा होगा तो इस सवाल का उठना लाजिमी है कि कहीं इस प्रक्रिया में शामिल लोग मिलकर के किसी प्रकार की हेराफेरी की साजिश तो नहीं रच रहे हैं।समाजवादी पार्टी के प्रमुख ने पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की जीत का दावा किया। उन्होंने भाजपा पर बंगाल में राजनीतिक स्थिति को साजिशन अपने पक्ष में करने का आरोप लगाया और कहा कि इन सब हथकंडों से उसे कोई फायदा होने वाला नहीं है।उन्होंने दावा किया कि 2027 के आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में हमारी सरकार बनने जा रही है। इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए। आगामी चुनाव में जीत का खाता हमारे पार्टी के कार्यकर्ता तैयार कर चुके हैं, जिसे जल्द ही वो जमीन पर उतारेंगे। इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही पार्टी कार्यकर्ता स्वीकार नहीं करेंगे।अखिलेश यादव ने कहा कि यह कहना गलत नहीं होगा कि आगामी चुनाव में हमारी पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश में जीत का परचम लहराने जा रहे हैं। इसमें किसी को भी कोई शक नहीं होना चाहिए। हमें पूरा विश्वास है कि हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत आने वाले दिनों में रंग लाने वाली है।

# दिल्ली में ईडी की बड़ी कार्रवाई, करोड़ों की नकदी, सोना और दस्तावेज जब्त

**नई दिल्ली,01 जनवरी (एजेंसियां)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दक्षिण दिल्ली के सर्वप्रिय विहार में तलाशी अभियान चलाया था और 5.12 करोड़ रुपए नकद, 8.8 करोड़ रुपए के सोने और हीरे के गहने तथा 35 करोड़ रुपए की संपत्ति से जुड़े दस्तावेज जब्त किए थे। अब केंद्रीय जांच एजेंसी ने वेस्टएंड ग्रीन फार्म्स में सुनील गुप्ता के घर और फार्महाउस पर भी सर्च अभियान चलाया। यह सर्च अभियान 30 दिसंबर को शुरू हुआ था, जो सुनील गुप्ता के ठिकानों पर अभी भी चल रहा है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सुनील गुप्ता ने पहले अमन कुमार को ऋण दिया था, जो इंदरजीत सिंह का साथी है। ईडी की जांच के बाद अमन कुमार ने सुनील गुप्ता को बड़ी रकम स्थानांतरित कर अपराध की आय को छिपाने की कोशिश की थी।वेस्टएंड ग्रीन फार्म्स में सुनील गुप्ता के ठिकानों से अब तक 1.22 करोड़ रुपए नकद और लगभग 8.50 करोड़ रुपए के गहने जब्त किए जा चुके हैं।



इससे पहले ईडी ने बताया था कि इंदरजीत सिंह यादव, उसके सहयोगियों, अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड तथा उससे जुड़ी अन्य संस्थाओं/व्यक्तियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी अभियान चलाया गया था।

ईडी की जांच के अनुसार, इंदरजीत सिंह यादव पर अवैध वसूली, निजी फाइनेंसरों से जबरन ऋण निपटान, हथियारों के दम पर धमकी देने और इन गैरकानूनी गतिविधियों से कमीशन कमाने के आरोप हैं। इसी सिलसिले में धन शोधन की जांच शुरू की गई थी।

यह जांच हरियाणा और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज 15 से अधिक एफआईआर और दाखिल चार्जशीटों के आधार पर शुरू की गई है। ये मामले शस्त्र अधिनियम 1959, बीएनएस 2023 और भारतीय दंड संहिता 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत इंदरजीत सिंह यादव और उसके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज हैं।

30 दिसंबर को नई दिल्ली के सर्वप्रिय विहार स्थित अमन कुमार, जिसे इंदरजीत सिंह यादव का सहयोगी बताया जा रहा है, उससे जुड़े एक ठिकाने पर की गई तलाशी के दौरान ईडी को बड़ी बरामदगी हाथ लगी।

# केवल कर्ज के आंकड़ों से आर्थिक मजबूती नहीं आंकी जा सकती : तमिलनाडु के बचाव में पी. चिदंबरम

**चेन्नई,01 जनवरी (एजेंसियां)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने गुरुवार को कहा कि किसी राज्य की आर्थिक स्थिति का आकलन केवल उसके कुल कर्ज के आधार पर करना मूल रूप से गलत है, क्योंकि इससे व्यापक आर्थिक वास्तविकताओं की अनदेखी होती है। नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ जारी एक बयान में चिदंबरम ने कहा कि सार्वजनिक कर्ज में बढ़ोतरी एक वैश्विक प्रवृत्ति है और इसका इस्तेमाल चुनिंदा रूप से तमिलनाडु जैसे राज्यों की आलोचना के लिए नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, फ्रांस और कनाडा जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं में भी हर साल कुल सार्वजनिक कर्ज बढ़ रहा है।



चिदंबरम ने कहा, भारत में भी यही स्थिति है। देश का कुल कर्ज और सभी राज्यों का संयुक्त कर्ज हर वर्ष बढ़ता है। यह अपने आप में असामान्य नहीं है।पूर्व वित्त मंत्री के अनुसार, किसी राज्य की वित्तीय सेहत का सही पैमाना कुल कर्ज की राशि नहीं, बल्कि कर्ज और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का अनुपात है।उन्होंने कहा, यही स्वीकार्य और सार्थक मापदंड है, और जोड़ा कि तमिलनाडु का कर्ज-से-जीएसडीपी अनुपात 2021-22 से 2025-26 तक स्थिर बना हुआ है।

चिदंबरम ने आगे कहा कि वित्तीय अनुमानों के अनुसार राज्य का राजकोषीय घाटा लगातार कम हो रहा है और तमिलनाडु के 2025-26 तक नीति आयोग के तीन प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल करने की उम्मीद है।उन्होंने कहा, यह एक सराहनीय उपलब्धि है और जिम्मेदार वित्तीय प्रबंधन को दर्शाती है।हालांकि उन्होंने यह भी माना कि वित्तीय प्रशासन में हमेशा सुधार की गुंजाइश रहती है, लेकिन तमिलनाडु की तुलना उत्तर प्रदेश से किए जाने को उन्होंने भ्रामक और अनुचित बताया। उनका कहना था कि दोनों राज्यों की आर्थिक संरचना, राजस्व आधार और विकास की दिशा अलग-अलग है।

चिदंबरम की यह टिप्पणी कांग्रेस नेता और डेटा विश्लेषक प्रवीण चक्रवर्ती के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने तमिलनाडु के बढ़ते कर्ज की तुलना उत्तर प्रदेश से की थी। इस पर डीएमके की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई थी, जिसके बाद चिदंबरम ने पार्टी का रुख स्पष्ट करने और इंडिया गठबंधन के भीतर तनाव कम करने के लिए हस्तक्षेप किया।

# पीएम मोदी राजकोट में 11 को करेंगे रीजनल वाइब्रेंट समिट का शुभारंभ : जीतू वाघाणी

**राजकोट,01 जनवरी (एजेंसियां)।** सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र के औद्योगिक और आर्थिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से 11 जनवरी से राजकोट में रीजनल वाइब्रेंट समिट का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस समिट की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। गुजरात के मंत्री जीतू वाघाणी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में रोड शो की योजना बनाई जा रही है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पूरे सौराष्ट्र क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और लोग उनके स्वागत के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मारवाड़ी यूनिवर्सिटी में आयोजित ट्रेड शो का भी उद्घाटन करेंगे। इस वाइब्रेंट समिट में यूक्रेन, जापान, रिपब्लिक ऑफ कोरिया सहित कई देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। समिट के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में करोड़ों रुपए के एमओयू किए जाएंगे, जिससे सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में निवेश, रोजगार और औद्योगिक विकास को मजबूती मिलेगी। यह समिट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और विकास दृष्टि पर लोगों के विश्वास को भी दर्शाता है।



समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत स्वदेशी थीम पर किया जाएगा, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय उत्पादों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। अब तक इस वाइब्रेंट समिट के लिए 6 हजार से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं, जबकि 22 देशों के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके अलावा समिट के दौरान विभिन्न विषयों पर राउंड टेबल बैठकें भी आयोजित की जाएंगी, जिनमें उद्योग, व्यापार और निवेश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।प्रदर्शनी को आकर्षक बनाने के लिए सेमिनार, फूड कोर्ट, 'एक जिला-एक उत्पाद' की झलक और कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अदाणी और रिलायंस जैसी देश की प्रमुख औद्योगिक कंपनियां भी इस समिट में हिस्सा लेंगी।

इसके माध्यम से सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र की ब्रांडिंग को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देने के लिए कई विशेष आयोजन किए जाएंगे। कुल मिलाकर यह समिट सौराष्ट्र-कच्छ को निवेश और विकास के नए केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होने जा रही है।

# साल के पहले दिन जख्मी और बीमार सैनिकों से मिलने अस्पताल पहुंचे सेनाध्यक्ष



**नई दिल्ली,01 जनवरी (एजेंसियां)।** नववर्ष 2026 के पहले ही दिन थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भारतीय सेना के जवानों के बीच मौजूद रहे। नव वर्ष के अवसर पर थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने दिल्ली कैंट स्थित बेस हॉस्पिटल का दौरा किया। अपने इस विशेष अवलोकन के दौरान उन्होंने यहां उपचाराधीन सैन्य जवानों, अधीनस्थ अधिकारियों और पूर्व सैनिकों से मुलाकात की। सेनाध्यक्ष ने यहां इन सैनिकों के अदम्य साहस, जज्बे और हर परिस्थिति में लड़ने की भावना की सराहना की।

इसके साथ ही उन्होंने उपचार करा रहे सैनिकों व पूर्व सैनिकों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की। गौरतलब है कि दिल्ली कैंट स्थित बेस हॉस्पिटल देश के सबसे बड़े सैन्य अस्पतालों में शुमार है। जनरल द्विवेदी ने अस्पताल में तैनात सैन्य चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के समर्पण, पेशेवर उत्कृष्टता और कर्तव्यनिष्ठ सेवा की भी भरपूर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि चिकित्सा दल द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयास न केवल रोगियों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि यह भारतीय सेना की देखभाल एवं सेवा के उच्च मानकों को भी दर्शाते हैं।

# मध्य प्रदेश में इंदौर जैसी घटना की पुनरावृत्ति न हो : मुख्य सचिव

**भोपाल,01 जनवरी (एजेंसियां)।** मध्य प्रदेश में नए साल की शुरुआत होते ही प्रशासनिक कामकाज में कसावट लाने की कवायद तेज हो गई है। राज्य के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने इंदौर जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। राज्य के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने साल के पहले दिन वल्लभ भवन में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अपेक्षा की है कि वे 'विजन 2047 विकसित भारत' में मध्य प्रदेश के योगदान के दृष्टिगत कार्य-योजना बनाकर योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव जैन द्वारा बुलाई गई बैठक में इंदौर में प्रदूषित पानी पीने से हुई घटना की खास तौर पर चर्चा हुई। इस बैठक में उन्होंने इंदौर में हुई घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस तरह की घटनाओं की जानकारी मिलते ही संबंधित विभाग सक्रिय होकर राहत और बचाव कार्य अभिलंब शुरू करें। आम आदमी को कैसे तुरंत राहत प्रदान की जा सकती है, इस पर कार्य करें।उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस तरह की घटनाओं का समग्र परीक्षण और अध्ययन करें तथा ऐसी घटनाओं को भविष्य में होने से रोकने के लिए स्थानीय समाधान खोजें। उन्होंने 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के सूत्र को अपनाते हुए आम आदमी के जीवन तथा रोजगार व्यवसाय को आसान, सुगम और सरल बनाने के लिए नियम कानून में आवश्यक सुधार और बदलाव करने के लिए कहा है।

# शुभांशु शुक्ला से प्रेरित होकर युवा 2026 में 'विकसित भारत' की अगुवाई करेंगे : सीपी राधाकृष्णन

**नई दिल्ली,01 जनवरी (एजेंसियां)।** अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की वर्ष 2025 की अंतरिक्ष यात्रा की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि नए वर्ष में भारत के युवा, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में रचे-बसे हैं, देश को 'विकसित भारत2047' के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ाएंगे। नववर्ष 2026 के अवसर पर नागरिकों के नाम संदेश में उपराष्ट्रपति ने कहा, मैं भारत के युवाओं, जो राष्ट्र के भविष्य के संरक्षक हैं, से आह्वान करता हूं कि वे इस नए साल पर भारत माता के लिए पांच संकल्प लें। उन्होंने बताया कि ये संकल्प हैं- नशामुक्त जीवन अपनाना; राष्ट्र निर्माण और समावेशी विकास के लिए तकनीक का जिम्मेदारीपूर्ण और नैतिक उपयोग करना; सक्रिय जीवनशैली अपनाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना; संवैधानिक मूल्यों, अखंडता और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना; तथा राष्ट्र की प्रगति में निःस्वार्थ योगदान देना।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' ने अपने नागरिकों की रक्षा के लिए भारत के दृढ़ संकल्प को दर्शाया और आतंकवादियों व उनके संरक्षकों को यह स्पष्ट संदेश दिया कि न्याय और सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी तथा देश की संप्रभुता पर किसी भी खतरे का कड़ा जवाब दिया जाएगा।



उन्होंने कहा कि बीते वर्ष संसद ने ऐतिहासिक कानून पारित किए, जो 'विकसित भारत' की दिशा में देश की दृढ़ यात्रा को दर्शाते हैं। इस दौरान वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों पर भी व्यापक चर्चा हुई।

राधाकृष्णन ने बताया कि देश ने कई ऐतिहासिक अवसरों को भी श्रद्धापूर्वक मनाया, जिनमें गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस की 350वीं वर्षगांठ, भगवान बिरसा मुंडा और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती शामिल हैं।

उन्होंने वर्ष 2025 की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों ने उसे एक वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में और मजबूत किया है। इसरो के नेतृत्व में सफल स्पैडेक्स मिशन ने उपग्रह डॉकिंग क्षमता का प्रदर्शन किया, जबकि एलवीएम-3 एम6 प्रक्षेपण ने भारत की भारी-भार क्षमता को प्रदर्शित किया।

उन्होंने कहा, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक का मिशन, भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

खेल जगत में उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि 2025 भारत के लिए गौरवपूर्ण रहा। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती, जबकि महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। इसके अलावा भारत ने खो-खो विश्व कप में पुरुष और महिला दोनों खिताब अपने नाम किए।

इस बीच, उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन शुक्रवार से तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह, नागरिक अभिनंदन और वेल्लोर में एक मंदिर के स्वर्ण जयंती समारोह सहित कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

एक बयान के अनुसार, शुक्रवार को उपराष्ट्रपति चेन्नई स्थित डॉ. एमजीआर एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके बाद वे ताज कोरोमंडल में रामनाथ गोयनका साहित्य सम्मान समारोह में शामिल होंगे। शाम को वे चेन्नई के कलैवनार अरंगम में सार्वजनिक स्वागत समारोह और बाद में तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन में भाग लेंगे।

शनिवार को उपराष्ट्रपति वेल्लोर स्थित स्वर्ण मंदिर में श्री शक्ति अम्मा की 50वीं स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे। दोपहर में वे चेन्नई के त्रिप्लिकेन स्थित कलैवनार अरंगम में 9वें सिद्ध दिवस समारोह में भी भाग लेंगे।

# भगवान श्रीकृष्ण के आसान चमत्कारिक मंत्र

प्रस्तुत है श्रीकृष्ण के विभिन्न मंत्र। इन मंत्रों के जाप से सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। शुभता बढ़ाने व सुख प्रदान करने में ये मंत्र अत्यन्त प्रभावी माने जाते हैं। मंत्रों के लाभकारी प्रभावों का विवरण भी दिया जा रहा है।

**भगवान श्रीकृष्ण का मूलमंत्र :**

**'कृं कृष्णाय नमः'**

यह श्रीकृष्ण का मूलमंत्र है। इस मूलमंत्र का जाप अपना सुख चाहने वाले प्रत्येक मनुष्य को प्रातःकाल नित्यक्रिया व स्नानादि के पश्चात एक सौ आठ बार करना चाहिए। ऐसा करने वाले मनुष्य सभी बाधाओं एवं कष्टों से सदैव मुक्त रहते हैं।

**सप्तदशाक्षर श्रीकृष्णमहामंत्र :**

**'ऊ श्रीं नमः श्रीकृष्णाय परिपूर्णतमाय स्वाहा'**

यह श्रीकृष्ण का सप्तदशाक्षर महामंत्र है। इस मंत्र का पांच लाख जाप करने से यह मंत्र सिद्ध हो जाता है। जप के समय हवन का दशांश अभिषेक का दशांश तर्पण तथा तर्पण का दशांश मार्जन करने का विधान शास्त्रों में वर्णित है। जिस व्यक्ति को यह मंत्र सिद्ध हो जाता है उसे सबकुछ प्राप्त हो जाता है।



**सात अक्षरों वाला श्रीकृष्ण मंत्र :**

**'गोवल्लभाय स्वाहा'**

इस सात (7) अक्षरों वाले श्रीकृष्ण मंत्र का जाप जो भी साधक करता है उसे संपूर्ण सिद्धियों की प्राप्ति होती है।

**आठ अक्षरों वाला श्रीकृष्ण मंत्र :**

**'गोकुल नाथाय नमः'**

इस आठ (8) अक्षरों वाले श्रीकृष्णमंत्र का जो भी साधक जाप करता है उसकी सभी इच्छाएं व अभिलाषाएं पूर्ण होती हैं।

**दशाक्षर श्रीकृष्ण मंत्र :**

**'क्लीं ग्लौं क्लीं श्यामलांगाय नमः'**

यह दशाक्षर (10) मंत्र श्रीकृष्ण का है। इसका जो भी साधक जाप करता है उसे संपूर्ण सिद्धियों की प्राप्ति होती है।

**द्वादशाक्षर श्रीकृष्ण मंत्र :**

**'ॐ नमो भगवते श्रीगोविन्दाय'**

इस कृष्ण द्वादशाक्षर (12) मंत्र का जो भी साधक जाप करता है, उसे सबकुछ प्राप्त हो जाता है।

**बाईस अक्षरों वाला श्रीकृष्ण मंत्र :**

**'ऐं क्लीं कृष्णाय ह्रीं गोविंदाय श्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा ह्सों।'**

यह बाईस (22) अक्षरों वाला श्रीकृष्ण का मंत्र है। जो भी साधक इस मंत्र का जाप करता है उसे वागीशत्व की प्राप्ति होती है।

**तेईस अक्षरों वाला श्रीकृष्ण मंत्र :**

**'ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं श्रीकृष्णाय गोविंदाय गोपीजन वल्लभाय श्रीं श्रीं श्री'**

यह तेईस (23) अक्षरों वाला श्रीकृष्ण का मंत्र है। जो भी साधक इस मंत्र का जाप करता है उसकी सभी बाधाएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं।

**अट्ठाईस अक्षरों वाला श्रीकृष्ण मंत्र :**

**'ॐ नमो भगवते नन्दपुत्राय आनन्दवपुषे गोपीजनवल्लभाय स्वाहा'**

यह अट्ठाईस (28) अक्षरों वाला श्रीकृष्णमंत्र है। जो भी साधक इस मंत्र का जाप करता है उसको समस्त अभिष्ट वस्तुएं प्राप्त होती हैं।

**उन्तीस अक्षरों वाला श्रीकृष्ण मंत्र :**

**'लीलादंड गोपीजनसंसक्तदोर्दण्ड बालरूप मेघश्याम भगवन विष्णो स्वाहा।'**

यह उन्तीस (29) अक्षरों वाला श्रीकृष्णमंत्र है। इस श्रीकृष्णमंत्र का जो भी साधक एक लाख जप और घी, शकर तथा शहद में तिल व अक्षत को मिलाकर होम करते हैं, उन्हें स्थिर लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

**बत्तीस अक्षरों वाला श्रीकृष्ण मंत्र :**

**'नन्दपुत्राय श्यामलांगाय बालवपुषे कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा।'**

यह बत्तीस (32) अक्षरों वाला श्रीकृष्णमंत्र है। इस श्रीकृष्णमंत्र का जो भी साधक एक लाख बार जाप करता है तथा पायस, दुग्ध व शकर से निर्मित खीर द्वारा दशांश हवन करता है उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**तैंतीस अक्षरों वाला श्रीकृष्ण मंत्र :**

**'ॐ कृष्ण कृष्ण महाकृष्ण सर्वज्ञ त्वं प्रसीद मे। रमारमण विद्येश विद्यामाशु प्रयच्छ मे॥'**

यह तैंतीस (33) अक्षरों वाला श्रीकृष्णमंत्र है। इस श्रीकृष्णमंत्र का जो भी साधक जाप करता है उसे समस्त प्रकार की विद्याएं निःसंदेह प्राप्त होती हैं।

## रत्न ज्योतिष

## रत्नों से भगाएं रोग



**रत्न** का शाब्दिक अर्थ है 'श्रेष्ठ'। ये आभूषणों के रूप में तो हमारी शोभा बढ़ाते ही हैं, अनिष्ट ग्रहों को शांत कर विभिन्न रोगों का प्रभावी उपचार भी करते हैं। रत्नों में प्रकाश की किरणों के परावर्तन की अद्‌भुत क्षमता होती है। प्राचीन शास्त्रों के अनुसार रत्नों और उपरत्नों की कुल संख्या चौरासी मानी गई है। एक नजर प्रमुख रत्नों और उनके द्वारा किए जाने वाले रोगों के उपचारों पर।

**माणिक**- इसे धारण करने से हृदय रोग में लाभ होता है। नेत्र दोष, रक्त विकार, क्षय रोग को मिटा यह लाल रक्त कणिकाओं की वृद्धि करता है।

**मोती**- इसे धारण करने से मानसिक तनाव दूर होता है। क्रोध शांत होता है और उच्च रक्तचाप भी नियंत्रित रहता है।

**मूंगा**- इसे धारण करने से शिरारोग, शल्य क्रिया में उदर शुल, उन्माद आदि दूर होता है। यह रत्न गर्भपात की आशंका को भी दूर करता है।

**पन्ना**- इसे धारण करने से चर्म रोग में लाभ, वातदोष, हकलाना, दमा, तुतलाना, अपच आदि रोग दूर होते है। बुद्धि का विकास तेजी से होता है।

**पुखराज**- इसे यदि लड़कियां धारण करती हैं, तो उनका शीघ्र विवाह होता है। यकृत के रोग समेत संतानोत्पत्ति में सफलता दिलाता है ।

**हीरा**- इसे धारण करने से नपुंसकता, सूजन, मधुमेह, भगंदर दूर होता हैं। शुक्राणुओं का दोष दूर होता है। साथ ही भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है।

**नीलम**- इसे धारण करने से स्नायुदोष का नाश होता है। जोड़ों व पिंडलियों के दर्द समेत वायुरोग में लाभकारी सिद्ध होता है।

**गोमेद**- इसे धारण करने से मानसिक चिंताओं से मुक्ति समेत भ्रम का नाश होता है। पाचन तंत्र मजबूत होता है।

**लहसुनिया**- यह रत्न वायु गोला, पित्त नाशक भी है। यदि श्वसन नली में सूजन है, तो इसे धारण करने से आशातीत सफलता मिलती है।

**स्फटिक**- इसे हीरे का उपरत्न माना गया है, जिसकी तासीर ठंडी होती है। इसे धारण करने से शरीर की गर्मी नष्ट होती है। शारीरिक तथा मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है।

**ओपल**- पुरुषों को बल की प्राप्ति होती है।

**सुलेमानी**- इसे धारण करने से बच्चों को नजर नहीं लगती है। यह ऊपरी हवा के प्रभाव को भी खत्म करता है।

## वास्तुदोष से बचने के कुछ खास उपाय

**अगर** आप स्थानाभाव की वजह से रसोईघर को स्टोर अथवा भंडारण कक्ष के रूप में इस्तेमाल की योजना बना रहे हैं, तो ध्यान रखें ईशान व आग्नेय कोण के मध्य पूर्वी दीवार के पास के स्थान का उपयोग करें। चूल्हा या गैस आग्नेय कोण में ही रखें।

- वास्तुदोष से बचने के लिए ध्यान रखें कि दरवाजे व खिड़कियों की संख्या विषम न होने पाएं। इनकी संख्या सम यानी 2, 4, 6, 8 आदि रखें।
- घर में आंगन मध्य में ऊंचा तथा चारों ओर से नीचा होना चाहिए। यदि आपका आंगन वास्तु के अनुरूप न हो, तो उसे फौरन बताए गए तरीके से पूर्ण करवा लें। ध्यान रखें आंगन मध्य में नीचा व चारों ओर ऊंचा भूलकर भी न रखें।
- कोई भूखंड उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर विस्तृत हो तथा भवन का निर्माण उत्तरी भाग में हुआ हो तथा भूखंड का दक्षिणी भाग खाली पड़ा हो तो वास्तु में यह स्थिति अत्यंत दोषपूर्ण होती है।
- इस दोषपूर्ण स्थिति के चलते भूस्वामी को कष्टों तथा परेशानियों को झेलना पड़ता है। भूस्वामी को व्यापार में तथा कारोबार में हानि होती है। परिवार में तनाव का माहौल बना रहता है।
- इस स्थिति में वास्तु दोष से बचने के लिए भवन के दक्षिण-पश्चिम कोण यानी नैर्ऋत्य कोण में एक आउट हाउस को मुख्य भवन से ऊंचा बनवाएं और उसके फर्श को भी भवन के फर्श से ऊंचा रखें। आउट हाउस के दक्षिण या पश्चिम दिशा में कोई भी द्वार न रखें।
- कभी-कभी ऐसा भी होता है कि मुख्य द्वार के ठीक सामने अंदर कोई दीवार हो। पर फिर भी उस पर आईना न लगाएं और दीवार पर ऊपर से नीचे तक गहराई का आभास देने वाला कोई प्राकृतिक दृश्य चित्र लगाएं। यह जंगल में दूर-दूर तक दिखाई देने वाली सड़क का चित्र भी हो सकता है।
- मुख्य द्वार के सामने अंदर की तरफ आईना लगाना गलत है। ऐसा करने पर घर के अंदर प्रवेश करने वाली ऊर्जा परावर्तित होकर द्वार से बाहर निकल जाती है।

## बेहतर हस्ताक्षर से पाएं करियर में उन्नति



**अक्षर** व साइन सही कर व्यक्तित्व को आकर्षक बनाया जा सकता है। ग्राफोलॉजी व ग्राफोथैरेपी के जरिए आप अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी कम कर सकते हैं व करियर में भी तरक्की पा सकते हैं।


ग्राफोलॉजी शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है। 'ग्राफो' ग्रीक शब्द है जिसका अर्थ है लिखावट या राइटिंग और 'लॉजी' शब्द का अर्थ है विज्ञान की शाखा। 'सिगनेचर' का अर्थ है साइन ऑफ नेचर। अक्षर व हस्ताक्षर बदलकर व सुधारकर आप कई प्रकार से लाभान्वित हो सकते हैं। यह ग्राफोथैरेपी कहलाता है।

आजकल कई बड़ी कंपनियां अपने यहां ग्राफोलॉजिस्ट रखती हैं। ग्राफोलॉजिस्ट कर्मचारियों की लिखावट विश्लेषित करके मैनेजमेंट को सुझाव देते हैं। ये सुझाव संस्था के लाभ को बढ़ाने में सहायक होते हैं। यदि आप किसी संस्था में कार्य करते हैं या आपका स्वयं का व्यापार है तो आप साइन को अधिक दर्शनीय व सुघड़ बनाकर अपने क्षेत्र में तरक्की पा सकते हैं।

### कैसे हो आदर्श साइन :

- साइन अधिक से अधिक लंबे व सुस्पष्ट हो।
- आप हिन्दी में साइन करें या अंग्रेजी में, साइन का पहला अक्षर सबसे बड़ा, अलग व कलात्मक हो।
- साइन को लगभग 45 डिग्री का कोण बनाते हुए ऊपर की ओर जाते हुए होना चाहिए।
- जितनी लंबी साइन उतनी ही बराबर लंबी व समांतर लाइन साइन के नीचे अवश्य खींचें।
- साइन का कोई भी अक्षर नीचे वाली लाइन से न काटें।
- साइन करने के बाद या अंत में अनावश्यक बिन्दी न लगाएं।

# 14 माहेश्वरी खापों की कुलदेवी बधर माता का धाम आस्था का प्रमुख केंद्र







सोमानी, मर्दा, बागड़ी, छापरवाल, मक्कड़, गदिया सहित 14 माहेश्वरी खापों की कुलदेवी बधर माता राजस्थान के ताना गाँव के समीप कानरखेड़ा की पहाड़ी पर स्थित मंदिर में विराजमान हैं। यह प्राचीन शक्तिपीठ श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र माना जाता है।

### सड़क निर्माण से सुगम हुआ दर्शन मार्ग

यह मंदिर पहाड़ी पर स्थित होने के कारण पूर्व में यहाँ पहुँचने में काफी कठिनाई होती थी। बधर माता ट्रस्ट के निरंतर प्रयासों से चितौड़गढ़ के जिलाधिकारी द्वारा सीमेंट की पक्की सड़क का निर्माण कराया गया, जिससे भक्तों को कुलदेवी के दर्शन की सुगम सुविधा उपलब्ध हो सकी।

सड़क निर्माण के पश्चात संपूर्ण भारतवर्ष से आने वाले भक्तों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

कुलदेवी बधर माता का यह पावन धाम - विश्व प्रसिद्ध नाथद्वारा से लगभग 70 किलोमीटर, झीलों की नगरी उदयपुर के एयरपोर्ट से 50 किलोमीटर, कलियुग में भक्तों के सेठ सांवरिया सेठ मंदिर से मात्र 40 किलोमीटर तथा चितौड़गढ़ से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

### भक्त निवास का निर्माण, चैत्र नवरात्रि में होगा लोकार्पण

भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बधर माता ट्रस्ट द्वारा लगभग दो लाख वर्ग फुट भूमि पर अत्याधुनिक भक्त निवास का निर्माण किया जा रहा है।

प्रथम चरण में 32 कमरों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। सभी कमरे वातानुकूलित, फर्नीचर, टीवी, सोफा एवं सुसज्जित पलंग से युक्त हैं। आगामी चैत्र नवरात्रि में प्रथम चरण का लोकार्पण किया जाएगा।

### ट्रस्ट पदाधिकारियों के नेतृत्व में विकास कार्य

ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोमानी (संभाजीनगर) के नेतृत्व में- महासचिव मनमोहन बागड़ी (मुंबई), सह सचिव गोविंद सोमानी, उपाध्यक्ष गोविंदलाल गदिया (चितौड़), सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र सोमानी (कपासन), प्रचार मंत्री पूरण मर्दा, सह कोषाध्यक्ष सम्राट सोमानी (बारामती) तथा व्यवस्थापक ओमप्रकाश सोमानी चैत्र नवरात्रि में लोकार्पण के लिए प्रयत्नशील हैं। निकट भविष्य में वातानुकूलित हॉल एवं भव्य मंदिर निर्माण की भी योजना है।

### गोपाष्टमी पर होता है भव्य जागरण और महाप्रसादी

प्रति वर्ष दीपावली के पश्चात गोपाष्टमी के अवसर पर माताजी का भव्य जागरण आयोजित किया जाता है, जिसमें संपूर्ण भारतवर्ष से श्रद्धालु भाग लेते हैं। गोपाष्टमी के दिन कुलदेवी का जागरण तथा अगले दिन हवन एवं महाप्रसादी का आयोजन होता है। कुलदेवी बधर माता जी से संबंधित अधिक जानकारी के लिए सह सचिव गोविंद सोमानी से फ़ोन : 9394858498 पर संपर्क किया जा सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज के दिन काम जल्दी निपट जाएगा। किसी महत्वपूर्ण विषय में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। मित्रों के साथ बाहर जाकर सुखद पल बिताएंगे। कुछ आवश्यक वस्तुएँ लाभ दिला सकती हैं। कारोबारियों को जरूरी मुलाकात करनी पड़ सकती है। धन की स्थिति संतोषजनक रहेगी। परिवार के लिए समय निकालेंगे, उनकी सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।
उपाय: शिवजी के पंचाक्षर मंत्र का जप करें।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज व्यस्तता अधिक रहेगी, थकान भी महसूस होगी, लेकिन सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। मेहनत से धन अर्जित करेंगे। लंबे समय से अटके कार्य पूरे हो सकते हैं। नए समझौते या संबंध बनने के योग हैं। आगे बढ़ने के लिए कुछ बदलाव जरूरी होंगे। विवाह संबंधी मामलों में बाधा रह सकती है।
उपाय: दुर्गा जी के मंत्र का जप करें।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

आज कार्य सिद्ध होंगे और उत्साह बना रहेगा। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग बैठकों में भाग लेंगे। सम्मान और नई जिम्मेदारी मिल सकती है। जटिल समस्याओं का समाधान होगा। वित्तीय प्रयास सफल रहेंगे, पुराना भुगतान मिल सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कुछ लोगों के लिए प्रेम संबंध की शुरुआत संभव है।
सलाह: बच्चों के साथ शाम का समय अवश्य बिताएँ।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज हनुमान जी को चमेली के तेल का दीप प्रज्वलित करें, कार्य सफल होंगे। खर्च पर नियंत्रण रखें। दूर के रिश्तेदार से आया संदेश परिवार में उत्साह लाएगा।
उलझे काम सुलझेंगे। सोच में सकारात्मक बदलाव आएगा।
मित्रों से सहयोग मिलेगा। शाम तक कार्य पूर्ण होकर आप सुकून महसूस करेंगे।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

माता-पिता से जुड़े आवश्यक कार्य पहले पूरे करेंगे। किसी समारोह में जाने की योजना बन सकती है। ऑफिस का माहौल गंभीर रहेगा, बॉस की बात ध्यान से सुनें। थोड़ी आलस्य की स्थिति रहेगी। खान-पान संतुलित रखें। भावनात्मकता बढ़ सकती है।
उपाय: छोटी कन्या को दूध से बनी मिठाई दें।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज व्यापार में निवेश लाभकारी रहेगा। कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। खास लोगों से मुलाकात होगी। परेशानियाँ समाप्त होने के योग हैं। अधूरे कार्य पूरे होंगे। वरिष्ठ लोगों का सहयोग मिलेगा।
सलाह: काम से फुर्सत मिलते ही आराम करें, अतिरिक्त बोझ न लें।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

व्यापार के लिए समय अनुकूल है, साझेदारी भविष्य में लाभ देगी। नौकरी, परीक्षा या साक्षात्कार में सफलता मिलेगी। सामाजिक गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। परिवार में धार्मिक या शुभ आयोजन हो सकता है। लंबी यात्रा लाभकारी सिद्ध होगी।
उपाय: यात्रा से पहले दही का सेवन करें।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

छात्रों के लिए दिन सफलता भरा रहेगा, नए कोर्स में भी लाभ मिलेगा। ईमानदारी से किए गए प्रयास फल देंगे। वैवाहिक जीवन में रोजमर्रा की जरूरतों को लेकर तनाव संभव है। आज किसी अनजान व्यक्ति से सलाह न लें।
उपाय: मछलियों को आटा डालें, मानसिक शांति मिलेगी।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज धन लाभ के योग हैं, आय के स्रोत बढ़ेंगे। शाम को जीवनसाथी के साथ घूमने जाएँ, रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। नए लोगों से संपर्क लाभदायक रहेगा। छात्रों में प्रतियोगी भावना बढ़ेगी। करियर में तरक्की और व्यापार में मुनाफा होगा।
उपाय: लक्ष्मी जी को पद्मपुष्प अर्पित करें।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज व्यापार के लिए समय अनुकूल नहीं है। सोच-समझकर निवेश करें, कर्ज लेने से बचें। धन अटक सकता है। दिन की शुरुआत कमजोर रहेगी। अनावश्यक खर्च हो सकता है। पारिवारिक और रिश्तों में तनाव संभव है। विवाद से दूर रहें।
सलाह: हल्का भोजन करें, स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

परिवार के बच्चे मौसमी बीमारियों से परेशान हो सकते हैं। घर में गाय के गोबर का धूप जलाएँ। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। शत्रु मित्र बनकर आसपास हो सकते हैं, सावधान रहें। पेशेवर क्षेत्र में प्रशंसा और सामाजिक लोकप्रियता बढ़ेगी।
संकेत: शाम का समय मित्र के यहाँ बीतेगा।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

दिनचर्या में बदलाव उन्नति देगा। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा और समस्याओं से राहत मिलेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विवाद से बचें। बड़े समूह में भागीदारी लाभकारी रहेगी। लेन-देन के मामले सुलझेंगे। नए व्यापारिक अनुबंध संभव हैं।
सलाह: फिलहाल यात्रा टालें। छात्रों को सफलता मिलेगी, शिक्षकों का सहयोग

## आज का पंचांग

दिनांक : 02 जनवरी 2026 , शुक्रवार
विक्रम संवत : 2082
मास : पोष , शुक्ल पक्ष
तिथि : चतुर्दशी सायं 06:55 तक
नक्षत्र : मृगशिरा रात्रि 08:04 तक
योग : शुक्ल दोपहर 01:06 तक
करण : गर प्रात: 08:39 तक
चन्द्रराशि : वृषभ प्रात: 09:26 तक
सूर्योदय : 06:46, सूर्यास्त 05:53 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:42, सूर्यास्त 06:05 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:35, सूर्यास्त 05:56 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:36, सूर्यास्त 05:46 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
चंचल : 06:00 से 07:30
लाभ : 07:30 से 09:00
अमृत : 09:00 से 10:30
शुभ : 12:00 से 01:30
राहुकाल : प्रात: 10:30 से 12:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : दूध पीकर यात्रा करें दिन विशेष : भद्रा रात्रि 06:54 से उत्तर रात्रि 05:13 तक , धनुर्मास चालू कर, शुक्र तारा अस्त है


* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *



पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# भाजपा ने राजस्थान महिला मोर्चा की कमान राखी राठौड़ को सौंपी



**जयपुर, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश महिला मोर्चा की कमान राखी राठौड़ को सौंपी है। नए साल की पहली तारीख यानी 1 जनवरी, गुरुवार को प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की ओर से इसकी घोषणा की गई। प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार जयपुर जिले से राखी राठौड़ को बीजेपी राजस्थान प्रदेश महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।राखी राठौड़, राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की युवा नेता और प्रखर वक्ता हैं।

प्रदेश संगठन में भूमिका निभाने से पहले राखी राठौड़ को राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए गठित भाजपा की प्रदेश संकल्प समिति में सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इस समिति के जरिए पार्टी ने अपने चुनावी एजेंडे को अंतिम रूप दिया था। इन नियुक्तियों से पहले ही राखी राठौड़ जयपुर से भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता के रूप में सक्रिय थीं और संगठन की ओर से लगातार मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर पक्ष रखती रही थीं। ईरान की इकोनॉमी रसातल में, पाताल में करेंसी, महंगाई, प्रतिबंध और गुस्से की आग में जल जाएगी इस्लामिक सरकार?लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा की जीत में सबसे बड़ा रोड़ा राखी राठौड़ बनी थीं। यूं तो कर्नल राठौड़ वर्तमान में झोटवाड़ा से विधायक थे और भजनलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री भी थे। वे दो बार झोटवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद भी रह चुके थे, लेकिन भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राखी राठौड़ ने इस चुनाव में बेहतरीन काम किया।पहले लोकसभा चुनाव की दावेदारी कर रही थीं, लेकिन पार्टी ने जब राव राजेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाया तो राखी राठौड़ ने विरोध करने के बजाय पार्टी प्रत्याशी का समर्थन किया और झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में जुट गईं।झोटवाड़ा राजपूत बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र है। ऐसे में कर्नल राज्यवर्धन सिंह और राखी राठौड़ ने अपने समाज के बड़े वोट बैंक को साधने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नतीजा यह रहा कि झोटवाड़ा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा। केवल झोटवाड़ा क्षेत्र में 80744 वोटों से पिछड़ने के कारण कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा महज 1615 मतों के अंतर से चुनाव हार गए।राजस्थान में भाजपा ने दो साल पहले हुए चुनाव के समय प्रदेश टीम में 23 नए प्रवक्ताओं की नियुक्ति की थी। तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की टीम में शामिल हुए इन 23 प्रवक्ताओं में राखी राठौड़ का नाम भी शुमार था।

# पटियाला पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, संगठित अपराध में शामिल नौ शातिर गिरफ्तार

**पटियाला, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** पंजाब पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पटियाला पुलिस ने एक संगठित अपराध गिरोह का भंडाफोड़ किया और हत्या, जबरन वसूली तथा टारगेट किलिंग में शामिल नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया। पंजाब डीजीपी की ओर से इसकी जानकारी दी गई और बताया गया कि पटियाला पुलिस ने सफलतापूर्वक एक संगठित अपराध गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इसके साथ ही हत्या, जबरन वसूली और टारगेट किलिंग में शामिल नौ आरोपियों को गिरफ्तार करने में भी सफलता मिली है। डीजीपी के मुताबिक, इस दौरान बड़ी संख्या में हथियारों की बरामदगी भी हुई है। पुलिस ने इस दौरान 9 पिस्टल (.32 बोर) और 1 पीएक्स5 पिस्टल (.30 बोर) बरामद की है।



शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी एक सुनियोजित आपराधिक नेटवर्क का हिस्सा हैं और एक गंभीर अपराध की योजना बना रहे थे। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है।

डीजीपी ने कहा कि संगठित अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क को खत्म करने तथा पूरे पंजाब में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स पंजाब ने तरनतारन पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त ऑपरेशन में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया और सीमावर्ती इलाके में टारगेटेड फायरिंग की साजिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान दो देसी .32 बोर पिस्तौल और 4 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी विदेश में बैठे अपराधियों प्रभ दासवाल और डोनी बल के इशारे पर काम कर रहे थे और सीमावर्ती इलाके के कुछ खास लोगों को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि रही है। पुलिस थाना तरनतारन में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज उदयपुर में : भूपाल नोबल्स संस्थान के 104वें स्थापना दिवस समारोह में होंगे शामिल




**उदयपुर, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर उदयपुर पहुंचेंगे। वे सिंह विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा संचालित भूपाल नोबल्स संस्थान के 104वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम महाराणा प्रताप खेल मैदान में आयोजित होगा। संस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने बताया कि प्रोटोकॉल के अनुसार सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। समारोह स्थल पर केंद्रीय एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रक्षा मंत्री प्रातः 10 बजे नई दिल्ली से राजकीय विमान द्वारा रवाना होकर 11:10 बजे महाराणा प्रताप एयरपोर्ट, उदयपुर पहुंचेंगे। वहां से वे सीधे 11:30 बजे भूपाल नोबल्स संस्थान पहुंचेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत महाराणा भूपाल सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने से होगी, जिसके पश्चात एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। रक्षा मंत्री दोपहर 2 बजे पुनः एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे।

समारोह स्थल पर मंच के सामने 50 फीट का डी-घेरा बनाया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान संरक्षक एवं अध्यक्ष श्रीजी हुजूर महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़ करेंगे। समारोह में महाराणी साहिबा श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।विशिष्ट अतिथियों में राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी, कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ तथा समाजसेवी अनिल सिंह शामिल होंगे। अतिथियों का स्वागत मेवाड़ी परंपरा अनुसार किया जाएगा।

सुरक्षा एवं व्यवस्थाएं

प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ ने बताया कि गुरुवार को एनएसजी कमांडो, केंद्रीय एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने चिकित्सा, फायर ब्रिगेड सहित 30 वाहनों के काफिले के साथ एयरपोर्ट से समारोह स्थल तक रिहर्सल कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा प्रशासनिक भवन में निर्मित फतह आर्ट गैलरी का लोकार्पण भी किया जाएगा। साथ ही संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले तथा खेल जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड-2026 से सम्मानित किया जाएगा।समारोह से पूर्व प्रातः 8 बजे देश में अमन-शांति हेतु हवन पूजन आयोजित किया जाएगा, जिसमें संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य भाग लेंगे।

संयुक्त मंत्री राजेन्द्र सिंह ताणा ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 10 हजार से अधिक विद्यार्थी, शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी तथा शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। सभी आगंतुकों की मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा।सुरक्षा की दृष्टि से आमजन का प्रवेश सेवाश्रम स्थित इंडोर स्टेडियम से तथा संस्थान के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का प्रवेश मुख्य मार्ग से होगा। वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी वहीं रहेगी।

# सीएम भजनलाल शर्मा ने श्रीनाथ जी मंदिर में दर्शन किए



**डीग, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को डीग स्थित श्रीनाथ जी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की प्रगति, सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की।

शर्मा ने सपरिवार श्रीनाथ जी महाराज का पंचामृत अभिषेक किया। उन्होंने दूध, दही, घी, शहद और शर्करा से श्रीनाथजी का अभिषेक किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए अनुष्ठान में श्रीनाथ जी के मुकुट मुखारबिंद का विशेष श्रृंगार और पूजन किया। इससे पहले उन्होंने जतिपुरा पर संत-साधुओं को भोजन प्रसादी भी ग्रहण करवाई।इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में नवनिर्मित पक्षी-घर का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति और मूक प्राणियों का संरक्षण मानव का परम धर्म है। यह पक्षी-घर क्षेत्र के पक्षियों के लिए दाना-पानी और सुरक्षित आश्रय का केंद्र बनेगा।इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# फरीदाबाद गैंगरेप पीड़िता के परिजनों से मिले राव नरेंद्र सिंह, सरकार से त्वरित न्याय की मांग

**चंडीगढ़, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने फरीदाबाद गैंगरेप पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।



इस दौरान उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल मानवता को शर्मसार करने वाली है, बल्कि राज्य में कानून-व्यवस्था की भयावह स्थिति को भी उजागर करती है। राव नरेंद्र सिंह ने पीड़िता के परिवार से विस्तार से बातचीत कर पूरी घटना की जानकारी ली और कहा कि कांग्रेस पार्टी इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने दोषियों की त्वरित गिरफ्तारी, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई और कठोरतम सजा की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी जघन्य घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि पीड़िता को समुचित चिकित्सा, सुरक्षा और मुआवजा तत्काल उपलब्ध कराया जाए।

# हरियाणा कैबिनेट ने 2002 में नियुक्त 347 कॉन्ट्रैक्ट ड्राइवरों को ओपीएस और अन्य लाभ किए प्रदान

**चंडीगढ़, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य परिवहन विभाग के कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए 2002 में कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त 347 ड्राइवरों को क्वालिफाइंग सर्विस और पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के लाभ देने का फैसला किया है। इस फैसले का उद्देश्य लंबे समय से चली आ रही वेतन विसंगतियों को दूर करना और समान पद वाले कर्मचारियों के बीच समानता सुनिश्चित करना है। इन ड्राइवरों को वर्ष 2002 में कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त किया गया था और बाद में वर्ष 2006 में हरियाणा परिवहन विभाग (ग्रुप-उ) हरियाणा रोडवेज सेवा नियम, 1995 (समय-समय पर संशोधित), के तहत रेगुलर किया गया था।



हालांकि, जनवरी 2014 में सरकार और कर्मचारी यूनियनों के बीच हुए आपसी समझौते में केवल 1 जनवरी, 2003 को या उसके बाद नियुक्त कर्मचारियों को ही शामिल किया गया था, इसलिए वर्ष 2002 में नियुक्त ड्राइवरों को यह लाभ नहीं मिल पाए थे, जिससे जूनियर ड्राइवरों को अपने सीनियर्स की तुलना में ज़्यादा सैलरी और पेंशन लाभ मिल रहे थे। इस फैसले से, वर्ष 2002 में भर्ती हुए ड्राइवरों को उनकी शुरुआती नियुक्ति की तारीख से रेगुलर माना जाएगा। शुरुआती नियुक्ति की तारीख से सेवा की गणना करके एसीपी इत्यादि, पुरानी पेंशन योजना और पारिवारिक पेंशन योजना, 1964 का लाभ प्रदान करने, जनरल प्रोविडेंट फंड खाते खोलने जैसे विभिन्न लाभ प्रदान किए जाएंगे। ये सभी लाभ 31 अगस्त, 2024 तक सैद्धांतिक रूप से दिए जाएंगे तथा वास्तविक वित्तीय लाभ 1 सितंबर, 2024 से या सरकार द्वारा तय की गई किसी अन्य कट-ऑफ तारीख से मिलेंगे।

## 2025 में पंजाब प्रशासन में बड़ा डिजिटल बदलाव:

# 1.85 लाख लोगों को घर बैठे मिलीं 437 सेवाएं, मान सरकार ने खत्म किया दफ्तरों का चक्कर

**चंडीगढ़, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने वर्ष 2025 तक राज्य के प्रशासनिक ढांचे को पूरी तरह से डिजिटल और नागरिक-अनुकूल बनाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पंजाब आज देश का ऐसा राज्य बनकर उभरा है जहाँ 'सरकार दफ्तरों से नहीं, बल्कि लोगों के घरों से' चल रही है। प्रशासनिक सुधारों की इस लहर ने न केवल सरकारी



कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही तय की है, बल्कि दशकों से चली आ रही 'सिफारिश और देरी' की संस्कृति को भी जड़ से उखाड़ फेंका है।

इस परिवर्तनकारी बदलाव की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने बताया कि राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों के कारण आज पंजाब का आम नागरिक अपने घर की चौखट पर बैठकर सरकारी सेवाओं का लाभ उठा रहा है। 'भगवंत मान सरकार तुहाड़े द्वार' योजना इस डिजिटल क्रांति का सबसे मजबूत स्तंभ साबित हुई है, जिसके माध्यम से अब तक 1.85 लाख से अधिक नागरिकों को उनके घर पर ही 437 प्रकार की विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं। यह योजना न केवल समय की बचत कर रही है, बल्कि बुजुर्गों और ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़े सहारे के रूप में उभरी है। प्रशासनिक दक्षता का सबसे बड़ा उदाहरण राजस्व विभाग में देखने को मिला है, जहाँ पटवारियों द्वारा 12.46 लाख से अधिक आ-वेदनों का ऑनलाइन निपटारा किया गया है।

# वरिष्ठ नागरिकों और संस्थाओं को राज्य पुरस्कार से सम्मानित करेगी हरियाणा सरकार

**चण्डीगढ़, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** हरियाणा सरकार बुजुर्गों को मान-सम्मान देने और समाज निर्माण में उनके अनुभव का लाभ उठाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और उनके कल्याण के लिए वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। हरियाणा सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एव पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अन्त्योदय (सेवा) विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना समाज सेवा, कला, खेल और बहादुरी जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बुजुर्गों को एक नई पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करेगी।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों जैसे शतवर्षीय पुरस्कार, श्रेष्ठ माता, शौर्य और बहादुरी, आजीवन उपलब्धि के साथ-साथ वरिष्ठ पेंटर, मूर्तिकार, संगीतकार और खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, श्रेष्ठ पंचायत पुरस्कार, श्रेष्ठ स्वैच्छिक संगठन पुरस्कार, श्रेष्ठ वृद्धाश्रम और श्रेष्ठ दैनिक देखभाल केन्द्र को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

संपादकीय

# नए साल का समय

**नववर्ष** 2026 का सूर्योदय है। नए उजाले उग आए हैं। नए जोश, नई उम्मीद, नए लक्ष्य और नए संकल्प के साथ इन लम्हों को जीने की कोशिश करें। जो बीत गया, सो बीत गया, अतीत हो गया, उसे अंधे कुएं में जाने दें, बिल्कुल भी अफसोस न मनाएं। वह सिर्फ एक समय था और आज का समय आपके सामने, साथ है। निर्लिप्त रहने की जरूरत नहीं है। समय के साथ संलिप्त हों, क्योंकि वही सत्य है, यथार्थ है और समय खूबसूरत ही होता है। बेशक आज नफरत, सांप्रदायिकता, हिंसा, युद्धों, दंगों और अंततः हत्याओं का दौर है, लेकिन इनके खिलाफ, नए साल के समय में, एक संकल्प लेना है। मानवीय संकल्प पलता है और उसकी शुरुआत व्यक्ति के स्तर पर ही होती है। धीरे-धीरे वह संकल्प विस्तार पाता है और फिर समय बदलता है। बाबा वेंगा की कुछ भविष्यवाणियां सामने आई हैं। उनमें से दो मानव के विनाश और विध्वंस की हैं। एक, 2026 में तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। दूसरी, नए साल में भारत और पाकिस्तान के बीच भी युद्ध की आशंकाएं जताई जा रही हैं। ऐसी रपट एक अमरीकी थिंक टैंक 'सीएफआर' ने भी जारी की है। कश्मीर में नए सिरे से सक्रिय और फैल रहे आतंकवाद के मद्देनजर भारत पाकिस्तान को सबक सिखा सकता है। भारत ने अपनी ऐसी नीति पहले ही बयां कर दी थी कि कोई भी आतंकवादी प्रयास 'युद्ध' माना जाएगा और अब भारत ऐसे युद्ध का जवाब देने को तैयार है। यह बाबा वही है, जिन्होंने अमरीका में 9/11 आतंकी हमले, सोवियत संघ के विघटन और राजकुमारी डायना की मौत की भविष्यवाणियां भी की थीं। हम ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि इस बार बाबा की घोषणाएं 'असत्य' साबित हों और युद्ध की व्यापक और हत्यारी विभीषिकाओं की नौबत न आए। शांति की मेज पर ही समझौते हो जाएं, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध से ताइवान और मध्य-पूर्व तक सामरिक तनाव पसरे हैं। समय के इन यथार्थों को कैसे नकारा जा सकता है? बाबा ने नए साल में प्राकृतिक आपदाओं और आर्थिक संकट की भी भविष्यवाणी की है। युद्ध और तनाव की बुनियाद में नफरत ही है, हिंसा और हत्याएं उसी भाव से उपजती हैं। ऐसे ही खतरों को भांपते हुए पेरिस, सिडनी, टोकयो सरीखे खूबसूरत महानगरों में नए साल के जश्न रद्द कर दिए गए हैं। अमरीका के लॉस एंजेलिस में 4 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे आतंकी हमले की साजिश बेनकाब हुई है। भारत समेत कई और देशों में भी 'अलर्ट' की स्थितियां हैं। उप्र के गाजियाबाद में तलवारों की नुमाइश सजाई गई और हिंदू कार्यकर्ताओं में तलवारें बांट कर आह्वान किया गया कि वे हिंदुओं को मारने वाली ताकतों के खिलाफ आक्रामक हो जाएं। समय के हर दौर में ऐसी आसुरी ताकतें उभरती हैं, लेकिन उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पटक दिया जाता है, जैसा उप्र में किया गया है। सीमापार, पड़ोसी बांग्लादेश में बजेन्द्र बिस्वास नामक एक और हिंदू को, गोलियां मार कर, हत्या कर दी गई। हिंदुओं की हत्याओं के सिलसिले जारी हैं। बुनियाद में नफरत और हिंदू-विरोध क्यों है? भारत और हिंदुओं ने तो बांग्लादेश की मुक्ति, आजादी में बेहद महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था। इस सवाल का तार्किक जवाब समय ही दे पाएगा। उत्तराखंड के देहरादून में त्रिपुरा के एक युवा छात्र को नस्लभेद का शिकार होना पड़ा। अंततः उसकी मौत हो गई। हालांकि सर्वोच्च अदालत ने इसी घटना पर एक जनहित याचिका स्वीकार की है। क्या 21वीं सदी में भी नस्लभेद का समय है, यह एक यक्ष प्रश्न है? उप्र के बरेली शहर में धर्म और लव जेहाद की आड़ में मारा-पीटी की गई। जय सिया राम के नारों को बदनाम किया गया। हालांकि पुलिस ने बवालियों को गिरफ्तार कर लिया है। गुजरात के अहमदाबाद में दो गुटों में झड़प हो गई। फिर वही हिंदू-मुसलमान..! एक मुफ्ती ने फतवेनुमा बयान दिया कि मुसलमान नए साल का जश्न न मनाएं, क्योंकि यह इस्लाम-विरोधी है, हराम है। नया साल यूरोपीय संस्कृति का हिस्सा है। इस्लामिक नया साल मुहर्रम के बाद शुरू होता है। यदि किसी मुसलमान ने जश्न मनाया, तो उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, लेकिन आज नए साल का समय है, लिहाजा नएपन से ही इसकी शुरुआत करें। सभी को नववर्ष मंगलमय हो।

नए जोश, नई उम्मीद, नए लक्ष्य और नए संकल्प के साथ इन लम्हों को जीने की कोशिश करें। जो बीत गया, सो बीत गया, अतीत हो गया, उसे अंधे कुएं में जाने दें, बिल्कुल भी अफसोस न मनाएं। वह सिर्फ एक समय था और आज का समय आपके सामने, साथ है। निर्लिप्त रहने की जरूरत नहीं है। समय के साथ संलिप्त हों, क्योंकि वही सत्य है, यथार्थ है और समय खूबसूरत ही होता है। बेशक आज नफरत, सांप्रदायिकता, हिंसा, युद्धों, दंगों और अंततः हत्याओं का दौर है, लेकिन इनके खिलाफ, नए साल के समय में, एक संकल्प लेना है। मानवीय संकल्प पलता है और उसकी शुरुआत व्यक्ति के स्तर पर ही होती है। धीरे-धीरे यह संकल्प विस्तार पाता है और फिर समय बदलता है। बाबा वेंगा की कुछ भविष्यवाणियां सामने आई हैं। उनमें से दो मानव के विनाश और विध्वंस की हैं। एक, 2026 में तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। दूसरी, नए साल में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की आशंकाएं जताई जा रही हैं। ऐसी रपट एक अमरीकी थिंक टैंक 'सीएफआर' ने भी जारी की है। कश्मीर में नए सिरे से सक्रिय और फैल रहे आतंकवाद के मद्देनजर भारत पाकिस्तान को सबक सिखा सकता है। भारत ने अपनी ऐसी नीति पहले ही बयां कर दी थी कि कोई भी आतंकवादी प्रयास 'युद्ध' माना जाएगा और अब भारत ऐसे युद्ध का जवाब देने को तैयार है।

### भारत ने 6100 किलो वजनी उपग्रह प्रक्षेपित करने का रचा इतिहास

# बाहुबली अंतरिक्ष यान ने सबसे भारी उपग्रह के प्रक्षेपण का इतिहास रचा

प्रमोद भार्गव

**अंतरिक्ष** के क्षेत्र में भारत ने दुनिया का सबसे ज्यादा वजनी अमेरिकी उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित कर इतिहास रच दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार दिनांक 24 दिसंबर 2025 की सुबह अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेस मोबाइल के ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर के वैश्विक उपलब्धि हासिल की है। इस उपग्रह को स्थापित करने के लिए 520 किमी की वृत्तीय कक्षा का लक्ष्य था। यह 518.5 किलोमीटर की कक्षा में स्थापित हुआ है। अंतर केवल 1.5 किमी का है। इस नाते किसी प्रक्षेपण यान का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसरो का कहना है कि यह उपग्रह सबसे अधिक वजनी 6100 किलोग्राम का है। यह भारत की धरती से प्रक्षेपित किए जाने वाला सबसे भारी उपग्रह है। इस व्यावसायिक उपग्रह का प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा से किया गया है। एलवीएम-3-एम-6 रॉकेट की भारी वजन उठाने की विलक्षण क्षमता के कारण इसे 'बाहुबली' नाम दिया गया है। यह अभियान भविष्य में इंटरनेट कनेक्टिविटी को बदलने वाला साबित होगा। इसका लक्ष्य दुनिया भर में डायरेक्ट-टू-मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। इसके जरिए सामान्य स्मार्टफोन पर 4-जी-5-जी वॉयस, वीडियो, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और हाई स्पीड डेटा स्थानांतरण आसान होगा। ज्ञात हो अमेरिका की एएसटी स्पेस मोबाइल कंपनी दुनिया का पहला और एकमात्र स्पेस आधारित सेलुलर ब्रॉडबैंड नेटवर्क बना रही है, इसे स्मार्टफोन से एक्सेस किया जा सकेगा। जिस रॉकेट से इस उपग्रह का प्रक्षेपण किया गया है, उसी से भारतीय गगनयान अभियान को गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। इससे पहले इसरो ने 2 नवंबर 2025 को अंतरिक्ष के क्षेत्र में 4410 किलो वजनी स्वदेशी संचार उपग्रह सीएमएस-03 (जी-सैट-7-आर) प्रक्षेपित करके इतिहास रचा था। यह उपग्रह देश के सबसे शक्तिशाली रॉकेट प्रक्षेपण यान मार्क-3-एम-5 के जरिए प्रक्षेपित किया गया था। अब तक इसे इसरो का सबसे अधिक ताकतवर रॉकेट कहा जाता है। अतएव इसी के समांतर इसका नामकरण 'बाहुबली' रख दिया है। यह रॉकेट अब तक छह अभियान समेत अन्य पांच मिशन सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचा चुका है। इसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर आर्बिट) में प्रक्षेपित किया गया है। यह एक दीर्घ वृत्ताकार कक्षा है, जिसका उपयोग उपग्रहों को निम्न पृथ्वी कक्षा से भू-समकालिक कक्षा में स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है। यह एक ऐसी कक्षा है, जिसमें उपग्रह का परिक्रमा काल पृथ्वी के घूर्णन समय के बराबर होता है। यानी लगभग 23 घंटे 56 मिनट और 4 सेकेंड। इसे एक नक्षत्र दिवस कहा जाता है। यह उपग्रह 2013 में स्थापित किए गए जी-सैट-7 रुक्मिणी की जगह लेगा। फिलहाल यही उपग्रह नौसेना के संचार माध्यमों का मुख्य आधार है। रुक्मिणी ने युद्धपोतों,

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार दिनांक 24 दिसंबर 2025 की सुबह अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेस मोबाइल के ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करके वैश्विक उपलब्धि हासिल की है। इस उपग्रह को स्थापित करने के लिए 520 किमी की वृत्तीय कक्षा का लक्ष्य था। यह 518.5 किलोमीटर की कक्षा में स्थापित हुआ है। अंतर केवल 1.5 किमी का है। इस नाते किसी प्रक्षेपण यान का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसरो का कहना है कि यह उपग्रह सबसे अधिक वजनी 6100 किलोग्राम का है। यह भारत की धरती से प्रक्षेपित किए जाने वाला सबसे भारी उपग्रह है। इस व्यावसायिक उपग्रह का प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा से किया गया है। एलवीएम-3-एम-6 रॉकेट की भारी वजन उठाने की विलक्षण क्षमता के कारण इसे 'बाहुबली' नाम दिया गया है। यह अभियान भविष्य में इंटरनेट कनेक्टिविटी को बदलने वाला साबित होगा।



पनडुब्बियों, विमानों और समुद्र तटों पर बने कमांड के बीच वास्तविक समय संचार को संभव बनाया है। साल 2018 में इसरो ने एक साथ 104 उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करके विश्व इतिहास रच दिया था। दुनिया के किसी एक अंतरिक्ष अभियान में इससे पूर्व इतने उपग्रह एक साथ पहले कभी नहीं छोड़े गए थे। इसरो ने पीएसएलवी-सी 40 के जरिए कार्टोसैट-2 श्रृंखला के उपग्रह का कामयाब प्रक्षेपण किया था। इस यान के द्वारा 31 उपग्रह प्रक्षेपित किए गए थे। यह उच्च कौशल से जुड़ी तकनीक का काम था। इन सूक्ष्म (माइक्रो) एवं अति-सूक्ष्म (नैनो) उपग्रहों में से आधे अमेरिका के थे और शेष भारत, फिनलैंड, कनाडा, फ्रांस, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन के थे। ये उपग्रह ऐसी तकनीक से भी पूर्ण थे, जिनसे किसी निर्धारित स्थल की विशेष तस्वीर खींची जा सकती है। इसीलिए इन उपग्रहों को लेकर पाकिस्तान और चीन ने आपत्ति जताई थी। दरअसल इसी श्रृंखला के उपग्रहों से मिली तस्वीरों की मदद से ही भारत ने नियंत्रण रेखा पर स्थित पाकिस्तान के कई आतंकी शिविरों को नष्ट करने में सफलता हासिल की थी। प्रक्षेपण तकनीक दुनिया के चंद छह-सात देशों के पास ही है। लेकिन सबसे सस्ती होने के कारण दुनिया के इस तकनीक से महरूम देश अमेरिका, रूस, चीन, जापान का रुख करने की बजाय भारत से अंतरिक्ष व्यापार करने लगे हैं। सूचना तकनीक का जो भूमंडलीय विस्तार हुआ है, उसका माध्यम अंतरिक्ष में छोड़े गए उपग्रह ही हैं। टीवी चैनलों पर कार्यक्रमों का प्रसारण भी उपग्रहों के जरिए होता है। इंटरनेट पर बेबसाइट, फेसबुक, ट्विटर, ब्लॉग और वॉट्सअप की रंगीन दुनिया व संवाद संप्रेशण बनाए रखने की पृश्ठभूमि में यही उपग्रह हैं। मोबाइल पर वाई-फाई जैसी संचार सुविधाएं उपग्रह से संचालित होती है। अब तो शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, मौसम, आपदा प्रबंधन और प्रतिरक्षा क्षेत्रों में भी उपग्रहों की मदद जरूरी हो गई है। जो रोबोट सैनिक सीमाओं की रखवाली में लगे हैं, वे भी इन्हीं उपग्रहों और सुपर कंप्यूटरों में दर्ज कृत्रिम बुद्धि की मदद से संचालित होते हैं। बावजूद भारत के लिए अंतरिक्ष संबंधी उपलब्धियों के दृष्टिगत चुनौतियां कम नहीं हैं, क्योंकि हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे गर्व करने लायक हैं। गोया, एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। असल में प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्व-शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करती है। फिर हमारे जीएसएलएसवी मसलन भू-उपग्रह प्रक्षेपण यान की सफलता की निर्भरता भी इसी इंजन से संभव थी। अब हमारे वैज्ञानिकों ने दृढ़ इच्छा षक्ति का परिचय दिया और स्वदेषी तकनीक के बूते क्रायोजेनिक इंजन विकसित कर लिया है। अब इसरो की इस स्वदेषी तकनीक का दुनिया लोहा मान रही है। इसरो के अनुसार भारत उन छह देशों में से एक है, जिन्होंने स्वदेशी क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी विकसित कर ली है। अन्य पांच देश अमेरिका, फ्रांस, रूस, चीन और जापान हैं। इसरो के सीई-20 इंजन ने गगनयान मिशन के लिए मानव रेटिंग हासिल कर ली है। मानव रेटिंग प्रक्रिया तय करती है कि मनुश्य को अंतरिक्षयान में लेकर उड़ान भरने वाली यह प्रणाली सुरक्षित है। यह अंतरिक्ष यात्रा के लिए सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए एक जरूरी प्रक्रिया है। एक समय क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी भारत को अन्य देषों ने नहीं दी थी। परंतु आज हमारे पास तीन ऐसे इंजन हैं, जिनमें से तीसरा मानव रेटेट है। हमने इस प्रौद्योगिकी में तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं। इस अभियान को तीसरे प्रयास में ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया गया था। इंजन के परीक्षण से लेकर उड़ान भरने तक यह अभियान 28 महीनों में पूरा किया, जबकि अन्य देषों को इसमें 42 महीनों से लेकर 18 वर्श तक का समय लगा। परीक्षण में भी हमें मात्र 34 दिन लगे, जबकि अन्य देषों को परीक्षण पूरा करने में ही पांच से छह माह तक लगे हैं। यही वह इंजन है, जो मानव रेटेड एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को षक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए मानवों को सुरक्षित रूप में वापस लाने के लिए की जा रही हैं। दरअसल भारत ने शुरुआत में रूस से इंजन खरीदने का अनुबंध किया था। लेकिन 1990 के दशक के आरंभ में अमेरिका ने मिसाइल तकनीक नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) का हवाला देते हुए इसमें बाधा उत्पन्न कर दी थी। इसका असर यह हुआ कि रूस ने तकनीक तो नहीं दी लेकिन छह क्रायोजेनिक इंजन जरूर भारत को षुल्क लेकर भेज दिए। कालांतर में अमेरिका के पूर्व राश्ट्रपति बराक ओबामा की मदद से भारत को एमटीसीआर क्लब की सदस्यता भी मिल गई, लेकिन इसके पहले ही इसरो के वैज्ञानिकों के कठोर परिश्रम और दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते स्वदेषी तकनीक के बूते चरणबद्ध रूपों में इंजन को विकसित करने में सफलता हासिल कर ली।

देश दुनिया से

# मन की थकान का असली कारण

**जीवन** में हम सभी थकते हैं, कभी शरीर थकता है, कभी भावनाएं, कभी मन। लेकिन जिस थकान को हम सबसे कम समझते हैं, वह मन की थकान है। शरीर की थकान तो थोड़ी नींद से मिट जाती है, पर मन की थकान, वह रात भर करवटें बदलती रहती है। साधारण मनुष्य इस थकान को अक्सर 'तनाव', 'मूड ऑफ' 'उबाऊपन' 'किसी से बात करने का मन न होना' जैसे नाम दे देता है, पर असल में यह मन का भारीपन है, मन का बोझ है, मन की थकावट है। मन की थकान का असली कारण क्या है, इसे समझने के लिए पहले यह जानना जरूरी है कि मन थक कैसे जाता है। आज हम नए साल में प्रवेश कर रहे हैं। नया साल हमारे लिए शुभ हो, बेहतर हो, यही हमारा लक्ष्य है। हमारी भूल यह है कि हम अक्सर समझ ही नहीं पाते कि मन थकता नहीं, थकाया जाता है। हमारा अज्ञान, हमारी गलतियां और हमारी लापरवाही इसका कारण बनते हैं। मन मूल रूप से थकने वाली वस्तु नहीं है। मन तो ऊर्जा से भरा हुआ, चंचल, प्रवाही और सदैव सक्रिय रहने के लिए बना है। उसकी प्रकृति गति है, स्थिरता नहीं। यह चिडिया की तरह है, आसमान मिलता रहे तो उड़ता ही रहेगा। लेकिन जब हम उस चिडिया को छोटी सोच के पिंजरे में बंद कर देते हैं, तो वह थक जाता है। मन की थकान तब पैदा होती है जब प्राकृतिक प्रवाह रोक दिया जाता है। जब हम मन को वह सोचने पर मजबूर करते हैं, जिसे वह नहीं सोचना चाहता, या जिससे उसका कोई संबंध नहीं। मन की थकान का सबसे बड़ा कारण है अनावश्यक बोझ। जब हम खुद के बजाय दूसरों के बारे में ज्यादा सोचते हैं, खुद का ध्यान रखे बिना दूसरों को खुश करने की कोशिश करते हैं तो हम जाने-अनजाने अपने ही मन को थकाने की राह पर चल पड़ते हैं। हम अपने काम से ज्यादा दूसरों के काम में लगे रहते हैं। कौन क्या कह रहा है? वह मुझे कैसे देखता है? क्यों बात नहीं की? क्यों नाराज है? क्यों खुश है? क्यों आगे बढ़ गया? दूसरों के बारे में इतना सोचना कि अपने भीतर की शांति गायब हो जाए तो मन थक जाता है। हम लगभग 50 फीसदी मानसिक ऊर्जा सिर्फ दूसरों के बारे में सोचने में ही खर्च कर देते हैं और हमें इसका पता भी नहीं चलता। मन इससे ऊब जाता है। मन कहता है, 'मालिक! थोड़ा अपने ऊपर भी ध्यान दे ले', लेकिन हम सुनते नहीं, और जब मन की आवाज नहीं सुनी जाती, वह थकने लगता है। मन को हमने रेस के घोड़े की तरह बना रखा है। 'अब यह करना है', 'फिर वह करना है', 'उसके बाद यह प्लान', 'उसके आगे यह टारगेट', हम हमेशा आगे भाग रहे हैं, भविष्य के पीछे दौड़ रहे हैं। यही बेचैनी की जड़ है। मन को आराम चाहिए, पर हम उसे आराम नहीं देते। मन बोलना चाहता है, हम उसे चुप करा देते हैं। आराम से महरूम मन टूटता नहीं, पर थक जरूर जाता है। यही नहीं, उस रिश्ते में जो कहना था, नहीं कहा। उस गलतफहमी को साफ करना था, नहीं किया। जो दुख अंदर था, उसे बाहर नहीं आने दिया। जो आंसू बहने चाहिए थे, उन्हें रोक लिया। ये सब 'भावनाओं का ट्रैफिक जाम' बन जाते हैं।

शरीर की थकान तो थोड़ी नींद से मिट जाती है, पर मन की थकान, वह रात भर करवटें बदलती रहती है। साधारण मनुष्य इस थकान को अक्सर 'तनाव', 'मूड ऑफ' 'उबाऊपन' 'किसी से बात करने का मन न होना' जैसे नाम दे देता है, पर असल में यह मन का भारीपन है, मन का बोझ है, मन की थकावट है। मन की थकान का असली कारण क्या है, इसे समझने के लिए पहले यह जानना जरूरी है कि मन थक कैसे जाता है। आज हम नए साल में प्रवेश कर रहे हैं। नया साल हमारे लिए शुभ हो, बेहतर हो, यही हमारा लक्ष्य है। हमारी भूल यह है कि हम अक्सर समझ ही नहीं पाते कि मन थकता नहीं, थकाया जाता है।

अभिव्यक्ति न होना मन की थकान का बड़ा कारण है। मन ऊर्जा से नहीं, भावनाओं के प्रवाह से ताजा रहता है। भावनाएं अटक जाएं तो मन थक जाता है। वो भावनाएं जो प्रकट नहीं की गईं, जो शिकायत बता कर खत्म कर देनी चाहिए थी, उसे मन में दबा लिया, वो मन को थकाने का कारण बन जाती है। कई बार दिल कुछ और कहता है, और दिमाग कुछ और। इससे मन में संघर्ष पैदा होता है। कभी हम कुछ और करना चाहते हैं, पर अपनी झूठी इमेज बनाए रखने के लिए करते कुछ और हैं। ऐसे में हम खुद से ही मुंह चुराते हैं और परेशान रहते हैं। हम दो हिस्सों में बंटे हुए हैं। एक जो सच में हैं, एक जो दुनिया को दिखाना चाहते हैं। जो हम भीतर हैं और जो हम बाहर दिखते हैं, दोनों के बीच जितना अधिक फासला होगा, मन उतना अधिक थकेगा। 'मैं जैसा हूं वैसा नहीं दिख सकता, और जैसा दिख रहा हूं वैसा हूं नहीं।' यह आंतरिक संघर्ष बहुत भारी पड़ता है। मन दो नावों में सवार होने के कारण थक जाता है। इसके अलावा खुद को लगातार जज करते रहना, अपनी आलोचना करते रहना, खुद को दूसरों से कमतर मानना ऐसे कारण हैं जो हमारी चिंता बढ़ा देते हैं। सबसे बड़ा बोझ वह नहीं है जो दुनिया देती है। सबसे बड़ा बोझ वह है जो हम खुद को देते हैं। 'मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था', 'मैं अच्छा इनसान नहीं हूं', 'मेरी गलती है', 'लोग क्या सोचेंगे', 'मैं दूसरों जितना अच्छा नहीं', यह अंदर का न्यायाधीश, यह 'जज साहब' मन को दिन-रात कटघरे में खड़ा रखता है। घंटों की इस पूछताछ में मन पूरी तरह थक जाता है। मन को ईमानदारी चाहिए, न कि आत्म-उत्पीडऩ। मन की थकान किसी एक वजह से नहीं होती। मन थकता है ओवरथिंकिंग से, दूसरों की अपेक्षाओं का बोझ उठाने से, अपनी भावनाओं को दबाने से, अतीत ढोने से, भविष्य की चिंता में उलझने से, नकली मुस्कानों और नकली रिश्तों से, खुद के विरुद्ध जाकर जीने से। मन की थकान का असली कारण यह है कि हम मन का खयाल नहीं रखते। मन सोचने के लिए है, ढोने के लिए नहीं। मन की थकान मिटाने का एक ही रास्ता है, और वह है, मन से दोस्ती। मन कोई दुश्मन नहीं है। मन कोई पापी, कोई गलत, कोई बाधा नहीं है। मन थकता है क्योंकि उसे लंबी यात्रा अकेले करनी पड़ रही है, हम साथ नहीं दे रहे। मन की थकान तब मिटती है जब हम अपने मन को जगह देते हैं। थोड़ी खामोशी, थोड़ी स्वीकृति, थोड़ी सच्चाई, थोड़ी ईमानदारी और थोड़ी प्रेम की गर्माहट, बस इतना ही चाहिए मन को। जब मन को आराम मिलता है, वह फिर से ताजा हो जाता है। मन की थकान का मूल कारण असल में स्वयं से दूर होना है और इस थकान का इलाज भी स्वयं के करीब आना है। जब खुद से प्रेम करते हैं, अपने मन को स्वीकार करते हैं, अपने भीतर के संघर्षों को समझते हैं, तो थकान खुद गायब हो जाती है। मन रूह का आईना है, धूल साफ हो जाए तो फिर साफ-साफ दिखने लगता है। मन की थकान जीवन का संकट नहीं है, यह संकेत है, एक दर्पण है, एक संदेश है। मन थककर यही कहना चाहता है, 'मालिक, थोड़ा रुक जा। थोड़ा अपने भीतर भी उतर जा। मैं बहुत कुछ कहना चाहता हूं।' जब हम मन की आवाज सुनते हैं, जीवन भी हल्का हो जाता है और हम भी।

आप का नज़रिया

# आशा के नए सुर

**आर्थिक** संकटों, प्राकृतिक विपदाओं और केंद्र से असहज सुलूक के बावजूद अगर हिमाचल सरकार आशाओं का दीपक जला रही है, तो यह आलोचना से परे दायित्व की समीक्षा है। आशा के नए सुर और सिरे तलाशती सुक्खू सरकार अब अगले दो सालों को 'एक्शन' की तपती जमीन बनाने की मंशा दिखा रही है। आसान नहीं था प्रदेश के सरकारी स्कूलों से छान कर सौ सीबीएसई स्कूलों की मिट्टी तैयार करना और अब मंत्रिमंडल की बैठक बता रही है कि शिक्षा की कक्षा में गुणवत्ता का नया इम्तिहान उतर रहा है। इन स्कूलों के प्रांगण में सौ करोड़ के दीप जलेंगे ताकि सीबीएसई के मानदंड अपनाते हुए, गौरवशाली प्रकाश का उदय हो। हर स्कूल में एक-एक स्पेशल एजुकेटर, मल्टी टास्क वर्कर, चौकीदार, योग टीचर, गणित व अंग्रेजी के अध्यापकों की एक नई श्रृंखला खड़ी की जा रही है। इसे हम महज नौकरी में अवसर की संज्ञा नहीं दे सकते, बल्कि शिक्षा को ताकत में एक नया अवसर मान सकते हैं। कुछ इसी तर्ज पर मेडिकल कालेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 53 पद तथा अन्य कैटेगिरी व नर्सिंग के पदों का सृजन देख सकते हैं, लेकिन शिक्षा की तरह नया उत्थान अभी देखना बाकी है। जिस तरह सीबीएसई पाठ्यक्रम के माध्यम से 100 स्कूल अब राज्य के प्रतिष्ठित स्कूलों के क्लब में शामिल हो रहे हैं, ठीक इसी तरह हिमाचल अगर अपने क्षेत्रीय व जोनल अस्पतालों को किसी न किसी रोग विशेष का राज्य स्तरीय अस्पताल घोषित करके दक्षता व समर्पण की मिसाल पेश कर सकता है। ऐसे राज्य स्तरीय अस्पतालों में एक अलग विंग श्रेष्ठता के साथ इसके शुल्क निर्धारण में निजी अस्पतालों की तरह छूट ले सकता है। प्रदेश की पर्यटन संभावनाओं में हैल्थ टूरिज्म को विशेष स्थान देने के लिए कुछ चयनित अस्पतालों में विश्व स्तरीय सुविधाएं तथा आयुर्वेदिक पद्धति के अनुरूप प्रस्तुत करने की जरूरत है। मंत्रिमंडल ने 2224 नई नौकरियों की ताजपोशी में युवाओं की मेहनत को मुकाम की परिभाषा दी है, तो परिवहन क्षेत्र में स्वरोजगार खोजने का प्रोत्साहन भी जोड़ा है। छोटी ई बसों की खरीद पर तीस प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवा कर सरकार ने ग्रीन स्टेट में ग्रीन रोजगार को पैगाम दिया है। छोटे शहरी दुकानदारों को भी ऋष्ण पर एक लाख की मदद का हाथ बढ़ाया जा रहा है। दूध खरीद की दरों में मुनाफे की दर बढ़ाते हुए सरकार ने जो आजमाइश की, उसके दूसरे चरण में नए दूध प्रसंस्करण संयंत्र व चिलिंग केंद्र जोड़ते हुए अपने संकल्प जाहिर किए हैं। शिमला के नजदीक जाठिया देवी टाउनशिप की तैयारियों के बाद शहरीकरण की तलाश में चंडीगढ़ के समीप एक और पंचकूला या मोहाली विकसित करने की एक कोशिश बद्दी के शीतलपुर में की जा रही है। यहां पहले चरण में ही 3400 बीघा जमीन हिमुडा के नाम की जा रही है। यह दीगर है कि जाठिया देवी के अलावा धर्मशाला के नरघोटा में टाउनशिप की परियोजनाएं अपनी उदासी और उदासीनता की बाहों में डोल रही हैं। शिमला से कार्यालयों के स्थानांतरण की प्रक्रिया में एक और पर्दा उठा, जब मंत्रिमंडल ने पिछड़ा वर्ग आयोग के मुख्यालय को धर्मशाला भेजने का ऐलान किया। हिमाचल सरकार अपनी संवेदना में स्पर्श भरते हुए सुखाश्रय योजना को नित नए आयाम दे रही है और इसी कड़ी में अब कुछ गैर सरकारी संगठनों को भी इसकी छत उपलब्ध करवा रही है। इस कड़ी में धर्मशाला के टोंग लेन स्कूल को सुखाश्रय की छत उपलब्ध कराई जा रही है। भले ही राज्य की मजबूरियां अपने आर्थिक संसाधनों में दर्ज हो रही हैं या कुछ स्पॉट पर विपक्ष की आलोचना हावी हो जाती है, लेकिन हिमाचल में व्यवस्था परिवर्तन के रास्ते पर सरकार अपने तौर पर नवाचार कर रही है। इस दृष्टि से कुछ प्रयत्न प्रशंसनीय कहे जाएंगे, लेकिन अभी राज्य के कई व्यय ऐसे जरूर हैं, जिन्हें रोका जा सकता है।

आशा के नए सुर और सिरे तलाशती सुक्खू सरकार अब अगले दो सालों को 'एक्शन' की तपती जमीन बनाने की मंशा दिखा रही है। आसान नहीं था प्रदेश के सरकारी स्कूलों से छान कर सौ सीबीएसई स्कूलों की मिट्टी तैयार करना और अब मंत्रिमंडल की बैठक बता रही है कि शिक्षा की कक्षा में गुणवत्ता का नया इम्तिहान उतर रहा है। इन स्कूलों के प्रांगण में सौ करोड़ के दीप जलेंगे ताकि सीबीएसई के मानदंड अपनाते हुए, गौरवशाली प्रकाश का उदय हो। हर स्कूल में एक-एक स्पेशल एजुकेटर, मल्टी टास्क वर्कर, चौकीदार, योग टीचर, गणित व अंग्रेजी के अध्यापकों की एक नई श्रृंखला खड़ी की जा रही है। इसे हम महज नौकरी में अवसर की संज्ञा नहीं दे सकते, बल्कि शिक्षा को ताकत में एक नया अवसर मान सकते हैं। कुछ इसी तर्ज पर मेडिकल कालेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 53 पद तथा अन्य कैटेगिरी व नर्सिंग के पदों का सृजन देख सकते हैं, लेकिन शिक्षा की तरह नया उत्थान अभी देखना बाकी है। जिस तरह सीबीएसई पाठ्यक्रम के माध्यम से 100 स्कूल अब राज्य के प्रतिष्ठित स्कूलों के क्लब में शामिल हो रहे हैं, ठीक इसी तरह हिमाचल अगर अपने क्षेत्रीय व जोनल अस्पतालों को किसी न किसी रोग विशेष का राज्य स्तरीय अस्पताल घोषित करके दक्षता व समर्पण की मिसाल पेश कर सकता है। ऐसे राज्य स्तरीय अस्पतालों में एक अलग विंग श्रेष्ठता के साथ इसके शुल्क निर्धारण में निजी अस्पतालों की तरह छूट ले सकता है। प्रदेश की पर्यटन संभावनाओं में हैल्थ टूरिज्म को विशेष स्थान देने के लिए कुछ चयनित अस्पतालों में विश्व स्तरीय सुविधाएं तथा आयुर्वेदिक पद्धति के अनुरूप प्रस्तुत करने की जरूरत है।

कुछ अलग

# जनकल्याण का मुलम्मा

**यहां** काम से प्रचार का महत्त्व अधिक हो गया है। उपलब्धि से अधिक सफलता की घोषणा का। राजनीति में रहना है तो पहले तीसमार खां का जयघोष करना सीखो, और फिर जल्द से जल्द अपना जयघोष करवा के तीसमार खां को पछाड़ना सीखो। तीसमार खां बने रहना किसी का जन्म सिद्ध अधिकार नहीं, जबकि परिवारवादी तो यही चाहते हैं कि अगर आज, किसी तरह साम दाम दंड भेद से वे तीसमार खां बन गए हैं, तो उनके नाती-पोते भी यही उपाधि धारण किए रहें। परंतु इसके लिए कथनी और करनी में अंतर होना आवश्यक है। गाली परिवारवाद को दो, लेकिन अपने बेटे और पोते का भविष्य संवारने के बाद। कोई आलोचक इस विसंगति के बारे में पूछ बैठे तो उसका मुंह बंद करने के लिए अपनी वंशावली में असाधारण क्षमता का बखान व विश्वास काफी है। अपने आपको बचाने के लिए अपवाद हो सकने का सिद्धांत तैयार कर तैयार खड़ा है। यह तो हो गई परिवारवाद के प्रतिबंध से बच निकलने की बात। जहां तक जनता की सेवा से नेतागिरी करने का संबंध है, जनाब, आजकल वे सेवा नहीं, शासन करते हैं। यहां जन कल्याणकारी जन अनुकम्पा बांटी जाती है। न्यायपालिका देश को रियायतों भरी रेवडियां न बांटने की बात कहती है। रेवडियों पर अब जन कल्याण का मुलम्मा लगा दिया गया। इसलिए आम के आम और गुठलियों के दाम हो जाते हैं। गुठलियां अवश्य बांटो, लेकिन अपना पराया देख कर। जो अपने हैं, उनका अंधा-काना भी कबूल और दृष्टिवान अगर कोई है, और अपना नहीं, तो उसकी पहचान नहीं करनी है।

दृष्टि कोण

# हिंदुओं के नरसंहार की भूमि बनता बांग्लादेश

**अगस्त** 2024 में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हिंसक प्रदर्शनों के चलते अपना देश छोड़ना पड़ा जिसके बाद बांग्लादेश में हिन्दुओं पर आक्रमण, हत्या और आगजनी की भीषण घटनाएं हुईं क्योंकि हिन्दुओं को उनकी पार्टी का समर्थक माना जाता है। शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी। यूनुस के आते ही पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई बांग्लादेश में सक्रिय हो गई और भारत तथा हिन्दू विरोधी आग भड़काने में जुट गई। दिसंबर 2025 में भारत विरोधी नेता उस्मान हादी की हत्या के बाद यह आग और भड़क गई। अब ईशनिंदा के झूठे आरोप लगाकर हिन्दुओं की हत्याएं की जा रही हैं। हिन्दू घरों में बाहर से ताला लगाकर आग लगाई जा रही है। इन सभी क्रूर आपराधिक घटनाओं को यूनुस सरकार का मौन समर्थन है जिससे हिन्दू जान बचाकर भाग तक नहीं पा रहा है। बांग्लादेश हिंदू समाज के नरसंहार की भूमि बन चुका है। विभाजन के समय बांग्लादेश में हिन्दू जनसँख्या 23 प्रतिशत थी। 1974 की जनगणना में यह घटकर मात्र 13.5 प्रतिशत रह गई थी और अब मात्र 7.96 प्रतिशत है। हिन्दुओं पर हो रहे धार्मिक अत्याचारों का यही हाल रहा तो बांग्लादेश में हिन्दू पूरी तरह से लुप्तप्राय हो जाएंगे। विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2022 में अल्पसंख्यकों पर 47 हमले दर्ज किए गए जो 2023 में बढ़कर 302 हो गए और फिर 2024 में तेजी से बढ़कर 3200 हो गए। दिसंबर माह में ही पहले दीपू चन्द्र दस और फिर अमृत मंडल को भीड़ ने ईशनिंदा के नाम पर बर्बरता से मार डाला। चटगांव मे हिंदू परिवार के घर में आग लगा दी गई। घटनास्थल से एक धमकी भरा नोट मिला जिसमें हिन्दुओं पर इस्लाम विरोधी गतिविधियों का अरोप लगाया गया था और गंभीर परिणाम की चेतावनी दी गई। हादी की मौत का बदला लेने के लिए भीड़ हिन्दुओं के खून की प्यासी होकर अनेकानेक हथियारों के साथ सड़कों पर घूम रही है। बांग्लादेश में प्रतिवर्ष किस न किसी बहाने हिंदू मंदिरों पर हमले हो रहे हैं और अब



तक 850 से अधिक हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया जा चुका है। केवल तजा हिंसा में ही अभी तक 200 से अधिक हिन्दुओं की हत्याएं और 170 से अधिक हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार जैसे जघन्य अपराध हो चुके हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार बांग्लादेश में 2022 से 2024 के बीच हिन्दू अल्पसख्यकों पर हमलों के मामले आठ गुना बढ़ गए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हिसा के मामलों में जिस प्रकार से वृद्धि देखी जा रही है वह केवल तात्कालिक कानून व्यवस्था की समस्या नहीं है अपितु देश की सामाजिक तथा जनसांख्यिकीय संरचना को बदलने के लिए दशकों से किए जा रहे कट्टर इस्लामी राजनीतिक प्रयासों का परिणाम भी है। बांग्लादेश मे हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा की पृष्ठभूमि बहुत पुरानी है। शेख हसीना की सरकार के समय भी हमले होते थे, विशेषकर जब हिन्दुओं के पवित्र नवरात्र प्रारंभ होते थे तब ईशनिंदा की झूठी अफवाहें फैलाकर दुर्गा पंडालो पर हमले किए जाते थे और उनमें तोड़ फोड़ की जाती थी। अब अंतर यह आ गया है कि इन घटनाओं का नियंत्रण पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई व कट्टरपंथी अराजक तत्वों के हाथ में आ गया है। बांग्लादेश मे ईशनिंदा कट्टरपंथियों का सबसे बड़ा हथियार बन गया है। आठ ऐसे अवसर रहे हैं जब हिंदुओं पर ईशनिंदा के नाम पर भयानक हमले किए गए। सुनामगंज में एक फेसबुक पोस्ट के बाद परा हिंदू गांव तबाह कर दिया गया। रंगपुर के गंगाचरा में एक हिंदू युवक पर आरोप लगाने के बाद दंगाइयो ने 22 हिंदू घरों को ध्वस्त कर दिया। खुलना, बारिशाल, मौलवी बाजार, फरीदपुर, चांदपुर और कुमिल्ला जैसे जिलों मे भी हिंदुओं के साथ भयानक घटनाएं घटी हैं। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बनने के बाद से हिन्दुओं की स्थिति दिन प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। नोबेल शांति पुरस्कार पाने वाला वास्तव में हिन्दुओं रक्त का प्यासा हो गया है जो उसमान हादी के अंतिम संस्कार की जनसभा में कहता है कि "हादी तुम जहां कहीं भी हो हम तुम्हारे हर सपने को अवश्य पूरा करेंगे।" यह भाषण यूनुस की खतरनाक मंशा का संकेत कर रहा है। बांग्लादेश इस बात का प्रमाण है कि जहां मुस्लिम आबादी बढ़ जाती है वहां पर अन्य अल्पसंख्यक समाज का रहना दूभर हो जाता है। आज बांग्लादेश में मुस्लिम जनसंख्या 91.08 प्रतिशत हो चुकी है और अल्पसंख्यक हिंदू समाज पूरी तरह से असुरक्षित हो गया है। बांग्लादेश के कट्टरपंथी देश में शरीयत का कानून लागू करना चाहते हैं। वे हिंदू महिलाओं को माथे पर बिंदी न लगाने, साड़ी न पहनने और बुर्का पहनने को कह रहे हैं और ऐसा न करने पर बलात्कार तथा परिवार को मारने की धमकियां दे रहें हैं।

# बार-बार आंखें झपकना बीमारियों का संकेत...



आंखों की पलकों के झपकने को कभी मौसम के बदलाव से जोड़ा जाता है तो कभी इसे अंधविश्वास से भी जोड़ दिया जाता है। आमतौर पर आंखों के झपकने की प्रक्रिया हर व्यक्ति के साथ होती है और कुछ केसेस में यह बार-बार या लंबे समय तक जारी रहती है। सामान्यतौर पर एक वयस्क व्यक्ति की पलकें एक मिनट में लगभग 15-18 बार तक झपकती हैं। पलकों का झपकना प्रोटेक्शन का एक तरीका है। वहीं कई बार इसके साथ दूसरी समस्याएं जैसे दर्द, चुभन या जलन अथवा असहजता आदि भी हो सकती हैं। ऐसे में आवश्यक है कि इसके लिए किसी विशेषज्ञ की मदद ली जाए। आंखों की पलकों के झपकने के पीछे थकान, ठंडा-गरम मौसम, अल्कोहल या अन्य नशे की वस्तुओं का सेवन, नींद की कमी, तनाव, कैफीन का अधिक मात्रा में सेवन, कंजंक्टिवाइटिस, मायोपिया, तेज लाइट, आंखों के भीतर सूजन तथा देर तक टीवी या कंप्यूटर मॉनिटर की स्क्रीन पर देखना, आदि।

### बढ़ती तकलीफ



जब पलकों का झपकना किसी भी तरह के उपचार से ठीक नहीं हो तो इसका मतलब है कि मुश्किल सतर्क रहने की ओर इशारा कर रही है। डिस्टोनिया या ब्लफेरोस्पाज्म, जिसके कारण आंखें और पलकें लगातार झपकती रहती हैं और सामान्य उपचार से ठीक नहीं होती। यही नहीं इससे आंखों और पलकों में भारीपन, थकान और ड्राइनेस बनी रहती है।

### कंजंक्टिवाइटिस की समस्या

आंखों की पलकों या आंखों के भीतर किसी अन्य इन्फेक्शन या चोट के कारण इनका झपकना भी इलाज की वजह बनता है। कंजंक्टिवाइटिस की तकलीफ में भी पलकें लगातार झपक सकती हैं। साथ ही इनमें दर्द, चुभन और पानी निकलने जैसी तकलीफ भी हो सकती है इनके अलावा कुछ विशेष बीमारियों जैसे पार्किंसंस, स्ट्रोक, बेल्स पाल्सी, टॉरेट्स सिंड्रोम आदि के कारण भी आंखों की पलकें झपक सकती हैं।

### जल्द उपचार है फायदेमंद

आंखों के झपकने की समस्या यदि सामान्य तरीकों से ठीक न हो तो तुरंत ध्यान देना जरूरी है, अन्यथा कई मामलों में आंखों की रोशनी के खत्म होने का भी खतरा हो सकता है। साधारण मामलों में यह तकलीफ आंखों को आराम देने, तकलीफ पैदा करने वाले कारक जैसे तेज रोशनी, नशे का सेवन, तनाव आदि से दूर रहने जैसे उपायों से दुरुस्त हो जाती है वहीं गंभीर मामलों में दवाओं के अलावा कुछ विशेष प्रकार के इंजेक्शन्स या एक्यूप्रेशर जैसी कुछ तकनीकों के प्रयोग की भी सलाह दी जाती है। कुछ केसेस में सर्जरी की भी आवश्यकता पड़ सकती है। खास बात यह कि समय पर उपचार मिलने पर तकलीफ ठीक करने में मदद मिल सकती है।

## उबालकर खाएं ये सब्जियां, मिलेगा दोगुना फायदा

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हरी और जड़दार सब्जियां काफी फायदेमंद होती हैं। इससे शरीर को पोटेशियम, विटामिन, फाइबर और प्रोटीन जैसे कई पोषक तत्व मिलते हैं। वैसे तो सब्जियों को पकाकर ही खाते हैं लेकिन कुछ सब्जियां ऐसी हैं जिन्हें उबालकर खाने से दोगुना फायदा मिलता है। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और शरीर भी बैक्टीरिया से दूर रहता है। आइए जानिए ऐसी ही कुछ सब्जियों के बारे में जिन्हें उबाल कर खाना फायदेमंद होता है।

बीन्स : हरी बीन्स की सब्जी काफी स्वादिष्ट होती है। इससे शरीर को कैल्शियम, फॉस्फोरस, सोडियम और विटामिन मिलता हैं। सब्जी की जगह बीन्स को उबालकर खाने से ज्यादा फायदा मिलता है। डायबिटीज के रोगी के लिए उबली बींस का सेवन करना काफी फायदेमंद होता है।

चुकंदर : चुकंदर खाने से पहले केवल 3 मिनट के लिए उबालें। इसके सेवन से शरीर में खून की कमी पूरी होती है। जिन महिलाओं को अनियमित माहवारी की समस्या हो उनके लिए उबली हुई चुकंदर काफी फायदेमंद होती है।

# कैसे रहेगी ताजगी बरकरार

अक्सर हम सब्जियां खरीद कर उन्हें फ्रिज और किचन की टोकरी में रख देते हैं। कुछ चीजों की जगह तो जैसे फिक्स-सी हो गई है। आलू, प्याज जैसी सब्जियों के लिए किचन की टोकरी, तो नींबू, टमाटर और दूसरी सब्जियां फ्रिज की टोकरी में रख दी जाती हैं। यह सोचे बिना कि कौन-सी सब्जी कहां स्टोर करनी चाहिए। लेकिन क्या आप जानते हैं, अगर सब्जियों को देखकर उन्हें सही जगह स्टोर किया जाए, तो वह लंबे समय ताज़ा बनी रहती हैं। आइए जानें ऐसी ही कुछ जरूरी बातें, जो आपकी सब्जियों को बनाए रखेंगी कई दिनों तक फ्रेश।



### प्याज

अक्सर लोग प्याज लाने के बाद उसे पॉलीथीन में ही रख देते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। ऑक्सीजन की कमी उसकी लाइफ को कम कर देती है। प्याज को अंधेरी, सूखी और ठंडी जगह पर रखा जाए, तो वह लंबे समय तक ठीक रहती हैं, लेकिन ज़्यादा ठंडी जगह पर नहीं रखना चाहिए। इन्हें अखबार में या फिर कागज के बैग में छोटे-छोटे छेद करके लपेट देना चाहिए। दूसरी बात जो ध्यान रखनी चाहिए, आलू और प्याज को कभी भी एक साथ स्टोर नहीं करना चाहिए क्योंकि आलू में से जो गैस निकलती है वह प्याज को खराब कर सकता है।



### नींबू

अक्सर सभी घरों में नींबू काफी तेजी से इस्तेमाल और पसंद किए जाते हैं। अक्सर लोगों को सवाल होता है कि इन्हें लंबे समय तक जूसी और ताज़ा कैसे रखा जा सकता है? तो आपको बता दें कि नींबू को सिर्फ रेफ्रिजरेटर में ऐसे ही न रखें। इन्हें ज़िप लॉक में रखकर टाइट बंद कर दें। इन्हें काउंटर पर खुला छोड़ने से परहेज करें। ऐसा करने से नींबू का रस सूख जाता है। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि नींबूओं की नमी बरकरार रखने के लिए इन्हें पानी में डालकर छोड़ दें।

### केला

केलों को सड़ने से बचाने का सबसे आसान तरीका है, उसके क्राउन (केले का ऊपरी भाग, जहां उसकी जड़े मिलती हैं) को प्लास्टिक से लपेट कर रख दें। केले में से इथाइलीन नामक गैस निकलती है, जो कि फलों को पकाती है। इसकी जड़ को प्लास्टिक बैग से लपेटकर, उसमें पैदा होने वाली गैस को बचे हुए भाग तक पहुंचने से बचाया जा सकता है। इसकी ज़्यादातर गैस जड़ों के माध्यम से ही निकलती है। आप सही केलों को गुच्छे से अलग करके पके हुए केलों को अलग कर सकते हैं क्योंकि पके हुए केले ज़्यादा गैस रिलीज़ करते हैं। इसके अलावा, जड़ों को एक साथ अलग न करें, इससे भी केले जल्दी ब्राउन होते हैं।

### टमाटर

टमाटर को स्टोर करने से पहले हमें इस बात को जान लेना चाहिए कि उन्हें ठंडी जगह पर रखना चाहिए या नहीं। हम में से बहुत से लोग सोचते हैं कि फलों और सब्जियों को खराब होने से बचाने के लिए सबसे अच्छा तरीका है उन्हें रेफ्रिजरेटर में रख देना, लेकिन यह फॉर्मुला हर बार काम नहीं करता। बिना पके टमाटरों को कमरे के तापमान पर ही रखा जाना चाहिए, ताकि वह ज़्यादा जूसी और टेस्टी बन जाएं। ज़्यादा तापमान में वह अपना फ्लेवर खो देते हैं। सिर्फ पूरे पके हुए टमाटरों को ही प्लास्टिक बैग में करके फ्रिज में रखा जा सकता है लेकिन ध्यान रखें कि उन्हें इस्तेमाल करने के आधे घंटे पहले ही उन्हें फ्रिज से निकाल कर कमरे के तापमान पर ले आएं।

### आलू

लगभग हर घर की किचन में दिखने वाला आलू, काफी बहुमुखी होता है। लेकिन जब हम इन्हें अंकुरित देखते हैं, तो बहुत बुरा लगता है। इन्हें फ्रिज में रखने की जरूरत नहीं होती। बस, इन्हें जाली वाले बैग में रख दें। अगर आप इन्हें ठंडी जगह पर स्टोर कर देंगे, तो इनमें उपस्थित स्टार्च शुगर में बदलने लगता है, जिससे आपके खाने का स्वाद खराब हो जाता है। इन्हें रोशनी में बाहर निकाल कर ही रखें और आलूओं को कभी भी धोकर स्टोर न करें क्योंकि नमी से आलू खराब हो जाते हैं।



### मसाले

जीरा, धनिया, गरम मसाला, हल्दी, काली मिर्च, दालचीनी- ये कुछ ऐसे मसाले हैं, जिन्हें किचन में रखने के बाद देखने की जरूरत पड़ती है। अक्सर, हम इन्हें महत्वपूर्ण नहीं समझते और किचन के कैबिनेट में रखकर भूल जाते हैं। उन मसालों को इस्तेमाल करने से बचें, जिनकी टेस्ट और खुशबू खत्म हो चुकी हो। रोशनी, हवा, गर्मी और नमी मसालों के दुश्मन हैं। आप इन्हें टिन के जार में स्टोर कर सकते हैं लेकिन ध्यान रखें कि डिब्बे टाइट बंद हो और उन्हें गैस से दूर रखें।

### पनीर



पनीर अक्सर सभी लोगों का फेवरिट होता है इसे प्लास्टिक बैग में लपेट के इसके टेस्ट को खराब नहीं करना चाहिए। इसे स्टोर करते समय ध्यान रखना चाहिए कि यह आसानी से सांस ले सके और सूखे नहीं। इन्हें स्टोर करने का सबसे अच्छा तरीका है पार्चमेंट पेपर। यही नहीं, आप इन्हें सुरक्षित रखने के लिए टेप का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसे न ज़्यादा टाइट बंद करना है और न ही ज़्यादा ढीला। प्लास्टिक के अलावा, आप इसे एल्यूमीनियम फॉइल पेपर में लपेट सकते हैं। लंबे समय तक ताज़गी बनाए रखने के लिए जब भी आप इसे खोलें, तो कोशिश करें फिर से नए फॉइल में ही लपेटें। इसके साथ ही, अगर आप फ्रिज में पनीर रख रहे हैं, तो ध्यान रहे कि पनीर फ्रिज के नीचे वाले भाग में ही रखें। साथ ही, पनीर को फ्रिजर में रखने से उसकी नरमी खत्म हो जाती है। पनीर के कटे हुए किनारों को टूटने से बचाने के लिए उसके किनारों पर जैतून का तेल और कनोला तेल लगाया जा सकता है।

# इस तरह से धोएंगे तो क्रॉकरी बनी रहेगी चमकदार



**रसोई** में साफ-सफाई को लेकर औरतों को बहुत ध्यान देना पड़ता है। कांच के बर्तनों और मंहगी क्रॉकरी को लेकर जरा सी लापरवाही या जल्द बाजी से इनके टूटने का डर रहता है। इतना महंगी कांच की क्रॉकरी को संभाल कर न रखा जाए तो इस पर निशान पड़ने शुरू हो जाते हैं और यह जल्दी ही पुरानी भी लगनी शुरू हो जाती है। कुछ आसान टिप्स से इनकी चमक बरकरार रखी जा सकती है।

**1. गर्म पानी :** कांच के बर्तन साफ करते समय हमेशा गर्म पानी का इस्तेमाल करें। इस पर डिटर्जेंट का कम ही इस्तेमाल करें। गर्म पानी से बर्तन साफ भी हो जाते हैं और बैक्टिरिया भी खत्म हो जाएंगे। इससे चिकनाई नहीं रहेगी।

**2. जल्दी धोएं :** क्रॉकरी को दाग-धब्बों से बचाने के लिए इस्तेमाल के बाद जल्दी ही धो दें। इसे देर तक रखने पर दाग गहरे हो जाते हैं जिनको बाद में छुड़ाना मुश्किल हो जाता है।

**3. सिरका :** पानी में थोड़ा-सा सिरका डालकर मिक्स कर लें और क्रॉकरी को गुनगुने पानी से धोने के बाद सिरके वाले पानी में कुछ देर के लिए डुबो कर रखें। इसके बाद बिना धोए बर्तनों को सुखाएं।

**4. नींबू :** कांच के बर्तनों को धोने के बाद इन पर थोड़ा सा नींबू रगड़ दें। इससे क्रॉकरी पर पड़े सारे निशान गायब हो जाएंगे। नींबू रगड़ने के बाद इनको पानी से एक बार धो लें।

**5. टूथपेस्ट :** क्रॉकरी पर ब्रश पर साथ थोडा-सा टूथपेस्ट लगाकर इसे बर्तनों पर रगड़ें। इसके बाद गुनगुने पानी से बर्तन धो लें।

# घर में लगाएं ये पौधे, रहेंगे बीमारियों से बचें



पर्यावरण में नियमित बढ़ रहे प्रदूषण के कारण शारीरिक परेशानियों भी बढ़ती जा रही है। व्यक्ति का खुले में सांस लेना तक मुश्किल हो चुका है। ऐसे में जरूरत है तो अधिक से अधिक पौधे लगाना की, ताकि कुछ हद तक इस प्रदूषण के प्रकोप को रोका जा सकते है और पर्यावरण को शुद्ध किया जा सकें। आप भी अगर शुद्ध की सांस लेना चाहते है तो अपने घर पर ऐसे पौधे लगाएं, जिनसे प्रदूषण का खतरा कम और हवा बिल्कुल साफ रहें। हम आपको कुछ ऐसे ही पौधों के बारे में बताएंगे, जिनको घर पर लगाने से आप कई तरह की हैल्थ प्रॉबल्म से बचे रहेंगे।

**1.तुलसी :** तुलसी का पौधा दिन-रात ऑक्सीजन देता है और प्रदूषण को कंट्रोल रखता है। इसके अलावा इसको घर में लगाने का अलग और फायदा है, क्योंकि यह घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करता है।

**2. एलोवेरा :** एलोवेरा हवा को तो शुद्ध करता ही है, साथ ही इसमें कई विटामिन्स और मिनरल्स मौजूद है। इसके अलावा यह जले और कटे में काफी फायदेमंद है।

**3. गेंदा :** गेंदे का पौधा प्रदूषण को कम करता है। गेंदे का फूल और पत्तियां एंटीबायोटिक गुणों से भरपूर होते है। यह मच्छरों को दूर भगाने में सहायक है।

**4. चमेली :** चमेली के पौधे को घर में लगाने से हवा साफ रहती है। इसके अलावा इसकी खुशबू पूरे घर को महका देती है।

**5. अनार :** अनार का पेड़ प्रदूषण को कम करता है। इसके अलावा इसमें विटामिन्स , एंटी बैक्टीरियल और एंटी वायरस गुण मौजूद होते है।

# फटी एड़ियों से बचाव के उपाय

पैरों में रूखापन और खुजली काफी परेशानी दे सकती है। इनसे पैरों की खूबसूरती तो कम होती ही है साथ ही इससे एड़ियां फट भी सकती हैं। और यह सब दर्द का सबब भी बन सकता है। फिल्म पाकीज़ा का एक मशहूर डायलॉग है, आपके पैर बहुत हसीं हैं, जिन्हें जमीं पर मत रखिए मैले हो जाएंगे लेकिन, हम अक्सर अपने पैरों की सफाई और खूबसूरती को लेकर सजग नहीं रहते। नतीजा, फटी एड़ियां और उनमें पनपता संक्रमण। अगर आप भी फटी एड़ियों से परेशान हैं तो ये उपाय आपके लिए काफी मददगार हो सकते हैं।

### फटी एड़ियों से बचाव

» अपने पैरों में जरूरी नरमी बनाए रखें। एक अच्छा माश्चराइज़र लगाने के बाद सूती मोजे पहनें। इससे पैरों में जरूरी नमी बरकरार रहती है। तो वनस्पति तेल भी लगा सकती हैं।

» आरामदेह जूते पहनें। आपके जूते न तो अधिक टाइट होने चाहिए और न ही बहुत अधिक ढीले। सख्त जूते आपके पैरों के दर्द को बढ़ा सकते हैं।

» पैरों को साफ करने के लिए एंटी-सेप्टिक युक्त साबुन का इस्तेमाल करें। इससे आपके पैरों की सूखी त्वचा को तो आराम मिलेगा ही साथ ही कीटाणुओं से भी पैरों की रक्षा होगी।



» त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए प्युमैस स्टोन का प्रयोग करें। यह ऐसी सख्त त्वचा को हटाने का काम करता है जो बाद में टूट सकती है। इसे इस्तेमाल करते ध्यान रखें कि आप इतनी जोर से न रगड़ें कि दर्द होने लग जाए।

» पैरों पर कटा नीबू रगड़ने से वे नरम बने रहते हैं। हफ्ते में कम से कम एक बार अपने पैरों को नींबू से साफ करें। आप अपने पैरों को गर्म पानी के टब में भी डुबो सकते हैं जिसमे की 1 कप इप्सम नमक मिला हुआ हो।

» अपने पैरों को गीला न रखें। पैरों को अच्छी तरह सुखाने के बाद उन पर कुछ लोशन लगाएं। जिससे आपके पैर मुलायम बने रहें।

» अपनी सूखी त्वचा को कैंची से काटने को कोशिश न करें। इससे आसपास की त्वचा भी निकल सकती है। ऐसा करना कई बार काफी तकलीफदेह भी होता है। और साथ ही इससे त्वचा में संक्रमण होने का खतरा भी होता है।

» रोजाना कम से कम आठ से दस गिलास पानी पिएं। इसके साथ ही कैफीन और एल?कोहल से भी परहेज करें क्योंकि इनका अधिक सेवन शरीर में जल की मात्रा को कम कर देता है।

» कभी वक्त की कमी तो कभी किसी अन्य कारण के चलते आप अपनी सूखी त्वचा का सही प्रकार से उपचार नहीं कर पाते हैं। कई बार यह सब करने के बाद भी अपेक्षाकृत परिणाम नहीं मिलते हैं। तो ऐसे में आपको चाहिए कि आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें।

# कुछ छोटे-छोटे घरेलू नुस्खे, जो बदल दें आपकी जिंदगी

**हर** कोई चाहता है कि वह और उसका परिवार सेहतमंद रहे। आजकल की भागदौड भरी जिंदगी में सेहत से जुडी कोई न कोई परेशानी तो होती ही रहती है। छोटी-छोटी परेशानियों के लिए हर बार दवाइयां खाना भी अच्छा नहीं है। पुराने समय में तो लोग घरेलू नुस्खों से ही अपना इलाज करते थे। दादी नानी के ये असरदार नुस्खे उनको डॉक्टर से दूर रखने में भी मदद करते थे। आप भी इन छोटे-छोटे नुस्खों को अपनाकर सेहतमंद रह सकते हैं।

### 1. तुतलाने की आदत

कुछ बच्चे ठीक तरह से बोल नहीं पाते। बचपन में तो लाड-प्यार में यह बहुत अच्छे लगते हैं लेकिन जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते जाते हैं, उनकी यह आदत परेशानी बन जाती है। ऐसे में रात को सोने से कुछ देर पहले तोतला बोलने वाले व्यक्ति के मुंह में 2-3 मिनट के लिए भुनी हुई फिटकरी रख दें। इससे कुछ दिनों में ही फर्क दिखाई देने लगेगा। छोट बच्चे पर इस प्रयोग को न करें।



### 2. तुलसी

तुलसी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। जिन लोगों के पेट में अक्सर दर्द रहता है उनको तुलसी के पत्तों का पानी और अदरक के रस का काढ़ा पिलाएं।

### 3. सीने की जलन

आजकल सीने की जलन से बहुत लोग परेशान है। इसे एसिडिटी भी कहा जाता है। ठंड़े पानी में नींबू का रस डालकर पीने से इस परेशानी से जल्दी राहत मिलती है।

### 4. केला करें हजम

कुछ लोगों को केला खाना बहुत पसंद होता है लेकिन आसानी से न पचने के कारण वह इसे नहीं खाते। केले को आसानी से पचाने के लिए 2 हरी इलायची खाएं।

### 5. आम पचाएं

गर्मी के मौसम में लोग आम खाना बहुत पसंद करते हैं। कुछ लोगों को ज्यादा आम खाने से परेशानी भी होती है। आम को पचाने के लिए जरा-सा नमक चाट लें।

### 6. अनार के छिलके

मुंह में से बदबू आ रही हो तो इसके लिए अनाक के छिलके बहुत लाभकारी हैं। अनार के छिलकों को पानी में उबालकर ठंड़ा कर लें और इस पानी से कुल्ला करें।

### 7. पुदीने के पत्ते

हिचकी लगने पर पुदीने के कुछ पत्ते चबाएं। इससे हिचकी जल्दी बंद हो जाती है। इसके अलावा नींबू चूसने से भी फायदा मिलता है।

### 8. मछली का कांटा

मछली खाते समय गले में अगर मछली का कांटा फंस जाए तो तुरंत केला खा लें। इससे कांटा आसानी से निकल जाएगा।

### 9. चोट करें ठीक

अचानक से चोट लग जाए तो चोट पर थोड़ी सी दूध की मलाई लगा दें। इससे जल्दी आराम मिलेगा।

### 10. हींग और जीरा

खाना पचाने में परेशानी हो रही हो तो जीरा और हींग का सेवन करें।

## रेसिपी

### खमन ढोकला



**सामग्री**

100 ग्राम बेसन, 1 1/2 टीस्पून सूजी, 1/8 स्पून हींग, 1/2 स्पून नमक, 1 स्पून चीनी, 2 1/2 तेल, 1/2 स्पून नींबू का रस, 1 स्पून अदरक पेस्ट, 1/2 स्पून हरी मिर्च, 180 मि.ली पानी, 1 1/2 स्पून फ्रूट सॉल्ट, तेल, छौंक के लिए, 1 स्पून तेल, 1 स्पून सरसों के बीज, 4-5 हरी मिर्च, 10-12 करी पत्ते, 1 स्पून चीनी

**विधि**

एक बाऊल में बेसन, सूजी, हींग, नमक, चीनी डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इसमें तेल,नींबू के रस,अदरक का पेस्ट,हरी मिर्च,पानी डालकर मिला लें। अब इसमें फ्रूट साल्ट डालकर मिलाएं जब तक यह फूल न जाए। एक पैन में थोड़ा सा तेल लगाकर इसके ग्रीस कर लें और ढोकले का मिक्सचर इसमें डाल दें। इसे 20-25 मिनट के लिए भाप में पकाएं। अब छौंक लगाने के लिए एक पैन में तेल डालकर इसमें सरसों के बीज डालकर भूनें। इसके बाद इसमें कटी हुई हरी मिर्च,चीनी और करी पत्ता डालकर भूनें। इसे ठंड़ा होने पर ढोकले के ऊपर डाल दें और ढोकले को काटकर सर्व करें।

### मसाला नूडल्स डोसा



**साम्रगी**

2-3 कप दोसा बैटर, 1 कप पत्ता गोभी (उबली हुई), 1 कप धनिया (बारीक कटा हुआ), 3 चम्मच तेल, 1/2 कप पनीर (छोटे टुकड़ो में कटे हुए), 1/4 कप शिमला मिर्च (बारीक कटी हुई), 1/4 कप हरी मटर के दाने, 2 हरी मिर्च (बारीक कटी हुई), आधा चम्मच अदरक का पेस्ट, 1 छोटा चम्मच नींबू का रस, 1 छोटा चम्मच सोया सॉस, 1/4 छोटा चम्मच काली मिर्च पाऊडर, नमक स्वादनुसार

**विधि**

एक पैन में तेल गर्म करके उसमें अदरक और हरी मिर्च डालकर भूनें। इसके बाद मटर, शिमला मिर्च और पत्ता गोभी डाल कर अच्छी तरह 1-2 मिनट के लिए दोबारा भूनें। इसके बाद पनीर, नूडल, नमक, काली मिर्च, सोया सॉस, नींबू का रस और हरा धनिया डाल कर सारी चीजों को अच्छी तरह मिक्स करके इसे स्टफिंग के लिए तैयार कर लें। अब गैस पर नानस्टिक तवा रखकर उसमें थोड़ा सा तेल डालकर नेपकिन पेपर से पोंछ लें। अब हल्के गर्म तवे पर 1-2 चम्मच डोसा बैटर डालें और चम्मच से गोल-गोल पतला करके फैलाएं। दोसे के चारों ओर थोड़ा-थोड़ा तेल डाल लें। इसे नीचे से गोल्डन ब्राउन होने तक सेके। इसके बाद तैयार की गई नूडल्स डोसे के ऊपर फैलाएं। अब दोसे को नीचे की ओर से मोड लें। तवे से उतार कर प्लेट पर रखें। आपका मसाला नूडल्स डोसा तैयार है। आप इसे नारियल की चटनी, हरी धनिए की चटनी या फिर सांबर के साथ परोस सकते हैं।

# पूर्व विधायक प्रदीप नाईक की प्रथम पुण्यतिथि पर किया गया भावपूर्ण स्मरण

**किनवट 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** किनवट/माहुर विधानसभा क्षेत्र के जननायक, पूर्व विधायक दिवंगत प्रदीप नाईक की प्रथम पुण्यस्मरण समारोह का आयोजन दहेली तांडा स्थित उनके स्मारक पर विभिन्न सामाजिक उपक्रमों के साथ किया गया।




इस अवसर पर विभिन्न दलों के नेतागण, कार्यकर्ते और उनके चाहने वालों ने स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अभिवादन किया।

इस समय लोगों ने लोकप्रिय जननायक दिवंगत प्रदीप जी नाईक के कार्यों को याद करते हुए कहा कि उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। दिवंगत प्रदीप जी नाईक के प्रथम पुण्यस्मरण समारोह में स्मारक पर विधायक भिमराव केराम, नवनिर्वाचित नगराध्यक्षा सुजाता एड्रलवार, राका शप गुट की नेता श्रीमती बेबीताई नाईक, युवा नेता कपील नाईक, सुप्रिया कपील, युवा नेता करण एड्रलवार, एड. राहुल नाईक, कृउबा समिती सभापती गजानन मुंडे, एड. अर्चित नाईक, कृउबा उपसभापती राहुल नाईक, पूर्व नगराध्यक्ष आनंद मच्छेवार, बंडु नाईक, पूर्व नगराध्यक्ष के. मूर्ती अण्णा, ठाकूर जाधव, आनंदराव पाटील, बंडु पाटील समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति, नेतागण और कार्यकर्ते उपस्थित रहे।

सभी ने स्मारक पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि व अभिवादन किया। इस अवसर पर माहुर के नगराध्यक्ष फिरोज दोसानी ने अपने राजनीतिक गुरु, पूर्व विधायक दिवंगत प्रदीप नाईक के नाम से उनके कार्यों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन किया।

युवा नेता कपील नाईक ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किनवट, माहुर विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ परिसर के विभिन्न दलों के नेतागण, कार्यकर्ते और हमारे नाईक परिवार पर जो प्रेम और विश्वास आप सबने उपस्थित होकर दिखाया, उसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं।

# राज्यपाल ने दृष्टिबाधित छात्रों को डिजिटल सहायक उपकरण वितरित किए



**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने गुरुवार को लोक भवन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने दृष्टिबाधित छात्रों को डिजिटल सहायक उपकरण वितरित किए और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की।

वितरित किए गए ये कॉम्पैक्ट डिजिटल उपकरण आधुनिक तकनीक से लैस हैं। ये उपकरण कंपन के माध्यम से उपयोगकर्ताओं को उनके रास्ते में आने वाली बाधाओं के प्रति सचेत करते हैं। इससे दृष्टिबाधित छात्रों की सुरक्षा बढ़ेगी और वे अधिक आत्मविश्वास के साथ आवाजाही कर सकेंगे।

राज्यपाल ने इस आयोजन को नए साल की एक नेक शुरुआत बताया। उन्होंने राजभवन का नाम बदलकर लोक भवन किए जाने के बाद इस तरह के मानवीय कार्यों की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने इस पहल में सहयोग के लिए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी (तेलंगाना राज्य शाखा), माना अमेरिका तेलुगु एसोसिएशन और संकल्प फाउंडेशन के प्रयासों की जमकर सराहना की।

# पदचिह्नों से बाघ की गतिविधि की पुष्टि ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह



**मंचेरियाल रिपोर्टर, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पिछले दो दिनों से करीमनगर ग्रामीण मंडल के बहादुरखानपेट और वेदुगट्टा गांवों के बीच देखा गया एक बाघ अब चोप्पाडांडी मंडल के रुक्मपुर गांव की ओर चला गया है। वन अधिकारियों ने मंगलवार को तलाशी अभियान शुरू किया और बुधवार को रुक्मपुर के बाहरी इलाके में स्थित कृषि क्षेत्रों में बाघ के पदचिह्न पाए। अधिकारियों ने अनुमान लगाया कि यह लगभग तीन से चार वर्ष का नर बाघ है।

बाघ की गतिविधि की पुष्टि करते हुए वन रेंज अधिकारी शौकत हुसैन ने कहा कि वे रुक्मापुर से बाघ के प्रस्थान की दिशा का पता लगाने में असमर्थ रहे हैं। उन्होंने बताया कि टीमें बाघ के पदचिह्नों की जांच कर उसकी गतिविधि की दिशा का पता लगाने में जुटी हैं। आस-पास के गांवों के निवासियों को सतर्क करने के अलावा वन अधिकारियों ने गश्ती गतिविधियों में सहायता के लिए प्रत्येक गांव में दो स्वयंसेवकों को तैनात किया है।

वन अधिकारियों ने लोगों को कम से कम एक सप्ताह तक सतर्क रहने की सलाह दी है। किसानों से कहा गया है कि वे सुबह 7 बजे से पहले और शाम 5 बजे के बाद अपने खेतों में न जाएं। साथ ही किसानों को अकेले खेतों में न जाने और समूह में ही खेतों की ओर जाने की हिदायत दी गई है।

अधिकारियों के अनुसार शिकार के दौरान बाघ आमतौर पर प्रतिदिन 60 से 70 किलोमीटर की यात्रा करते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि जिले में वन क्षेत्र केवल लगभग 1.5 प्रतिशत होने के कारण यह क्षेत्र बाघों के लिए उपयुक्त आवास नहीं है। वन अधिकारियों का मानना है कि बाघ संभवतः साथी की तलाश में अपने सामान्य क्षेत्र से बाहर निकला होगा। उन्होंने कहा कि यह आकलन करना कठिन है कि बाघ आगे इसी दिशा में बढ़ता रहेगा या दिशा बदलकर गोदावरी नदी पार करके मंचेरियाल की ओर बढ़ेगा।

# नव वर्ष की ठंडी रात में यूरिया के लिए लंबी कतारों में किसान

**मंचेरियाल , 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जहां दुनिया नव वर्ष के जश्न की तैयारियों में जुटी थी, वहीं तेलंगाना के विभिन्न इलाकों में किसान कड़ाके की ठंड वाली रात और जमा देने वाली सुबह में लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर यूरिया की एक बोरी के लिए बेताब इंतजार करते नजर आए। वारंगल से खम्मम, महबूबबाद से नागरकुर्नूल तक जमीनी हकीकत कांग्रेस सरकार के दावों और आश्वासनों से बिल्कुल उलट दिखी।



बुधवार तड़के कंबल ओढ़े हुए किसान रायथु वेदिकाओं, पीएसीएस कार्यालयों और किसान सेवा केंद्रों पर रात भर डेरा डाले रहे। वारंगल जिले के उप्पलारापल्ली गांव में किसान ठंड में पूरी रात जागते रहे, जबकि खम्मम के कोनिजेरला मंडल में सुबह 3 बजे से ही लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। महिला किसानों और यहां तक कि बच्चों को भी इस कठिनाई का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर टोकन को लेकर झड़पें हुईं। मुष्टिकुंतला गांव में भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई, जब सैकड़ों लोग पीएसीएस कार्यालय के बाहर जमा हो गए, जिससे कर्मचारियों को कार्यालय बंद करके पुलिस की मदद लेनी पड़ी।

इस कमी ने रबी के महत्वपूर्ण मौसम में कृषि गतिविधियों को बाधित कर दिया है। किसानों ने शिकायत की कि उन्हें यूरिया की तलाश में खेतों का काम छोड़कर लौटना पड़ा और उन्होंने ऐप आधारित बुकिंग की व्यवस्था पर सवाल उठाया, क्योंकि काउंटरों पर उर्वरक उपलब्ध ही नहीं था। जगतियाल में एक सहकारी समिति में 450 बोरी यूरिया पहुंचने के बावजूद प्रति एकड़ केवल एक बोरी ही वितरित हो पाई। कुछ गांवों में यूरिया का वितरण पुलिस सुरक्षा में कराया गया।

इस बीच कांग्रेस सरकार ने जोर देकर कहा कि यूरिया की कोई कमी नहीं है। कृषि मंत्री थुम्मला नागेश्वर राव ने बताया कि राज्य में 2.15 लाख टन यूरिया का भंडार है, जो 47.68 लाख बोरियों के बराबर है, और किसानों से आग्रह किया कि वे घबराकर खरीदारी न करें। उन्होंने जमाखोरों और कालाबाजारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

हालांकि बीआरएस नेताओं ने तर्क दिया कि आंकड़े खुद समस्या उजागर कर रहे हैं। बीआरएस शासन के दौरान बफर स्टॉक 3.5 से 4 लाख टन के बीच रखा जाता था। उनका कहना है कि वर्तमान स्तर पर 12,700 गांवों में प्रति गांव औसतन केवल 376 बोरी ही उपलब्ध हैं, जो स्पष्ट रूप से अपर्याप्त है। पूर्व मंत्री और बीआरएस विधानसभा के उप नेता टी. हरीश राव ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी पुरानी गलतियों को दोहरा रही है और किसानों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि बीआरएस शासन के दौरान बुवाई से काफी पहले ही उर्वरकों की योजना बनाई जाती थी और उनकी खरीद कर ली जाती थी। हरीश राव का आरोप है कि पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने में सरकार की विफलता को छिपाने के लिए नया मोबाइल ऐप पेश किया गया है और पार्टी इस मुद्दे को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाएगी।

आधिकारिक रिपोर्टों के अनुसार राज्य में इस समय कुल बोया गया क्षेत्रफल 8.2 लाख एकड़ है, जबकि इस मौसम का सामान्य क्षेत्रफल 68.67 लाख एकड़ होता है। पिछले वर्ष की तुलना में यह आंकड़ा इसी अवधि के दौरान बोए गए 9.1 लाख एकड़ से लगभग 90,000 एकड़ कम है।

# सभी कर्मचारियों को परिवार की तरह जिम्मेदारी से काम करना चाहिए : जिला एसपी नितिका पंत



**कुमरमभीम आसिफाबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम आसिफाबाद जिला पुलिस कार्यालय में नव वर्ष 2026 का जश्न धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला एसपी श्रीमती नितिका पंत, आईपीएस ने पुलिसकर्मियों को संबोधित किया और नए साल में जिला पुलिसकर्मियों, उनके परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के स्वस्थ, खुशहाल और समृद्ध रहने की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग का मुख्य दायित्व जनता के प्रति जवाबदेही के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए जनता की आशाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्यों के निर्वहन में सभी को सामूहिक प्रयास करना चाहिए।

जिला एसपी ने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी पुलिसकर्मियों से सामूहिक जिम्मेदारी, एकता और समर्पण के साथ एक परिवार की तरह मिलकर काम करने और जिले की जनता को बेहतर पुलिस सेवाएं प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यदि कर्तव्य का निर्वाह अनुशासन, प्रतिबद्धता और आपसी सहयोग से किया जाए तो पुलिस विभाग पर जनता का विश्वास और भी बढ़ेगा।

कागज़नगर डीएसपी श्री वहीदुद्दीन, सर्किल इंस्पेक्टर, रिजर्व इंस्पेक्टर, विभिन्न विभागों के अधिकारी, सभी पुलिस थानों के सब-इंस्पेक्टर, जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, विशेष दल के कर्मी और अन्य पुलिसकर्मी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# चालक के बिना मदनूर सरकारी अस्पताल में बेकार पड़ा एंबुलेंस

**मदनूर, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** स्थानिक जनता की सेवा के लिए संयुक्त आंध्र प्रदेश की पूर्व सरकार ने मंडल केंद्र में 30 बिस्तरों वाला एक सरकारी अस्पताल निर्माण किया है। यह अस्पताल पांच एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है। प्रतिदिन सैकड़ों मरीज अस्पताल आते हैं। इसी प्रकार, हर सप्ताह परिवार नियोजन के ऑपरेशन भी किए जाते हैं। अस्पताल में डॉक्टरों और स्थानीय लोगों की आवाजाही के कारण हमेशा भीड़ रहती है।लेकिन अस्पताल में एंबुलेंस को चालक नहीं रहने से आज लाखों रूपये का आंबुलन्स बेकार पड़ा है।




स्थानीय लोगों का कहना है कि जहराबाद विस क्षेत्र के पूर्व सांसद बि. बि. पाटिल ने कुछ वर्ष पहले गरीब जनता की सेवा के लिए संसद निधि से मदनूर सरकारी दवाखाना को यह आंबुलन्स मंजूर किया था। आज यह आंबुलन्स स्थानिक दवाखाना परिसर में पड़ा है।उन्होंने आगे बताया कि इस आंबुलन्स पर कुछ माह पहले तक चालक उपस्थित थे, लेकिन जिला वैद्यकीय अधिकारियों ने चालकों को जिला व डिविजन केंद्र में भेज दिए, जिसके कारण आज गरीबों की सेवा में आने वाला यह आंबुलन्स बेकार पड़ा है। एंबुलेंस को चालक नहीं रहने के कारण अस्पताल आने वाले मरीजों को कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से तुरंत कार्रवाई करते हुए अस्पताल में बेकार पड़ा आंबुलन्स के लिए चालक की नियुक्ति करने की मांग की है, ताकि गरीब मरीजों को आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं समय पर उपलब्ध हो सकें।

# जि. चंद्रकांत को सीनियर सिटिजन्स एसोसिएशन से भावभीनी विदाई

**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बुधवार को हैदराबाद के प्रगतिनगर सीनियर सिटिजन्स एसोसिएशन द्वारा इन्फॉर्मेशन डिपार्टमेंट के रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर और एसोसिएशन के लाइफ मेंबर जी. चंद्रकांत को विदाई दी गई। चंद्रकांत जब अपने होम डिस्ट्रिक्ट बीदर के लिए रवाना हो रहे थे, तो एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सी.एच. कामैया, सीनियर सिटिजन शेषगिरी राव, प्रो. चंद्रमौली, एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी आई.वी. मोहनराव और अन्य एग्जीक्यूटिव मेंबर्स ने जी. चंद्रकांत को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



सम्मान मिलने के बाद जी. चंद्रकांत ने भावुक होते हुए कहा, मैंने बहुत कम समय में एसोसिएशन के सभी सदस्यों का प्यार और भरोसा कमाया है। मुझे सभी सदस्यों ने जो मदद और सहयोग दिया है, उसे मैं कभी भी नहीं भूलूंगा।

चंद्रकांत की पर्सनैलिटी के बारे में के. हरनाथ, प्रो. चंद्रमौली, शेषगिरी राव, वीर ब्रह्मचारी, पुलैया और अन्य ने उनके स्वभाव, मिलनसारिता और सेवा भावना पर रोशनी डाली।

प्रो. चंद्रमौली ने सुझाव दिया कि यदि संघ के सदस्य संघटीत होकर बाहर गांवों से यहां आने वाले सदस्यों के रहने के लिए चार0पांच कमरे बनाने की कोशिश करें, तो वे इसमें पूरा सहयोग करेंगे।

संघ के अध्यक्ष कामैया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि मोहनराव ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर एक चाय पार्टी का भी आयोजन किया गया।



# टी20 वर्ल्ड कप 2026 : ऑस्ट्रेलिया की प्रारंभिक टीम घोषित, कमिंस-हेजलवुड-टिम डेविड शामिल

**मेलबर्न,01 जनवरी (एजेंसियां) ।** आस्ट्रेलिया ने आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी प्रारंभिक (प्रोविजनल) टीम का ऐलान कर दिया है। चोट से उबर रहे पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और टिम डेविड को टीम में शामिल किया गया है। टीम की कमान एक बार फिर मिचेल मार्श के हाथों में होगी।

चयन समिति के अध्यक्ष जार्ज बेली ने कहा कि कमिंस, हेजलवुड और टिम डेविड की रिकवरी सही दिशा में है और तीनों के टूर्नामेंट तक फिट होने की पूरी उम्मीद है। कमिंस पीठ की चोट से उबर रहे हैं और इस महीने के अंत में उनका स्कैन होगा, जिसके बाद अंतिम टीम पर फैसला लिया जाएगा। बता दें की टिम डेविड को बाक्सिंग डे पर बिग बैश लीग मैच के दौरान ग्रेड-2 हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी। वहीं,जोश हेजलवुड एशेज सीरीज में एचिलीज़ में दर्द के कारण नहीं खेल पाए थे, जो हैमस्ट्रिंग समस्या के बाद उभरा, जबकि पैट कमिंस ने पीठ की चोट के बाद एशेज के तीसरे टेस्ट (एडिलेड) में वापसी की थी। बेली ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया के हवाले से कहा, टी20 टीम की हालिया सफलता को देखते हुए हमने भारत और श्रीलंका की परिस्थितियों के अनुरूप संतुलित टीम चुनी है। यह प्रारंभिक टीम है, जरूरत पड़ने पर सपोर्ट पीरियड से पहले बदलाव संभव हैं। स्पिन-भारी संयोजन भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए आस्ट्रेलिया ने स्पिन-भारी संयोजन रखा है। टीम अपने ग्रुप-बी के मुकाबले कोलंबो और पल्लेकेले में खेलेगी। कैमरन ग्रीन और कूपर कानाली की टीम में वापसी हुई है, जबकि जोश इंग्लिस टीम के एकमात्र विकेटकीपर हैं। मिचेल ओवेन और बेन ड्वार्शुइस को टीम में जगह नहीं मिली। वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज की टीम बाद में घोषित की जाएगी।

**आस्ट्रेलिया की प्रारंभिक टीम (टी20 वर्ल्ड कप):** मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कानाली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), मैथ्यू कुनेमन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शार्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम ज़म्पा।

## न्यूज ब्रीफ

### एशेजः सिडनी टेस्ट के लिए आस्ट्रेलिया की टीम घोषित, उस्मान ख्वाजा को फिर मौका

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के पांचवें और आखिरी टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह मुकाबला 4 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के मुताबिक नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ एक बार फिर टीम की कमान संभालेंगे। पैट कमिंस पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण एशेज सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट नहीं खेल पाए थे। इसके बाद उन्होंने एडिलेड टेस्ट में वापसी की और टीम की कप्तानी करते हुए आस्ट्रेलिया को जीत दिलाई, जिससे मेजबान टीम ने एशेज अपने नाम कर ली। हालांकि, टीम प्रबंधन ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 को ध्यान में रखते हुए कमिंस को शेष सीरीज में आराम देने का फैसला किया है। कमिंस भारत और श्रीलंका में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए आस्ट्रेलिया की अस्थायी टीम का भी हिस्सा हैं। इस बीच टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की अटकलों के बावजूद 39 वर्षीय उस्मान ख्वाजा को सिडनी टेस्ट के लिए टीम में बनाए रखा गया है। मौजूदा एशेज सीरीज में ख्वाजा ने बतौर सलामी बल्लेबाज शुरुआत की थी, लेकिन पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में पीठ में ऐंठन के कारण वह बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर सके। इसके चलते वह ब्रिस्बेन टेस्ट से बाहर रहे और एडिलेड टेस्ट में भी शुरुआत में टीम में शामिल नहीं थे। हालांकि, स्टीव स्मिथ की बीमारी के कारण ख्वाजा को नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए बुलाया गया। चौथे एशेज टेस्ट में ख्वाजा ने मिडिल आर्डर में ट्रैविस हेड और जैक वेदराल्ड के साथ बल्लेबाजी की। इस मैच में उन्होंने पहली पारी में 52 गेंदों पर 29 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में वह खाता नहीं खोल सके। मौजूदा सीरीज में ख्वाजा अब तक तीन मैचों की पांच पारियों में 153 रन बना चुके हैं, जिसमें एडिलेड टेस्ट में लगाया गया एक अर्धशतक शामिल है। उनका औसत 30.60 का रहा है। बाक्सिंग डे टेस्ट में मेलबर्न में बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड टीम से चार विकेट से हार झेलने के बाद आस्ट्रेलियाई टीम सिडनी टेस्ट में वापसी करने के इरादे से उतरेगी।



### रियल मैड्रिड को झटकाः घुटने की चोट के कारण किलियन एम्बाप्पे बाहर

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड के स्टार फारवर्ड किलियन एम्बाप्पे बाएं घुटने में चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं। स्पेनिश क्लब ने बुधवार को एक संक्षिप्त बयान जारी कर बताया कि फ्रांस के इस सुपरस्टार को घुटने में मोच (स्प्रेन) आई है, हालांकि उनकी वापसी को लेकर कोई समय-सीमा नहीं बताई गई है। फ्रांस के प्रतिष्ठित खेल अखबार के अनुसार, एम्बाप्पे कम से कम तीन हफ्तों तक मैदान से दूर रह सकते हैं। अखबार ने किसी आधिकारिक सूत्र का हवाला नहीं दिया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एम्बाप्पे पिछले कई हफ्तों से घुटने के लैटरल लिगामेंट से जुड़ी समस्या से जूझ रहे थे और बुधवार सुबह कराई गई एमआरआई जांच में ऐसी चोट (लेज़न) सामने आई है, जिसके लिए इलाज और आराम जरूरी है। एम्बाप्पे इस समय शानदार फार्म में थे। इसी महीने की शुरुआत में उन्होंने 2025 में रियल मैड्रिड के लिए अपना 59वां गोल दागा था, जिसके साथ ही उन्होंने एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक गोल करने का क्लब रिकार्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बराबर कर लिया। पेरिस सेंट-जर्मन से 2024 की गर्मियों में रियल मैड्रिड से जुड़े एम्बाप्पे इस सीजन अब तक कुल 29 गोल कर चुके हैं, जिनमें से 18 गोल ला लीगा में हैं और वह लीग के शीर्ष स्कोरर भी हैं।



### दोस्तों के साथ गोवा में घूमती दिखी सारा के हाथ में बोतल देखकर भड़के प्रशंसक

**पणजी।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर ने अपनी अलग ही पहचान बनायी है। वह फिटनेस इंडस्ट्री से जुड़ी हैं। उनकी सोशल मीडिया पर वह छायी रहती है। वहीं अब उनका एक वीडियो आया है जिससे प्रशंसक हैरान हैं। इसमें सारा तेंदुलकर अपने दोस्तों के साथ ही गोवा की एक सड़क पर दिख रही हैं और उनके हाथ में एक बोतल है जिससे देखकर प्रशंसक नाराज हैं। इससे वह ट्राल भी हुई हैं। कुछ लोगों ने उनके हाथ में पकड़ी हुई बोतल को बीयर की बोतल मानने हुए ही उनपर सख्त टिप्पणियां की हैं हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया है कि वीडियो कब का है। जहां सोशल मीडिया में हुछ लोगों ने उनकी आलोचना की है। वहीं कई लोग बचाव में भी आये है। कुछ लोगों का कहना है कि ये नये साल के जश्न की तस्वीरें हो सकती हैं। कई लोगों ने ट्रोल करने वालों की छोटी मानसिकता पर कड़े सवाल उठाए और कहा कि किसी के हाथ में बोतल देखकर ही उसे शराब मान लेना और उस पर ताने कसना ठीक नहीं है। इन लोगों का कहना है कि सारा को अपने अनुसार जीने की आजादी है। साथ ही कहा कि उनके निजी विकल्पों को उनके पिता के करियर से जोड़ना सही नहीं होगा। इससे एक बार फिर दिखा है कि सेलिब्रिटी बच्चों के जीवन में लोग सोशल मीडिया के जरिये दखलअंदाज करते रहते हैं। सारा ने फिटनेस जगत में अपनी अलग पहचान बनायी है।



# नए साल में भारतीय हॉकी के सामने वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स की बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली,01 जनवरी (एजेंसियां) ।**

**साल 2025 में शानदार उपलब्धियों के बाद भारतीय हाकी टीम 2026 में बेहद व्यस्त और अहम अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ कदम रख रही है। एक ओर जहां टीम की नजरें एफआईएच हाकी विश्व कप में मजबूत प्रदर्शन पर होंगी। दूसरी ओर जापान में होने वाले एशियन गेम्स में खिताब बचाने की चुनौती भी सामने होगी।**



नए साल की शुरुआत हीरो हाकी इंडिया लीग (हीरो एचआईएल) के दूसरे सीजन से होगी, जो सफल वापसी के बाद एक बार फिर चर्चा में है। महिला हीरो एचआईएल का समापन 10 जनवरी को रांची में होगा, जबकि पुरुष हीरो एचआईएल 3 जनवरी से 26 जनवरी तक खेली जाएगी। इस दौरान मुकाबले चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में होंगे, जबकि फाइनल मैच कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर में आयोजित किया जाएगा।

घरेलू सीजन के बाद भारतीय पुरुष टीम एफआईएच प्रो लीग के भारतीय चरण में हिस्सा लेगी। यह मुकाबले 10 से 15 फरवरी के बीच राउरकेला स्थित बिरसा मुंडा हाकी स्टेडियम में होंगे। इसके बाद टीम आस्ट्रेलिया में 21 से 25 फरवरी तक शेष प्रो लीग मैच खेलेगी। जून में प्रो लीग के अंतिम मुकाबले नीदरलैंड्स और यूनाइटेड किंगडम में आयोजित किए जाएंगे।

भारतीय महिला हाकी टीम मार्च में एक अहम चुनौती का सामना करेगी। टीम 8 से 14 मार्च तक हैदराबाद में आयोजित विश्व कप क्वालिफायर में खेलेगी। यह टूर्नामेंट 2026 एफआईएच महिला हाकी विश्व कप (बेल्जियम और नीदरलैंड्स) में जगह बनाने का आखिरी मौका होगा। इस क्वालिफायर में इंग्लैंड, स्काटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और आस्ट्रिया जैसी मजबूत टीमें हिस्सा लेंगी। साल का सबसे बड़ा आयोजन एफआईएच हाकी विश्व कप अगस्त में खेला जाएगा। बेल्जियम और नीदरलैंड्स की संयुक्त मेजबानी में यह टूर्नामेंट 15 से 30 अगस्त तक होगा, जहां भारतीय टीम हालिया ओलंपिक सफलता को आगे बढ़ाते हुए पदक जीतने का लक्ष्य रखेगी। सितंबर में भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमें 20वें एशियन गेम्स के लिए जापान के आइची-नागोया रवाना होंगी। यह महाकुंभ 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होगा। गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम खिताब बचाने के साथ-साथ लास एंजेलिस ओलंपिक 2028 के लिए सीधा क्वालिफिकेशन हासिल करने की कोशिश करेगी। इन बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के साथ-साथ हाकी इंडिया घरेलू स्तर पर भी मजबूत कैलेंडर लागू करने जा रही है, ताकि युवा खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा प्रतिस्पर्धी अनुभव मिल सके और भविष्य के सितारों की पहचान की जा सके।

### भारतीय हाकी टीम का 2026 कैलेंडर

- **पुरुष हीरो हाकी इंडिया लीग:** 3-26 जनवरी 2026
- **महिला हीरो हाकी इंडिया लीग:** 28 दिसंबर 2025-10 जनवरी 2026
- **एफआईएच पुरुष प्रो लीग (भारत):** 10-15 फरवरी 2026
- **एफआईएच पुरुष प्रो लीग (आस्ट्रेलिया):** 21-25 फरवरी 2026
- **एफआईएच पुरुष प्रो लीग (नीदरलैंड्स व यूके):** 14-28 जून 2026
- **महिला विश्व कप क्वालिफायर:** 8-14 मार्च 2026
- **एफआईएच हाकी विश्व कप:** 15-30 अगस्त 2026
- **आइची-नागोया एशियन गेम्स:** 19 सितंबर-4 अक्टूबर 2026

**नेशंस कप:** तिथि तय नहीं।

# विजय हजारे ट्रॉफी में मुम्बई ने गोवा, कर्नाटक ने पुडुचेरी को हराया



**मुम्बई,01 जनवरी (एजेंसियां) ।**

**विजय हजारे ट्राफी के चौथे दौर के मुकाबले में मुंबई ने गोवा को 87 रन से हरा दिया। इस मुकाबले में सरफराज खान ने 75 गेंदों में ही 157 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इससे मुंबई ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 444 रन बनाये। सरफराज ने अपनी इस पारी में 9 चौके और 14 छक्के लगाये।**

उनके अलावा हार्दिक तामोरे ने 53, मुशीर खान ने 60 और ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 46 रन बनाये। वहीं गोवा की ओर से दर्शन ने 3 विकेट लिए जबकि वी. कौशिक और ललित यादव को 2-2 विकेट मिले। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए गोवा की टीम 9 विकेट पर 357 रन ही बना पायी। गोवा की ओर से केवल अभिनव तेजराना ने शतकीय पारी पर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये।

### सरफराज, मयंक और पडिक्कल के शतक

वहीं एक अन्य मुकाबले में कर्नाटक ने पुडुचेरी को हराया। इस मैच में कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल और देवदत्त पडिक्कल ने शतक लगाये। इसी के साथ ही पडिक्कल ने इस सत्र का अपना तीसरा शतक लगाया। पुडुचेरी के खिलाफ मुकाबले में मयंक ने 132 और देवदत्त पडिक्कल ने 113 रन बनाए, जिसकी सहायता से कर्नाटक ने 4 विकेट पर 363 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पुडुचेरी की टीम 296 रन ही बना पायी। इस प्राकर कर्नाटक ने 67 रन से मुकाबला जीता वहीं ग्रुप-बी के एक मुकाबले में बंगाल ने जम्मू-कश्मीर को 9 विकेट से हराया। जम्मू-कश्मीर के दिये 64 रन के लक्ष्य को बंगाल ने 10वें ओवर में ही हासिल कर लिया। वहीं केरल ने राजस्थान को 2 विकेट से हराकर नाकआउट में प्रवेश की उम्मीदे बनाये रखीं हैं। केरल ने राजस्थान के खिलाफ 345वें रनों का कठिन लक्ष्य हासिल कर सभी को हैरत में डाल दिया।

## सीएएफ अफ्रीका कप



मोरक्को में सीएएफ अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल के ग्रुप ई में अल्जीरिया के जिनेडिन बिलेड गोल दागते हुए।

# ब्राज़ील के दिग्गज फुटबॉलर रॉबर्टो कार्लोस को हार्ट की समस्या, अस्पताल में भर्ती

**रियो डी जेनेरियो,01 जनवरी (एजेंसियां) ।** ब्राज़ील और रियल मैड्रिड के पूर्व स्टार डिफेंडर राबर्टो कार्लोस को दिल से जुड़ी समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



स्पेन के प्रतिष्ठित खेल अख़बार डियारियो एएस के अनुसार, 52 वर्षीय कार्लोस को ब्राज़ील में छुट्टियां मनाने के दौरान मेडिकल जांच करानी पड़ी, जिसमें उनके हृदय की कार्यप्रणाली में गड़बड़ी पाई गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, राबर्टो कार्लोस शुरुआत में पैर में छोटे रक्त के थक्के (ब्लड क्लाट) की जांच कराने पहुंचे थे। हालांकि, जब पूरे शरीर का एमआरआई किया गया तो डाक्टरों को पता चला कि उनका दिल ठीक से काम नहीं कर रहा है। इसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कर सर्जरी की गई, जिसमें हृदय में कैथेटर डाला गया।

यह प्रक्रिया करीब 40 मिनट की होनी थी, लेकिन एक जटिलता के कारण सर्जरी लगभग तीन घंटे तक चली। राहत की बात यह रही कि आपरेशन सफल रहा। फिलहाल राबर्टो कार्लोस खतरे से बाहर हैं, लेकिन डाक्टरों की निगरानी में उन्हें अगले 48 घंटे तक अस्पताल में ही रखा जाएगा। अख़बार के अनुसार, राबर्टो कार्लोस से संपर्क करने पर उन्होंने कहा, अब मैं ठीक हूं। राबर्टो कार्लोस फुटबाल इतिहास के सबसे आक्रामक लेफ्ट बैक खिलाड़ियों में गिने जाते हैं।

उन्होंने ब्राज़ील के लिए 125 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और रियल मैड्रिड के साथ 11 साल तक शानदार करियर बिताया। वह 1998 फीफा वर्ल्ड कप की उपविजेता और 2002 वर्ल्ड कप जीतने वाली ब्राज़ील टीम का हिस्सा रहे। इसके अलावा, उन्होंने 1997 और 1999 में कोपा अमेरिका जीता और रियल मैड्रिड के साथ तीन बार चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। राबर्टो कार्लोस अपने ऐतिहासिक बनाना फ्री किक के लिए भी दुनिया भर में मशहूर हैं। 1997 में फ्रांस के लियोन में हुए एक प्रदर्शनी टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने 35 गज दूर से गेंद को अपने बाएं पैर के बाहरी हिस्से से ऐसा मोड़ा कि वह फ्रांस की तीन खिलाड़ियों की दीवार को चकमा देती हुई सीधे गोल में समा गई। यह गोल इतना असाधारण था कि वैज्ञानिकों ने भी इसका विश्लेषण किया।

गेंद पहले पूरी तरह बाहर जाती हुई दिखाई दी, यहां तक कि गोल के पास खड़ा बाल बाय भी झुक गया, लेकिन आखिरी पल में गेंद ने अचानक दिशा बदली और नेट में चली गई। फ्रांस के गोलकीपर फैबियन बार्तेज़ हिल तक नहीं पाए।

राबर्टो कार्लोस ने उस समय दावा किया था कि उन्होंने ऐसा शाट पहले भी इंटर मिलान के लिए खेलते हुए रोमा के खिलाफ लगाया था, हालांकि 1997 जैसा करिश्मा वह दोबारा नहीं दोहरा सके।

# सड़क हादसे के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज हुए एंथनी जोशुआ, दो करीबी साथियों की मौत

**लागोस,01 जनवरी (एजेंसियां) ।**

**ब्रिटिश मुक्केबाज़ और दो बार के पूर्व हेवीवेट वर्ल्ड चैंपियन एंथनी जोशुआ को नाइजीरिया में हुए सड़क हादसे के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। नाइजीरियाई अधिकारियों ने बुधवार देर रात इसकी पुष्टि की।**

यह हादसा सोमवार को लागोस के पास हुआ, जिसमें जोशुआ के दो करीबी सहयोगी और टीम सदस्य — सीना घामी और लतीफ लैट्ज़ अयोदेल — की मौत हो गई। घामी जोशुआ के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच थे, जबकि अयोदेल उनके ट्रेनर थे।

हादसे के बाद मामूली चोटों के चलते एंथनी जोशुआ को लागोस के लैगून अस्पताल में निगरानी में रखा गया था। उनके प्रमोटर एडी हर्न की कंपनी मैचरूम बाक्सिंग ने बताया था कि उनकी हालत स्थिर है।

लागोस राज्य के सूचना आयुक्त गबेंगा ओमोटोसो ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बयान जारी कर कहा कि चिकित्सकीय रूप से फिट पाए जाने के बाद जोशुआ को बुधवार दोपहर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया और उन्हें घर पर आराम करने की सलाह दी गई है।

ओमोटोसो के अनुसार, एंथनी जोशुआ और उनकी मां बुधवार दोपहर लागोस के एक अंतिम संस्कार गृह में मौजूद थे, जहां उन्होंने अपने दोनों दिवंगत दोस्तों को अंतिम श्रद्धांजलि दी। दोनों शवों को देर शाम उनके देशों में भेजने की प्रक्रिया पूरी की गई।



हादसे से कुछ घंटे पहले ही जोशुआ और अयोदेल ने सोशल मीडिया पर साथ में टेबल टेनिस खेलते हुए वीडियो साझा किया था।

इससे पहले बुधवार को एडी हर्न ने हादसे में जान गंवाने वाले दोनों लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, लैट्ज़ और सीना, शांति से आराम करें। आपकी ऊर्जा, निष्ठा और कई बेहतरीन गुण हमेशा याद किए जाएंगे। इस कठिन समय में उनके परिवार, दोस्तों और एजे के लिए प्रार्थना करता हूं।

यह दुर्घटना लागोस-इबादान एक्सप्रेसवे पर सुबह करीब 11 बजे हुई, जब जोशुआ और उनकी टीम जिस वाहन में यात्रा कर रही थी, वह सड़क पर खड़े एक ट्रक से टकरा गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में जोशुआ को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकालते हुए दर्द में कराहते देखा गया। गौरतलब है कि नाइजीरिया जोशुआ के माता-पिता का मूल देश है।

इस हादसे के बाद नाइजीरिया में सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंताएं बढ़ गई हैं। फेडरल रोड सेफ्टी कार्प्स के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2024 में देश में 9,570 सड़क दुर्घटनाओं में 5,421 लोगों की मौत हुई, जो 2023 के मुकाबले 340 अधिक है।

गौर करने वाली बात यह भी है कि हादसे से महज 10 दिन पहले ही एंथनी जोशुआ ने मियामी में नेटफ्लिक्स पर हुए मुकाबले में यूट्यूबर से बाक्सर बने जेक पाल को नाकआउट किया था। इस मुकाबले को उन्होंने भविष्य में बड़े खिताबी मुकाबलों की तैयारी और फिटनेस सुधार के उद्देश्य से खेला था।




# चीन में वनप्लस टर्बो 6 और टर्बो 6वी जल्द होंगे लांच

**नई दिल्ली,01 जनवरी (एजेंसियां) ।**

नई टर्बो सीरीज के स्मार्टफोन, वनप्लस टर्बो 6 और टर्बो 6वी, 8 जनवरी 2026 को चीन में लॉन्च होंगे। इस संबंध में वनप्लस ने आधिकारिक घोषणा की है। इन मॉडलों में 9,000एमएएच की बड़ी बैटरी दी जाएगी, जो लंबी गेमिंग, वीडियो स्ट्रीमिंग और मल्टीटास्किंग के दौरान भी पर्याप्त बैकअप प्रदान करेगी। दोनों फोन पावरफुल बैटरी, हाई-एंड प्रोसेसर और प्रीमियम फीचर्स के साथ तैयार किए गए हैं। साथ ही, 80वॉट वायर्ड फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट भी मिलेगा, जिससे फोन तेजी से चार्ज हो सकेगा। टर्बो 6 में 27 वॉट रिवर्स चार्जिंग की सुविधा भी दी जाएगी, जिससे इसे पावर बैंक की तरह इस्तेमाल किया जा सकेगा। वनप्लस टर्बो 6 में क्वालकॉम स्नैपड्रेगन 8एस जेन 4 चिपसेट होगा, जबकि टर्बो 6वी में स्नैपड्रेगन 7एस जेन 4 एसओसी मिलने की उम्मीद है। दोनों ही फोन एलपीडीडीआर5एक्स रैम और यूएफएस 4.1 स्टोरेज सपोर्ट के साथ आएंगे, जो तेज़ डेटा एक्सेस और स्मूद मल्टीटास्किंग को सुनिश्चित करेगा।

वनप्लस टर्बो 6 में 1.5के रिज़ोल्यूशन वाली स्क्रीन और 165एचझेड सुपर-हाई रिफ्रेश रेट देखने को मिलेगी, जबकि वनप्लस टर्बो 6 वी में 6.8-इंच 1.5के आलेड डिस्प्ले और 144एचझेड रिफ्रेश रेट होगा, जिससे बेहतर कंट्रास्ट और रंग गुणवत्ता मिलेगी। दोनों मॉडलों में डुअल रियर कैमरा सेटअप होगा, जिसमें 50एमपी का प्राइमरी लेंस और सेकेंडरी कैमरा शामिल होगा। फ्रंट कैमरा 32एमपी का होगा, जो सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए उपयुक्त है।

## नए साल में पेश होगा नया फोन हॉनर पावर 2




**नई दिल्ली।** ऑनर कंपनी 2026 के पहले क्वार्टर में अपना नया फोन हॉनर पावर 2 पेश करने जा रही है। कंपनी ने हाल ही में पोस्टर जारी कर इसकी लॉन्च डेट कन्फर्म की है। ऑनर ने हाल ही में अपने 10,000 एमएएच बैटरी वाले विन और विन आरटी स्मार्टफोन्स लॉन्च किए थे। यह फोन 5 जनवरी को लॉन्च होगा और इसमें 10080 एमएएच की बड़ी बैटरी दी जाएगी। ऑनर के मुताबिक, इस बैटरी के साथ फोन 20.3 घंटे का स्क्रीन-ऑन समय, 22 घंटे का शॉर्ट वीडियो प्लेबैक और 14.2 घंटे की गेमिंग अनुभव प्रदान कर सकेगा। हॉनर पावर 2 में 6.79 इंच का एलटीपीएस ओलेड डिस्प्ले दिया जाएगा, जिसका रिज़ॉल्यूशन 1.5के होगा और यह 120एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ आएगा। डिस्प्ले की पीक ब्राइटनेस 8000 निट्स तक होने की संभावना है। फोन एंड्राएड 16 आधारित मैजिक ओएस 10 पर चलेगा और ऑल-न्यू डायमेंसिटी 8500 इलाइट चिपसेट से लैस होगा, जो बेहतर सीपीयू और जीपीयू परफॉर्मेंस देगा। इसके अलावा, फोन 12जीबी रैम और 256जीबी/ 512जीबी स्टोरेज वेरिएंट में उपलब्ध होगा, और इसमें 12जीबी तक की वर्चुअल रैम भी शामिल होगी, जिससे टोटल रैम 24जीबी तक बढ़ जाएगी। कैमरा सेटअप की बात करें तो इसमें डुअल रियर कैमरा मिलेगा, जिसमें 50एमपी का प्राइमरी और 5एमपी का अल्ट्रावाइड लेंस शामिल होगा। सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 16एमपी का फ्रंट कैमरा मौजूद होगा। फोन का रियर लुक आईफोन 17 प्रो सीरीज से इंस्पायर है और यह तीन रंगों स्नो वाइट, मिडनाइट ब्लैक और सनराइज ऑरेंज में लॉन्च किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### तंबाकू पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से होगा लागू



**नई दिल्ली।** तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर 01 फरवरी से लागू होंगे। तंबाकू और पान मसाला पर लगने वाले नए कर, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के अतिरिक्त होंगे। ये उस क्षतिपूर्ति उपकर की जगह लगा, जो वर्तमान में ऐसे ''हानिकारक उत्पादों'' पर लगाया जा रहा है। सरकार की अधिसूचना के मुताबिक, एक फरवरी, 2026 से पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू और इसी तरह के उत्पादों पर 40 फीसदी की दर से जीएसटी लगेगा जबकि 'बीड़ी' पर 18 फीसदी जीएसटी लगेगा। इसके अतिरिक्त, पान मसाला पर स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर लगाया जाएगा जबकि तंबाकू एवं संबंधित उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगेगा। वित्त मंत्रालय ने चबाने वाले तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू व गुटखा पैकिंग मशीन (क्षमता निर्धारण एवं शुल्क संग्रह) नियम, 2026 बुधवार देर रात को अधिसूचित किए। उल्लेखनीय है कि संसद ने उन दो विधेयकों को दिसंबर में मंजूरी दी थी, जो पान मसाला बनाने पर नए स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर और तंबाकू पर उत्पाद शुल्क लगाने की अनुमति देते हैं। केंद्र सरकार ने इन शुल्क के एक फरवरी से लागू होने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस अधिसूचना के मुताबिक अलग-अलग दरों पर लगाया जाने वाला मौजूदा जीएसटी मुआवजा उपकर एक फरवरी से समाप्त हो जाएगा।

### पल्सर बजाज ऑटो की सबसे ज्यादा बिकने वाली बाइक बनी



**नई दिल्ली।** बीते नवंबर महीने में बजाज ऑटो कंपनी की पल्सर बाइक सबसे ज्यादा बिकने वाली बाइक बनी रही। नवंबर 2025 में पल्सर को 1,13,802 नए ग्राहकों ने खरीदा। हालांकि सालाना आधार पर इसकी बिक्री में 0.58 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई हो, लेकिन इसके बावजूद पल्सर ने बजाज की कुल बिक्री में 59.5 प्रतिशत की बड़ी हिस्सेदारी हासिल की। बजाज की कुल बिक्री में पल्सर का योगदान यह साफ दर्शाता है कि युवाओं के बीच इस ब्रांड की लोकप्रियता अब भी बरकरार है। दमदार इंजन, स्पोर्टी लुक और अलग-अलग सेगमेंट में उपलब्ध वेरिएंट्स ने पल्सर को हर वर्ग के ग्राहकों की पसंद बनाए रखा है। बिक्री के मामले में दूसरे स्थान पर बजाज चेतक रही। इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में चेतक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नवंबर में 38,022 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। सालाना आधार पर चेतक की बिक्री में 47 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई, जो इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को दर्शाती है। तीसरे नंबर पर बजाज प्लैटिना रही, हालांकि इसकी बिक्री में 28 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई। इसके अलावा बजाज सिटी, अवेंजर, फ्रीडम और डोमिनार जैसी बाइक्स का योगदान सीमित रहा। कुल मिलाकर, पल्सर ब्रांड बजाज ऑटो की रीढ़ बना हुआ है।

### इंडिगो पर 458 करोड़ रुपए से ज्यादा का जीएसटी जुर्माना, वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 की असेसमेंट से जुड़ा मामला




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पर दिल्ली साउथ कमिश्नरेट के सीजीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त ने 458 करोड़ रुपए से ज्यादा का जीएसटी जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 तक के लिए है। जीएसटी विभाग ने विदेशी सप्लायर से मिली कंपनसेशन पर टैक्स, ब्याज और जुर्माना लगाया, साथ ही इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को भी खारिज किया। कंपनी का कहना है कि यह आदेश कानून के खिलाफ है और इसे कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। इंडिगो को हाल ही में इनकम टैक्स विभाग ने 944.20 करोड़ का जुर्माना भी लगाया। यह 2021-22 असेसमेंट ईयर के लिए इनकम टैक्स एक्ट 270ए के तहत आया। कंपनी ने इसे भी निराधार बताया।

# साल के पहले दिन बढ़ी कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 111 रुपये महंगा हुआ 19 किलोग्राम वाला सिलेंडर

### घरेलू इस्तेमाल वाले गैस सिलेंडर के भाव में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली,01 जनवरी (एजेंसियां) ।**

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने साल 2026 के पहले दिन ही एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। हालांकि ये बढ़ोतरी सिर्फ 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर तक सीमित है, घरेलू इस्तेमाल वाले 14.2 किलोग्राम के एलपीजी गैस सिलेंडर के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया गया है। साल के पहले दिन ही कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 111 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई। नई कीमत लागू हो गई है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,691.50 रुपये हो गई है। भाव में बढ़ोतरी होने के पहले ये 1,580.50 रुपये की कीमत में उपलब्ध होता था। इसी तरह कोलकाता में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,684 रुपये से बढ़कर अब 1,795 रुपये हो गई है। मुंबई में ये अब 1,642.50 रुपये में मिलेगा, जबकि पहले इसकी कीमत 1,531.50 रुपये थी। चेन्नई में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,739.50 रुपये से बढ़ा कर अब 1,849.50 रुपये कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का इस्तेमाल होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और अन्य व्यावसायिक संस्थानों में होता है। इससे पहले साल के आखिरी महीने दिसंबर में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कटौती की गई थी। पिछले महीने के पहले दिन 1 दिसंबर 2025 से दिल्ली और कोलकाता में कीमत 10 रुपये, जबकि मुंबई और चेन्नई में 11 रुपये प्रति सिलेंडर सस्ती की गई थी। घरेलू इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर (रसोई गैस) की कीमत में पिछले साल अप्रैल के बाद से अभी तक कोई बदलाव नहीं हुआ है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर (रसोई गैस) की कीमत में आखिरी बार 8 अप्रैल 2025 को बदलाव हुआ था। दिल्ली में फिलहाल 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 853 रुपये है।



## महिंद्रा एक्सयूवी7एक्सओ हाई-टेक फीचर्स के साथ जल्द होगी लॉन्च




**नई दिल्ली।** स्वदेशी कार निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा अपनी लोकप्रिय एसयूवी एक्सयूवी700 के फेसलिफ्ट वर्जन को जल्द ही नए नाम महिंद्रा एक्सयूवी7एक्सओ के साथ लॉन्च करने की तैयारी में है। महिंद्रा एक्सयूवी7एक्सओ में ट्रिपल 12.3-इंच स्क्रीन सेटअप मिलने की संभावना है, जिसमें डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, इंफोटेनमेंट सिस्टम और को-ड्राइवर डिस्प्ले शामिल हो सकते हैं। यह एसयूवी सिर्फ डिजाइन अपडेट तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें कई नए प्रीमियम और अत्याधुनिक फीचर्स जोड़े जाएंगे, जो इसे मौजूदा एक्सयूवी700 से कहीं ज्यादा लग्जरी बनाएंगे। इसके अलावा 16-स्पीकर हारमन कारडोन साउंड सिस्टम, बीयोड टैबलेट डॉक, पावर्ड को-ड्राइवर सीट और इलेक्ट्रिक टेलगेट जैसे फीचर्स भी दिए जा सकते हैं। इस एसयूव्ही में मल्टी-कलर एम्बिएंट लाइटिंग, स्लाइडिंग सेकंड रो सीट्स और वेंटिलेटेड रियर सीट्स जैसे फीचर्स मिलने की उम्मीद है, जो इसे फैमिली कार के रूप में और ज्यादा आरामदायक बनाएंगे। इसके साथ ही बेस्ड हेड-अप डिस्प्ले और रियर पैसेंजर्स के लिए वायरलेस फोन चार्जर जैसे एडवांस फीचर्स भी इसमें शामिल हो सकते हैं। कुल मिलाकर, महिंद्रा एक्सयूवी7एक्सओ को टेक्नोलॉजी और प्रीमियमनेस का बेहतरीन मेल माना जा रहा है।

# आईआरईडीए में मजबूत प्रदर्शन, लोन बुक 90 हजार करोड़ के करीब




**नई दिल्ली,01 जनवरी (एजेंसियां) ।**

**इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (आईआरईडीए) :के शेयरों में गुरुवार को कारोबार के दौरान हल्की तेजी देखने को मिली। इसकी वजह कंपनी द्वारा जारी किए गए चालू वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2025) के मजबूत कारोबारी आंकड़े रहे। हालांकि, शुरुआती तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की, जिससे अधिकतर बढ़त खत्म हो गई।**

बीएसईप आईआरईडीए का शेयर 0.07 फीसदी की बढ़त के साथ 140.00 रुपए पर बंद हुआ, जबकि इंट्रा-डे में यह 142.40 रुपए तक पहुंच गया था। आईआरईडीए ने 31 दिसंबर 2025 को एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि तीसरी तिमाही में कंपनी ने 40,100 करोड़ रुपए के लोन सैंक्शन किए, जो सालाना आधार पर 29 फीसदी अधिक हैं। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह आंकड़ा 31,087 करोड़ रुपए था।

### डिस्बर्समेंट में 44 फीसदी की छलांग से शेयरों में आई तेजी

वहीं लोन डिस्बर्समेंट्स में जबरदस्त तेजी देखने को मिली और यह 44 फीसदी उछलकर 24,903 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 17,236 करोड़ रुपए था। दिसंबर तिमाही के अंत में कंपनी की कुल लोन बुक आउटस्टैंडिंग 87,975 करोड़ रुपए रही। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के 68,960 करोड़ रुपए की तुलना में 28 फीसदी अधिक है। हालांकि, कंपनी ने इस फाइलिंग में एसेट क्वालिटी से जुड़ी कोई जानकारी साझा नहीं की।

### सरकार ने नए श्रम कानूनों के मसौदे पर आम राय मांगी




**नई दिल्ली।** सरकार ने नए श्रम कानूनों के तहत नियमों का मसौदा जारी किया है। लोगों से आम राय और सुझाव देने को कहा गया है। सामान्य श्रम नियमों पर प्रतिक्रिया के लिए 45 दिन, जबकि औद्योगिक संबंध नियमों पर 30 दिन का समय दिया गया है। नए नियम लागू होने तक पुराने नियम चलते रहेंगे, बशर्ते वे नए कोड के अनुरूप हों। चार लेबर कोड में वेतन की समान परिभाषा लागू होगी, जिसमें मूल वेतन, महंगाई भत्ता और रिटेनिंग भत्ता शामिल हैं। भत्तों की सीमा 50 फीसदी होगी। प्रदर्शन प्रोत्साहन वेतन का हिस्सा नहीं होंगे। ग्रेच्युटी की गणना आखिरी वेतन पर होगी, जिसमें स्टॉक विकल्प, भोजन वाउचर और चिकित्सा प्रतिपूर्ति शामिल नहीं हैं। सप्ताह में 48 घंटे से अधिक काम करने पर दोगुना वेतन मिलेगा। लगातार 10 दिन काम नहीं किया जा सकता। 40 वर्ष से ऊपर कर्मचारियों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच और क्रेच व यात्रा भत्ते का प्रावधान है। सरकार का मकसद कर्मचारियों के कल्याण और कंपनियों के लिए स्पष्टता सुनिश्चित करना है।

# सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट 1,310 रुपये तक सस्ता हुआ सोना

**नई दिल्ली,01 जनवरी (एजेंसियां) ।**

घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट का रुख बना हुआ है। ग्लोबल मार्केट में पिछले लगातार तीन सत्र के दौरान हुई जोरदार मुनाफा वसूली के कारण घरेलू सर्राफा बाजार में भी सोने के भाव में कमजोरी आ गई है। सर्राफा बाजार में हाजिर सोना 1,200 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,310 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। कीमत में आई इस कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,34,880 रुपये से लेकर 1,35,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 1,23,640 रुपये से लेकर 1,23,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 2,38,900 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,35,030 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,23,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,34,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,23,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,34,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और



22 कैरेट सोने की कीमत 1,23,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 1,34,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,23,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,34,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,23,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,34,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,23,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,35,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,23,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,34,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,23,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### चार दिन...

हाल ही में सरकार ने GHMC में तीन अतिरिक्त आयुक्तों की नियुक्ति की है, जिन्हें जोनल आयुक्तों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पहले अतिरिक्त आयुक्त केवल स्वच्छता, परिवहन जैसे विभागीय कार्यों को देखते थे, लेकिन यह पहली बार है जब अतिरिक्त आयुक्त सीधे जोनल आयुक्तों के कार्यों की निगरानी करेंगे।

**साइबराबाद और मलकाजगिरी जोनों में भी बड़ा फेरबदल**

शेरिलिंगमपल्ली, कुकटपल्ली और कुतुबुल्लापुर सहित साइबराबाद जोनों के लिए दो चीफ इंजीनियरों की नियुक्ति की गई है।

**जी. श्रीलक्ष्मी** को एच सिटी, एसएनडीपी, क्वालिटी कंट्रोल, हाउसिंग और प्रशासन की जिम्मेदारी दी गई है।

**पी. चिन्ना रेड्डी** को हाउसिंग, क्वालिटी कंट्रोल और प्रशासन के लिए इन-चार्ज एसई बनाया गया है। **पीवी कृष्णाराव** को मेंटेनेंस, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, ट्रांसपोर्ट और स्ट्रीट लाइट्स का प्रभार सौंपा गया है, जबकि **के. शंकर** को मेंटेनेंस के इन-चार्ज एसई के रूप में नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार, मलकाजगिरी, उप्पल और एलबी नगर जोनों को भी दो चीफ इंजीनियरों के अधीन रखा गया है।

एसएस नित्यानंदम को हाउसिंग, प्रशासन और क्वालिटी कंट्रोल के लिए इन-चार्ज चीफ इंजीनियर एवं एसई नियुक्त किया गया है।

**पी. मोहन रेड्डी** को एच सिटी और एसएनडीपी के लिए इन-चार्ज एसई बनाया गया है। **वी. अशोक रेड्डी** को मेंटेनेंस, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, ट्रांसपोर्ट और स्ट्रीट लाइट्स की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि **एस. श्रीनिवास** और **के. रमेश बाबू** को एसई नियुक्त किया गया है।

### बंगाल में ईसी...

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल, जिला मजिस्ट्रेट और जिला निर्वाचन अधिकारी और उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

आयोग द्वारा 31 दिसंबर को अंतिम समय-सीमा तय किए जाने के बावजूद कई जिले तब तक भी समेकित सूची जमा करने में नाकाम रहे। सीईओ कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर यूनीवार्ता को बताया, डीईओ लगातार दो बार इस समयअवधि में अपना दायित्व पूरा करने से चूक गए।

आयोग ने जमीनी स्तर पर कोई ठोस प्रगति न होने के कारण मतदान केंद्र के लिए उपयुक्त आवासीय परिसर की पहचान करने के लिए अपनी स्वतंत्र व्यवस्था सक्रिय करने का फैसला किया है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# नववर्ष पर लोकभवन में राज्यपाल को दी गई शुभकामनाएं



**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर लोकभवन में राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा को पगड़ी, शॉल एवं मोती माला पहनाकर सम्मानित किया गया एवं नववर्ष की शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

इस अवसर पर राजस्थानी जागृति समिति, हैदराबाद के अध्यक्ष श्रीनिवास सोमाणी, मंत्री महेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय राठी, संगठन मंत्री रमेश मोदानी सहित समिति के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने नववर्ष के अवसर पर सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण तथा समाजसेवा के कार्यों को और अधिक सशक्त करने का संकल्प व्यक्त किया। राज्यपाल ने भी सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए समाज के सकारात्मक योगदान की सराहना की।



नव वर्ष 2026 के आगमन पर सनतनगर विधानसभा के विधायक एवं पूर्व मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव से मुलाकात की और उन्हें हार्दिक बधाई दी। बीआरएस नेता उत्तम सिंह राजपुरोहित ने विधायक निवास पर जाकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और नए साल की शुभकामनाएं दीं। उनके साथ महेश बैंक के निदेशक पवन कुमार लोहिया भी उपस्थित थे। श्री बालाजी राजस्थानी मंडल के अध्यक्ष अशोक सिंह राजपुरोहित ने भी विधायक तलसानी श्रीनिवास यादव से मुलाकात कर समाज की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित कीं। व्यापारिक वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हुए अमीरपेट मर्चेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह ने विधायक को बधाई दी।




# श्रीराधा चरित्रामृत कथा में राधे नाम की दिव्य महिमा से भावविभोर हुए श्रद्धालु





**हैदराबाद, 01 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** द्रोपदी गार्डन, सीताराम बाग, हैदराबाद में आयोजित श्रीराधा चरित्रामृत कथा का वातावरण राधे-राधे के पावन संकीर्तन से पूर्णतः भक्तिमय बन गया। सुदामा मित्र मंडल, भाग्यनगर के तत्वावधान में आयोजित इस आध्यात्मिक महोत्सव में गौड़ीय वैष्णवाचार्य श्री युगल शरण जी महाराज ने श्रीराधा रानी के दिव्य चरित्र, करुणा एवं राधे नाम की अलौकिक महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथा के दौरान राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के संयोजक रामप्रकाश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल एवं प्रतीका अग्रवाल ने व्यासपीठ पर विराजमान श्री युगल शरण जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा श्रद्धा पूर्वक उनका स्वागत किया।

कथा व्यास ने अपने प्रवचन में कहा कि राधे नाम का स्मरण निस्वार्थ प्रेम, सेवा और भक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है तथा भक्त के हृदय को शुद्ध कर प्रभु कृपा से जोड़ देता है। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के सेवा, साधना एवं समाज हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया गया। समूचा परिसर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास से ओतप्रोत रहा।

# श्री बालाजी मंदिर, चारमीनार में वैकुंठ एकादशी महोत्सव भक्ति भाव से आयोजित

**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री बालाजी मंदिर, मैदान खाँ चौक, चारमीनार में वैकुंठ एकादशी महोत्सव अत्यंत भव्यता एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान श्री बालाजी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



## सुप्रभातम से लेकर वैकुंठ द्वार दर्शन तक हुआ आयोजन

श्री बालाजी मंदिर के श्रृंगारम आत्रेयाचार्य महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि वैकुंठ एकादशी महोत्सव का शुभारंभ सुप्रभातम से हुआ। इसके पश्चात अभिषेक, तोमल सेवा, बालाजी भगवान के नेत्र दर्शन एवं आरती का आयोजन किया गया। इसी क्रम में वैकुंठ द्वार दर्शन कराए गए तथा भव्य सवारी निकाली गई, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य एवं कार्यक्रमों का सुंदर प्रस्तुतीकरण हुआ।

## ऐतिहासिक चारमीनार के पास हुई पारंपरिक आरती

महोत्सव के दौरान ऐतिहासिक चारमीनार के समीप शृंगारम आत्रेय स्वामी द्वारा पारंपरिक रूप से भगवान श्री बालाजी की आरती की गई, जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। आरती एवं तुलसी अर्चना देर रात तक जारी रही। इस अवसर पर वैष्णव सत्संग मंडल, सुल्तान बाजार द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

मध्य रात्रि में शयन आरती संपन्न हुई, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया।

## गणमान्य अतिथियों ने किया दर्शन

कार्यक्रम में सनतनगर के विधायक एवं पूर्व मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव, जीएचएमसी जोनल कमिश्नर श्रीनिवास रेड्डी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

अतिथियों का स्वागत मंदिर के प्रधान पुजारी शृंगारम रमनाचार्यजी स्वामी, शृंगारम आत्रेयाचार्यजी स्वामी एवं शृंगारम गोविंदाचार्यजी स्वामी द्वारा किया गया।



पहाडी श्याम मंदिर, महिन्द्रा हिल्स में पुत्रदा एकादशी के उपलक्ष्य में राज मित्र मण्डल द्वारा आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में भजन प्रस्तुत करते हुए पंकज ओझा । अवसर पर भजन गायक, विशिष्ट अतिथियों एवं राज मित्र मण्डल के सदस्यों का सम्मान करते हुए चेयरमैन अरुण डाकोतिया, ट्रस्टी अशोक सिंघानिया, अक्षय डाकोतिया, विजय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, ब्रिजेश मोदी, राज मित्र मण्डल के प्रदीप अग्रवाल, सुरेश अग्रराल, प्रवीण अग्रवाल, रुपेश अग्रवाल एवं उपस्थित भक्तगण । अवसर पर विजयनेहा पॉलीमर्स प्रा. लि. के शिव कुमार गुप्ता ने मंदिर को जनरेटर प्रदान किया ।

# नामपल्ली में राधे-राधे ग्रुप की सेवा, मानवता का संदेश

**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में आयोजित नियमित सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नामपल्ली पब्लिक गार्डन क्षेत्र में अन्नदान एवं सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को श्रद्धा, प्रेम और सेवा भाव के साथ भोजन वितरित किया गया।



कार्यक्रम में राधे-राधे ग्रुप के अनेक सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सेवा कार्य में विशेष रूप से रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, महेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, ई-जगन चंपापेट, प्रीतिका अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, जयप्रकाश सारडा, गौरव गोयल, मनीष अग्रवाल, राजेश नथानी, अनीता नथानी, कैलाशचंद केडिया, निर्मला केडिया, युवान केडिया, भीखा राम कुमावत, कमला देवी कुमावत, उमाकांतजी गुप्ता, संजय गोयल, किरण गोयल, संजय अग्रवाल, सविता अग्रवाल, भगतराम गोयल, मयारामजी अग्रवाल, रवि शर्मा एवं संदीप अग्रवाल सहित राधे-राधे ग्रुप के अन्य सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर सदस्यों ने कहा कि राधे-राधे ग्रुप निःस्वार्थ सेवा, संस्कार और मानवता के मूल्यों के साथ निरंतर समाज सेवा में कार्यरत है। सेवा ही सच्चा धर्म है और ऐसे कार्यों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं आपसी भाईचारा बढ़ता है।



श्री रंगनाथ स्वामी मंदिर, जियागुडा में आयोजित वैकुण्ठ एकादशी महोत्सव में दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए पहाड़ी श्याम मन्दिर के चेयरमैन अरुण डाकोतिया, दीपक भाटी, अमित लड्डा ( गग्गु भाई), विनोद भाटी, बंकटलाल भाटी एवं अन्य ।

# टीपीएफ हैदराबाद द्वारा नववर्ष महामंगल पाठ एवं कैलेंडर का विमोचन



**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम (टीपीएफ) हैदराबाद द्वारा गुरुवार, 1 जनवरी 2026 को नववर्ष के शुभ अवसर पर महामंगल पाठ एवं कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन तेरापंथ भवन, डी. वी. कॉलोनी में श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण के अंतर्गत नवकार मंत्र एवं भिक्षु स्वामी के जाप के साथ हुआ।

ब्रांच अध्यक्ष विरेंद्र घोषल ने सभी का स्वागत करते हुए नववर्ष की आध्यात्मिक मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। टीपीएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री दिलीप जी कावड़िया का विशेष प्रेरक उद्बोधन रहा।

इसके पश्चात सभा अध्यक्ष सुशील जी संचेती, महिला मंडल अध्यक्षा नमिता जी सिंघी तथा तेयुप अध्यक्ष राहुल जी गोलछा ने कार्यक्रम एवं नववर्ष के लिए शुभकामना संदेश दिए। टीपीएफ के राष्ट्रीय सह मंत्री मोहित जी बैद ने अपने चिर-परिचित अंदाज में डक्खछ्ए विषय पर मार्गदर्शन दिया। उपासिका प्रवक्ता सरोज जी सुराणा ने आध्यात्मिक कार्यशाला के अंतर्गत जैन धर्म की जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं उपासिका प्रवक्ता अंजू जी बैद ने धर्म का गहन एवं ज्ञानवर्धक संदेश देते हुए करणीय एवं अकरणीय कार्यों के महत्व को विस्तार से समझाया। उपासिका बहनों एवं उपासक भाइयों द्वारा वृहद मंगल पाठ का सामूहिक उच्चारण किया गया। टीपीएफ कैलेंडर 2026 का विमोचन मुख्य प्रायोजक श्रीमान पूनम चंद जी बोहरा (कंप्रेशर स्पेयर्स हाउस) एवं सह-प्रायोजक पंकज जी संचेती तथा प्रकाश जी बैद के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कैलेंडर के सभी प्रायोजकों, उपासिका एवं उपासकों का टीपीएफ की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम पश्चात सभी सधार्मिक परिवारों में कैलेंडर का वितरण किया गया तथा टीपीएफ मेंबर्स के लिए सामयिक किट भी वितरित की गई।

कार्यक्रम में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम राष्ट्रीय टीम से दीपक जी संचेती, नवीन जी सुराणा, ऋषभ जी दुगड़ तथा हैदराबाद टीम से निवर्तमान अध्यक्ष पंकज जी संचेती, उपाध्यक्ष निखिल कोटेचा, वर्षा बैद, कोषाध्यक्ष अर्हम जी बेंगानी, सह मंत्री अनुष बंबोली, शिखा सुराणा, अणुव्रत समिति अध्यक्ष राजेंद्र जी बोथरा सहित ढझ्ऋ टीम की विशेष उपस्थिति रही।

कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम के मुख्य संयोजक उपाध्यक्ष सुनील जी पगारिया ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। मंच संचालन शिखा सुराणा एवं ज्योति बेंगानी ने किया, जबकि कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन मंत्री अणुव्रत सुराणा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# बिहार यूपी के लोगों को एक मंच पर आने का आह्वान



**हैदराबाद, 01 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बिहार सहयोग समिति के अध्यक्ष विनय कुमार यादव के आवास पर नववर्ष के अवसर पर आयोजित बैठक में विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में बिहार एवं उत्तर प्रदेश से जुड़े समाज के लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नॉर्थ पीपुल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजनारायण सिंह ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों को एक मंच पर आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में उत्तर भारतीयों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिन्हें लेकर यदि एक सशक्त मंच तैयार किया जाए, तो किसी भी सरकार तक अपनी बात प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सकती है।

बैठक के दौरान बिहार सहयोग समिति की ओर से मलकाजगिरी में दुर्गा माता मंदिर निर्माण के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्य को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक सुझाव दिए। इस मौके पर हरिश्चंद्र सिंह उर्फ पप्पू सिंह, अजय सिंह, धनंजय सिंह, सचिन सिंह एवं मिथलेश कुमार पांडेय सहित अन्य उपस्थित लोगों ने संगठनात्मक गतिविधियों एवं मंदिर निर्माण कार्य में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# सेवा का अवसर केवल भाग्यशाली को ही मिलता है : ई जगन





**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के सौजन्य से इंडो-अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने केबीआर पार्क में नियमित अन्नदान कार्यक्रम हुआ। ई. जगन ने सेवा में भाग लेते हुए कहा कि यह अवसर केवल भाग्यशाली को मिलता है और ईश्वर की कृपा से संभव होता है। ई. जगन ने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष से ग्रुप नामपल्ली, बेगम बाजार और केबीआर पार्क सहित विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क अन्नदान चला रहा है। इससे जुड़कर सभी कृतज्ञ महसूस करते हैं। जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची मानवता है।राधे राधे ग्रुप निःस्वार्थ सेवा, संस्कार और मानवीय मूल्यों को स्थापित कर रहा है। ये कार्यक्रम समाज के लिए प्रेरणा हैं और जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं।

कार्यक्रम में मनीष अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, उमाकांतजी गुप्ता, उर्मिला गुप्ता, ई. जगन चंपापेट, रणधीर, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, जयप्रकाश सारडा, गौरव गोयल, संजय गोयल, किरण गोयल, हरीश तोलाराम हिंदुजा सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। ई. जगन ने सभी की एकजुटता की सराहना की।

# साँझ के साथी ने डॉ अहिल्या मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की

**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हैदराबाद में हिन्दी साहित्य की स्तंभ के रूप में प्रतिष्ठित डॉ. अहिल्या मिश्र का 78 वर्ष की आयु मे निधन पर नगर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था साँझ के साथी ने गहरा शोक व्यक्त किया। साँझ के साथी के अध्यक्ष अजित गुप्ता ने कहा की उनके निधन से हैदराबाद ही नहीं, बल्कि देश और देश के बाहर की हिन्दी दुनिया की अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि अहिल्या मिश्र साहित्य की विभिन्न



विधाओं में लेखन एवं समाज सेवा के क्षेत्र में जीवन भर सक्रिय रहीं। पत्थर पत्थर पत्थर, कैक्टस पर गुलाब, आखर अंतः दीप के, श्वास से शब्द तक, इस शहर के लोगों से आदि पुस्तकें देश भर मे सराही गई हैं। हैदराबाद मे महिला रचनाकारों को प्रोत्साहित कर उनका मार्गदर्शन कर उन्हें लेखन हेतु प्रेरित करने के लिए वे हमेशा याद की जाएंगी ख

साँझ के साथी के परामर्शदाता वेणुगोपाल भट्टड ने बताया कि बिहार के मधुबनी में सागरपुर में जमींदार और स्वतंत्रता सेनानी परिवार में 1948 में उनका जन्म हुआ था। विवाह के पश्चात्है वे हैदराबाद आई ख उन्होंने करम भूमि के रूप में हैदराबाद को चुना। हिन्दी में एम.ए. , एम.फिल.. पीएच.डी. और एम.एड. की शिक्षा प्राप्त कर नगर मे नवजीवन बालिका विद्यालय, रामकोट में शिक्षिका,प्राचार्य मानद प्रशासक, निर्देशक आदि पदों पर कार्य किया।

उन्होंने बताया कि हिन्दी शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में वह हज़ारों छात्राओं और महिलाओं की आदर्श थीं। हैदराबाद में कादम्बिनी क्लब सहित विभिन्न संस्थाओं की स्थापना में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय में वह हिन्दी सलाहकार परिषद की सदस्य रहीं। साँझ के साथी के साथ उनका जुड़ाव पिछले चालीस वर्षों से रहा

संस्था के अध्यक्ष अजित गुप्ता, उपाध्यक्ष बिशनलाल संघी, मानद मंत्री नन्दगोपाल भट्टड़, संयुक्त मंत्री ज्योतिनारायण, कोषाध्यक्ष कैलाश भट्टड़, परामर्शदाता वेणुगोपाल भट्टड़, नरेन्द्र राय, डॉ. ऋषभदेव शर्मा, रवि श्रीवास्तव, पं. रामकृष्ण पाण्डेय ,भँवरलाल उपाध्याय ,अनिल कुमार वाजपेयी , डॉ. मोहन गुप्ता , ओमप्रकाश अग्रवाल , बजरंग भगत ने डॉ. अहिल्या मिश्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आईआईटीएच के छात्र को मिला 2.5 करोड़ का पैकेज

## संस्थान के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक

**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नौकरियों के कठिन बाजार के बावजूद, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद (आईआईटी हैदराबाद) के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के एक छात्र ने इस साल के प्लेसमेंट में नीदरलैंड स्थित एक फर्म से 2.5 करोड़ का पैकेज हासिल किया है। आईआईटीएच के अनुसार, 2008 में शुरू हुए इस संस्थान के इतिहास में किसी छात्र द्वारा प्राप्त किया गया यह अब तक का सबसे अधिक पैकेज है। अंतिम वर्ष के छात्र एडवर्ड नाथन वर्गीस, जुलाई से एक वैश्विक ट्रेडिंग फर्म ऑप्टिवर के साथ सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम शुरू करेंगे। 21 वर्षीय वर्गीस ने दो महीने की इंटर्नशिप को प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) में बदलकर यह सफलता प्राप्त की। बुधवार को उन्होंने उत्साह के साथ बताया, यह पहली और एकमात्र कंपनी थी जिसके लिए मैंने इंटरव्यू दिया था। जब मेरे मेंटर ने संकेत दिया कि फर्म मुझे ऑफर दे रही है, तो मैं और मेरे माता-पिता बेहद खुश थे।

हैदराबाद में जन्मे और पले-बढ़े (कक्षा 7 से 12 तक बेंगलुरु में पढ़ाई की) वर्गीस ने कहा कि बाजार में मंदी के बावजूद उन्हें शानदार पैकेज मिलने का भरोसा था। उन्होंने बताया, मुझे पता था कि आईआईटी टैग कंपनियों



को हमारे परिसर में आकर्षित करेगा और वर्तमान जॉब मार्केट का प्रभाव न्यूनतम होगा। साथ ही, इंजीनियरिंग के पहले वर्ष से ही मैं मकंपीटिटिव प्रोग्रामिंगफमें था और देश के शीर्ष 100 में शामिल था। संस्थान के लचीले पाठ्यक्रम और कोर्सेज की विस्तृत श्रृंखला ने भी मुझे इंटरव्यू क्रैक करने में मदद की। वर्गीस के माता-पिता दोनों इंजीनियर हैं। ऑप्टिवर में इंटर्नशिप के लिए दो छात्रों का चयन किया गया था, लेकिन केवल वर्गीस को ही पीपीओ मिला। उनकी ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप में दो सप्ताह का प्रशिक्षण और छह सप्ताह का प्रोजेक्ट शामिल था। अब वह फर्म के नीदरलैंड कार्यालय में पूर्णकालिक कार्य करेंगे।वर्गीस के अलावा, आईआईटीएच के एक अन्य कंप्यूटर साइंस (सीएसई) छात्र को 1.1 करोड़ का पैकेज मिला है। इससे पहले संस्थान का उच्चतम पैकेज 2017 में लगभग 1 करोड़ था। वर्ष 2025 ने न केवल इस रिकॉर्ड को तोड़ा, बल्कि संस्थान के औसत पैकेज में 2024 की तुलना में लगभग 75% की छलांग देखी गई जो 20.8 लाख रुपए से बढ़कर 36.2 लाख हो गया। दिसंबर में समाप्त हुए प्लेसमेंट के पहले चरण में छात्रों ने कुल 24 अंतरराष्ट्रीय ऑफर हासिल किए। ऑफिस ऑफ करियर सर्विसेज के फैकल्टी-इन-चार्ज मयूर वैद्य ने कहा, ङ्गहमारा लक्ष्य केवल बड़े पैकेज नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि प्लेसमेंट चाहने वाले सभी छात्रों को अच्छे ऑफर मिलें। हम सार्वजनिक उपक्रमों और कोर इंजीनियरिंग कंपनियों को जल्दी स्लॉट देकर कोर छात्रों के लिए भी अवसर पैदा कर रहे हैं।

मयूर वैद्य ने आगे बताया कि प्लेसमेंट के दूसरे चरण में अधिक स्नातकोत्तर (पीजी) छात्रों को घरेलू कंपनियों से ऑफर मिलने की संभावना है। वर्तमान में, 650 में से 196 पीजी छात्रों का प्लेसमेंट हो चुका है, जिनका औसत पैकेज 22 लाख है। स्नातक (यूजी) छात्रों की बात करें तो, प्लेसमेंट के लिए पंजीकृत 487 छात्रों में से 62% को नौकरी के प्रस्ताव मिल चुके हैं। संस्थान लगातार अधिक फर्मों तक पहुंच रहा है और अपने विविध पाठ्यक्रम और शैक्षणिक कैलेंडर के माध्यम से और अधिक कंपनियों को कैंपस में लाने के प्रयास कर रहा है।

# नववर्ष 2026 पर सेवा कार्यों से दिया मानवता का संदेश



**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

गुरुवार को नववर्ष के शुभ अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एन. के. सिंह के नेतृत्व में सेवा और करुणा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर गणेश मंदिर, वनस्थलीपुरम में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए, जिससे ठंड से राहत मिल सके।

नववर्ष के पहले दिन समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के बीच कंबल वितरण कर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया गया। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में लोगों ने सहयोग किया और इसे सराहना मिली।

इसके पश्चात मंसूराबाद एवं ऑटो नगर स्थित गोशाला में गोसेवा का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां श्रद्धा भाव से गायों की सेवा की गई। गोसेवा के माध्यम से सामाजिक और धार्मिक मूल्यों को सशक्त करने का संदेश दिया गया।

इन सेवा कार्यों में श्रीमती मालती देवी, अमरजीत सिंह, नेहा, सूर्यांश, गायत्री, लखजीत, छवि एवं देवांशी ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने नववर्ष पर समाजसेवा को प्राथमिकता देने का संकल्प व्यक्त किया।नववर्ष के अवसर पर किए गए ये सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत बने और मानवता, करुणा व संस्कारों का संदेश देते नजर आए।

# पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में एस. गैबुवली ने हिंदी सलाहकार का पद्भार संभाला

**नई दिल्ली/हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्र सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, नई दिल्ली में हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद के प्रधान मंत्री तथा हिंदी सेवासदन के संस्थापक सचिव एस. गैबुवली को मंत्रालय का हिंदी सलाहकार नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति की अधिसूचना 19 दिसंबर 2025 को केंद्र सरकार द्वारा राजपत्र के माध्यम से जारी की गई।इस अवसर पर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के कार्यालय में आयोजित



कार्यक्रम में केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में एस. गैबुवली ने हिंदी सलाहकार के रूप में पद्भार ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने श्री गैबुवली का सम्मान भी किया।पद्भार ग्रहण करने के पश्चात एस. गैबुवली ने कहा कि वे पिछले 25 वर्षों से हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं हिंदी की अभिवृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस कार्य को ध्यान में रखते हुए हिंदी सलाहकार समिति में नियुक्ति करने पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव, संयुक्त सचिव एवं अन्य अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।उन्होंने यह भी कहा कि वे पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में हिंदी भाषा के उपयोग, प्रयोग एवं हिंदी भाषावृद्धि के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हिंदी सलाहकार समिति की प्रथम बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में हिंदी भाषा के अधिकाधिक उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मंत्रालय में हिंदी को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# नलगोंडा चौराहा-ओवैसी जंक्शन कॉरिडोर अप्रैल तक होगा शुरू : जीएचएमसी कमिश्नर

**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

ग्रेटर हैदराबाद नगर निगमके कमिश्नर आर.वी. कर्णन ने मंगलवार को घोषणा की कि दक्षिण हैदराबाद में नलगोंडा चौराहा से ओवैसी जंक्शन तक का व्यापक विकास गलियारा अप्रैल तक चालू कर दिया जाएगा। उन्होंने दक्षिण हैदराबाद में बन रहे इस बाधामुक्त यातायात गलियारे के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान यह जानकारी



दी।सईदाबाद और आईएस सदन होते हुए ओवैसी जंक्शन तक जाने वाले इस हिस्से के जमीनी निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने कमिश्नर को सूचित किया कि परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना में 2,530 मीटर लंबा मुख्य फ्लाईओवर शामिल है, जिसे इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (EPC) टर्नकी मोड के तहत लगभग 620 करोड़ की अनुमानित लागत से बनाया जा रहा है।कमिश्नर कर्णन ने इंजीनियरों और ठेकेदारों को शेष कार्यों में तेजी लाने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि गलियारे को अप्रैल तक यातायात के लिए खोल दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सईदाबाद-धोबीघाट जंक्शन के महत्वपूर्ण हिस्से के लिए आवश्यक ट्रैफिक डायवर्जन अनुमति प्राप्त करने का भी निर्देश दिया, ताकि निर्माण के अंतिम चरण के दौरान कोई रुकावट न आए।गलियारा चालू होने के बाद निर्बाध कनेक्टिविटी की आवश्यकता पर जोर देते हुए, कमिश्नर ने अधिकारियों से सर्विस रोड के लिए भूमि अधिग्रहण का काम जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। इससे क्षेत्र में यातायात का सुगम प्रवाह सुनिश्चित हो सकेगा।

# मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने राज्यपाल और मुख्य न्यायाधीश को दी नव वर्ष की बधाई

**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को नव वर्ष 2026 के अवसर पर राज्य के गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं।मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी हैदराबाद स्थित मलोक भवनफपहुँचे, जहाँ उन्होंने राज्य के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा से मुलाकात की। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट किया और उन्हें नए साल की हार्दिक बधाई दी। दोनों के बीच राज्य के विकास और लोक कल्याण से जुड़े विषयों पर संक्षिप्त चर्चा भी हुई।

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को दीं शुभकामनाएँराज्यपाल से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस अपरेश कुमार सिंह के आवास पर जाकर उनसे शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने मुख्य न्यायाधीश को नए साल की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उत्सव के इस माहौल में यह मुलाकातें राज्य के विभिन्न संवैधानिक अंगों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को दर्शाती हैं।

# गोविंद राठी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया



**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाजपा नेता एवं महेश बैंक के वाइस चेयरमैन गोविंद नारायण राठी का जन्मदिवस उनके निवास हशमत गंज में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के भाजपा कार्यकर्ता, समाजबंधु एवं धर्मगुरुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान रामानुजिया स्वामी संस्थान के श्री सत्यनारायण स्वामी तथा जगन्नाथमठ के मठाधिपति अच्युत रामानुजाचार्य ने मंत्रोच्चारण करते हुए गोविंद नारायण राठी एवं कमला राठी को जन्मदिवस के अवसर पर आशीर्वाद प्रदान किया।इस अवसर पर हरियाणा के पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मेट्रो रेल के मैनेजिंग डायरेक्टर एनवीएस रेड्डी, एग्जीबिशन समिति के सेक्रेटरी राजेश्वर, डॉ. भगवंत राव, रमेश कुमार बंग, पार्षद शंकर यादव, पार्षद राकेश जायसवाल, महेश बैंक अध्यक्ष मुरली मनोहर पलोड, महेश बैंक के डायरेक्टर अमित लड्डा, रुपेश सोनी, विनोद बंग, देवेंद्र झवर, दीपक बंग, सुमन बंग, कैलाश मंत्री, मुकंदलाल बहेती, पवन कुमार, एमएलसी दयानंद गुप्ता, अरुण डकोटिया उपस्थित रहे।कार्यक्रम में एडिशनल डीसीपी ईस्ट जोन नरसैया, एसीपी सुल्तान बाजार एम. मुथैया, सुरेश जैन, कलावती जाजू, सोहनलाल कड़ेल, श्याम सुंदर मुंद्रा, रघुनाथ यादव, लक्ष्मी नारायण राठी, किशन यादव, शैलेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, अरुण मालानी, शकुंतला नवंदर, उर्मिला साबू, श्याम नवंदर, शकुंतला राठी, प्रेमलता कांकणी, कमल नारायण राठी, हरिनारायण राठी, रामदेव भूतड़ा, सुरेंद्र रेड्डी, कमल जाजू, अरुण ज्योति, आनंद शर्मा, नंद गोपाल भट्टड़, मनोज जायसवाल, आला पुरुषोत्तम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# श्रीमद् भागवत कथा के सातवें एवं अंतिम दिन ज्ञान यज्ञ सम्पन्न

**निजामाबाद, 01 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें एवं अंतिम दिन, गुरुवार 01 जनवरी 2026 को कथा का भावपूर्ण समापन हुआ। यह दिव्य आयोजन वृंदावन धाम, महेश्वरी भवन में स्वर्गीय घनश्याम जाजू जी की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया।

व्यास पीठ पर विराजमान परम पूज्य श्री कमलेशजी महाराज (पुणे निवासी) ने अपनी मधुर वाणी एवं संगीतमय शैली में सुदामा चरित्र, द्वारिकालीला तथा परीक्षित मोक्ष की कथा का मार्मिक वर्णन किया। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भक्ति



रस में सराबोर दिखाई दिए।

दोपहर 1:15 बजे परीक्षित मोक्ष हवन का आयोजन किया गया, जिसमें यजमान के रूप में श्री घनश्याम गोपाल दास, विष्णु प्रकाश जाजू परिवार ने विधिवत आहुतियाँ अर्पित कीं। हवन पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

सात दिनों तक चले इस श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ ने नगर के श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा एवं भक्ति भाव से परिपूर्ण किया। अंतिम दिन कथा के समापन पर वातावरण पूर्णतः श्रद्धा, शांति और भक्ति से ओतप्रोत रहा।

# नववर्ष पर इरिसेट में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 177वीं बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरी एवं दूरसंचार संस्थान (इरिसेट), सिकंदराबाद में दिनांक 01 जनवरी 2026 को महानिदेशक श्री शरद कुमार श्रीवास्तव जी की अध्यक्षता में इरिसेट राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 177वीं बैठक इरिसेट सभागृह में आयोजित की गई।बैठक के आरंभ में राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं महानिदेशक श्री शरद कुमार श्रीवास्तव जी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु इरिसेट संस्थान को प्राप्त रेल मंत्री राजभाषा ट्रॉफी के लिए बधाई दी।उन्होंने इरिसेट में राजभाषा की प्रगति एवं इसके प्रयोग-प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रगति को बनाए रखते हुए इसमें और अधिक तेजी लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि इरिसेट में नवीनतम तकनीकी उपायों, जैसे ट्रांसक्रिप्शन में हिंदी के प्रयोग सहित अन्य आधुनिक प्रक्रियाओं के माध्यम से राजभाषा का व्यापक प्रयोग-प्रसार किया जा रहा है।इस अवसर पर अपर महानिदेशक श्री पी. वी. राजाशेखर ने भी रेल मंत्री राजभाषा ट्रॉफी प्राप्त होने पर बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि से राजभाषा के प्रति हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है।वहीं डीन श्री लोकेश विश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि सभी अधिकारी, संकाय सदस्य एवं कर्मचारी गृह मंत्रालय तथा रेलवे बोर्ड द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार राजभाषा कार्यान्वयन का अनुपालन कर रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राजभाषा से संबंधित कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने का अनुरोध किया।वरिष्ठ आचार्य (दूरसंचार) श्री सुशील नामदेव ने अपने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि सभी के समन्वित प्रयासों का परिणाम है तथा अखिल रेल स्तर पर राजभाषा ट्रॉफी प्राप्त होना अत्यंत गौरव का विषय है।इस बैठक में इरिसेट संस्थान के सभी अधिकारी, संकाय सदस्य, अनुभाग/प्रयोगशाला प्रभारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।बैठक के सफल आयोजन में इरिसेट राजभाषा अनुभाग की ओर से श्रीमती सल्मा शरीफ (वरिष्ठ अनुवादक) एवं श्री राहुल कुमार साव (कनिष्ठ अनुवादक) का सराहनीय योगदान रहा।श्री अखिलेश शर्मा, राजभाषा अधिकारी ने बैठक का संचालन किया तथा कार्यान्वयन के विभिन्न मदों पर विस्तार से चर्चा करते हुए राजभाषा से संबंधित रिपोर्ट पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से प्रस्तुत की।

# नववर्ष पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण कर्मचारी संघ के कैलेंडर का अनावरण



**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

गुरुवार दि. 01 जनवरी को नववर्ष के शुभ अवसर पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा प्रकाशित 2026 कैलेंडर का अनावरण किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसब मुखोपाध्याय, अतिरिक्त महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष, दक्षिणी क्षेत्र ने कैलेंडर का विधिवत अनावरण किया।

इस अवसर पर बसब मुख-ोपाध्याय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्यकर्ता मिलकर ऋड्डख के विकास के लिए कार्य करें, जिससे संस्थान और अधिक सशक्त बन सके।

कार्यक्रम में जीएसआई के अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं संघ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से हरा मोहन मिश्रा, निदेशक (पी एंड ए) एवं कार्यालय प्रमुख, उप महानिदेशक श्री एस. एम. महापात्रो,

शेषा साई, मारुति एवं प्रवीण, संघ के अध्यक्ष अदारला महेश, क्षेत्रीय सचिव श्री जे. राजशेखर,

अपूर्बा बेनरजी, निदेशक (जी), पीए-सएस प्रभाग, सी. के. राजा, निदेशक (जी) एवं संपर्क अधिकारी,

एस. तारा केशवर राव, कबीराज सेठी, संयुक्त निदेशक, किशोर कुमार, बी. श्रीनिवास राव एवं बी. आनंद कुमार उपस्थित थे।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, HEMALATHA Spouse of Service No. 15825909X Sep ANDE GOWRINAIDU of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, C/o.56 APO have changed my name from HEMALATHA to GUMMADI HEMALATHA vide affidavit dt:01-01-2026.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Army No. 15814216A Hav RAJNISH of 54 Infentry DoU Secunderabad that my father name and DOB is to be changed from DHARAMBIR KOSICE, DOB:12-06-1963 to DHARM VIR, DOB:23-03-1964.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Army No. 15814216A Hav RAJNISH of 54 Infentry DoU, Secunderabad that my mother name and DOB is to be changed from SUSHILA KOSICE, DOB:07-06-1965 to SUSHILA, DOB:05-07-1966.

**CHANGE OF DOB**

I, ARCHANA Spouse of Service No. 15328845A Hav AJAY KUMAR, Resident of Vill:Pakdi Mishrain, Post:Pokharni, Dist:Basti, Uttar Pradesh-272302 have changed my Date of Birth from 10-08-1977 to 01-01-1983 vide affidavit dt:31-12-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

# प्रदर्शनी सोसायटी को वैश्विक मानकों तक पहुँचना चाहिए : भट्टी विक्रमार्क








**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि वैश्वीकरण के दौर में, जहाँ दुनिया एक छोटे से गाँव में सिमट गई है, अखिल भारतीय औद्योगिक प्रदर्शनी सोसायटी (All India IndustA°ial Exhibition Society) को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित होने की आवश्यकता है।

वे गुरुवार शाम हैदराबाद के नामपल्ली में प्रदर्शनी (नुमाइश) का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे।

### नुमाइश: तेलंगाना का सांस्कृतिक संगम और शिक्षा को बढ़ावा

भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि नुमाइश केवल हैदराबाद शहर का उत्सव नहीं है, बल्कि पूरे तेलंगाना राज्य के लिए एक बड़ा त्योहार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रदर्शनी सोसायटी केवल व्यापार के बारे में नहीं है, बल्कि यह अनेक संस्कृतियों का संगम है। यह विभिन्न कारीगरों के लिए अपने उत्पादों, कला और कौशल को प्रदर्शित करने का एक प्रमुख मंच बन गया है।उपमुख्यमंत्री ने सोसायटी की आय का उपयोग नेक कार्यों में करने की सराहना की, जैसे छात्रों की शिक्षा का समर्थन करना, कारीगरों की सहायता करना और कमलाबाई पॉलिटेक्निक जैसे संस्थानों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करना। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि सोसायटी बिना किसी लाभ के पूर्ण गुणवत्ता मानकों के साथ 19 शैक्षणिक संस्थान चला रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हैदराबाद के लोगों के स्नेह, यहाँ की जलवायु और मजबूत कानून-व्यवस्था को देखते हुए देशभर के लोग यहाँ बसने के इच्छुक हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार, सोसायटी के अध्यक्ष व उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू और हैदराबाद के प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर के साथ मिलकर सोसायटी का विस्तार करने और राजस्व उत्पन्न करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।लंदन में टेम्स नदी के किनारे हुए विकास की तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मूसी नदी के पुनरुद्धार के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च करेगी ताकि स्वच्छ पेयजल का प्रवाह सुनिश्चित हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रदूषण के कारण दिल्ली जैसे शहरों में रहना मुश्किल हो गया है, और सरकार सख्त फैसले लेगी ताकि हैदराबाद में ऐसी स्थिति न आए।

### प्रदूषण मुक्त और वैश्विक शहर बनाने का संकल्प

भट्टी विक्रमार्क ने हैदराबाद को चट्टानों, झीलों और पार्कों का शहर बताया और कहा कि सरकार इन संपत्तियों को भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने के लिए कई निर्णय ले रही है। उन्होंने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में शहर से डीजल बसों को हटाकर बैटरी चालित बसें शुरू करने और हैदराबाद को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की योजना की घोषणा की है।अंत में, उन्होंने कहा कि सरकार शहर की सीमा के भीतर स्थित प्रदूषण फैलाने वाले औद्योगिक पार्कों को आउटर रिंग रोड (ओआरआर) के बाहर स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है। सरकार का लक्ष्य हैदराबाद को 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति और पूर्ण कानून-व्यवस्था के साथ दुनिया के सबसे सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त शहरों में से एक के रूप में विकसित करना है।

# केसीआर जल विवाद को हवा देकर राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं : रेवंत रेड्डी



**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि केसीआर दोनों तेलुगु राज्यों के बीच जानबूझकर जल विवाद को भड़काकर अपनी पार्टी को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहे हैं।

प्रजा भवन में सिंचाई मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी द्वारा जल-सत्य विषय पर दिए गए पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के बाद मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना आंदोलन की जड़ें ही पानी के उचित अधिकार के संघर्ष में थीं। उन्होंने बताया कि अविभाजित आंध्र प्रदेश को 811 टीएमसी कृष्णा जल आवंटित किया गया था, जिसमें विभाजन के बाद आंध्र प्रदेश को 512 टीएमसी और तेलंगाना को 299 TMC मिला।

रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि केसीआर ने दस वर्षों के लिए इस व्यवस्था पर सहमति जताई और बाद में 66:34 के बँटवारे के अनुपात को स्वीकार कर लिया, जिससे तेलंगाना का पक्ष कमजोर हुआ। उन्होंने कहा, नदी बेसिन मानदंडों के अनुसार, तेलंगाना को कृष्णा जल का 71 प्रतिशत हिस्सा मिलना चाहिए, लेकिन पिछली सरकार के दौरान इस पर कभी प्रभावी ढंग से तर्क नहीं दिया गया।

### पालमुरु-रंगारेड्डी परियोजना में अनियमितता के दावे

मुख्यमंत्री ने पालमुरु-रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई परियोजना के प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सात वर्षों तक कोई डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार नहीं की गई और वैधानिक मंजूरी के बिना 27,000 करोड़ खर्च कर दिए गए। उन्होंने दावा किया कि अदालत में हलफनामे दायर कर इसे केवल पेयजल परियोजना बताया गया, जबकि कथित तौर पर लिफ्ट सिंचाई अनुबंधों के माध्यम से कमीशनखोरी की गई। उन्होंने कहा कि परियोजना के स्रोत को जुराला से श्रीशैलम स्थानांतरित करने के परिणामस्वरूप पानी खींचने की क्षमता कम हो गई और लागत बढ़ गई।

### बीआरएस को विधानसभा में चर्चा की चुनौती

केसीआर को विधानसभा में चर्चा के लिए आमंत्रित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार कृष्णा जल में तेलंगाना के उचित हिस्से की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण (केडब्ल्यूडीटी) के समक्ष अपना पक्ष मजबूती से रख रही है। उन्होंने जोर देकर कहा, बीआरएस ने तेलंगाना की नदियों के पानी के लिए मडेथ वारंटफ लिखा था, हम उन ऐतिहासिक गलतियों को सुधार रहे हैं।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू, सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी, टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। सिंचाई मंत्री ने बीआरएस के आरोपों को निर-ाधार बताते हुए दोहराया कि सरकार पालमुरु-रंगारेड्डी परियोजना को पर्याप्त जल आवंटन के साथ पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध है।

# राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण सम्मेलन 24-25 अक्टूबर को हैदराबाद में, बाजपेई संयोजक



**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा (रजि.) एवं कान्यकुब्ज ब्राह्मण समिति, भाग्यनगर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 24-25 अक्टूबर 2026 को हैदराबाद में राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में एडिशनल पुलिस अधीक्षक (सेवानिवृत) हैदराबाद श्री अनिल कुमार बाजपेयी को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।

सुविधा क्वार्टर, लकड़ी का पुल, हैदराबाद में हुई महासभा की बैठक में श्री बाजपेई का अभिनंदन किया गया। संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री पं. महेश कुमार मिश्र, कानपुर ने बताया कि संगठन का गठन उन विषम राजनैतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों में किया गया, जब मनु विरोधी शक्तियों का समाज पर प्रहार हो रहा था तब से अब तक निपुण समर्पित संस्था के प्रति चिन्तित तथा प्रयत्नशील पदाधिकारियों द्वारा संचालन कर संस्था को बहुमुखी विकासोन्मुखी दिशा की ओर अग्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महासभा समाज में गिरते ब्रह्म संस्कारों को संवारने, प्रतिस्थापित करने तथा प्रजातांत्रिक युग में संगठन की महती आवश्यकता का अनुभव करते हुए इसके लिए जागरुकता के साथ सचेष्ट होकर प्रयासरत है। श्री मिश्र ने जानकारी दी कि महाराष्ट्र के संभाजीनगर गत् 27-28 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण अधिवेशन-2025 एवं ब्राह्मण महाकुंभ में उपस्थित सदस्यों के समक्ष प्रस्ताव पारित कर अगला राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण सम्मेलन हैदराबाद, तेलांगना में 24/25 अक्टूबर 2026 को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा (रजि.) एवं कान्यकुब्ज ब्राह्मण समिति (भाग्य नगर, हैदराबाद) के संयुक्त तत्वावधान में होने जा रहे इस कार्यक्रम के संयोजक के लिए श्री अनिल कुमार बाजपेई (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष / एडिशनल.एस.पी. इंटेलिजेंस रिटा.) भाग्यनगर, हैदराबाद के नाम की पुष्टि कर उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि के साथ प्रस्ताव पारित किया। इस सम्मेलन में 9 राज्यों के अनेकों प्रतिनिधि उपस्थित थे। महासभा के, 2026 को प्रस्तावित राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण सम्मेलन में निम्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

नेक ब्राह्मण- एक ब्राह्मण

1) ब्राह्मणत्व के संस्कार, संस्कृति और संकल्प

2) बेरोजगार युवक-युवतियों को उद्यमिता, व्यापार एवं स्वरोजगार पर मार्गदर्शन

3) वैवाहिक समस्याओं पर चर्चा, समाधान एवं पुनर्विवाह पर सामाजिक विमर्श

4) संगठन के महत्व पर परिचर्चा.

5) अंतरराज्यीय व्यापार व सामाजिक सहयोग को प्रोत्साहन

6) महिलाओं का सर्वांगीण सक्षमीकरण

हैदराबाद में आयोजित बैठक में श्री ए. के. बाजपेई (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) हैदराबाद, श्री महेश कुमार मिश्र (राष्ट्रीय महामंत्री, कानपुर, उत्तर प्रदेश), श्री विनय तिवारी (राष्ट्रीय मंत्री/अध्यक्ष, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समिति, हैदराबाद, श्री दुर्गा प्रसाद मिश्र (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, हैदराबाद), श्री अशोक तिवारी एड. (राष्ट्रीय न्यायिक सलाहकार, सिकंदराबाद, हैदराबाद), श्रीमती डॉ. सीमा मिश्रा तिवारी (राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, सिकंदराबाद, हैदराबाद) आदि उपस्थित थे।

# सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी का बीआरएस पर हमला

## जुराला से श्रीशैलम प्रोजेक्ट शिफ्ट करना तेलंगाना के साथ बड़ा विश्वासघात

**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के सिंचाई मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने गुरुवार को पूर्ववर्ती भारत राष्ट्र समिति सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पालमुरु-रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना को जुराला से श्रीशैलम स्थानांतरित करना एक बड़ी भूल थी, जिसने न केवल तेलंगाना के जल अधिकारों को कमजोर किया बल्कि परियोजना की लागत में भी भारी बढ़ोतरी कर दी।

प्रजा भवन में आयोजित एक विस्तृत पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के दौरान मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, कैबिनेट मंत्रियों और कांग्रेस विधायकों को संबोधित करते हुए उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य विधायकों को सिंचाई और नदी जल बँटवारे पर विधानसभा में होने वाली चर्चा के लिए तथ्यों से लैस करना है।

मंत्री ने आरोप लगाया कि के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली बीआरएस सरकार ने जानबूझकर प्रोजेक्ट के इंटेक (पानी लेने का स्थान) को बदलकर तेलंगाना के हितों से समझौता किया। उन्होंने बताया कि अगस्त 2013 में कांग्रेस शासन के दौरान स्वीकृत मूल जुराला-आधारित योजना को पुरानी परियोजना के रूप में जल आवंटन में प्राथमिकता मिलती।

उत्तम कुमार रेड्डी ने बीआरएस के उन दावों को क्रूर और आधारहीन मिथक करार दिया जिसमें कहा गया था कि पीआरएलआईएस का काम 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है।2015 में मूल अनुमान 35,000 करोड़ था, जो 2022 में बढ़कर 55,000 करोड़ हो गया।

मंत्री के अनुसार, नहर नेटवर्क और वितरण प्रणाली सहित प्रोजेक्ट को पूरी तरह चालू करने में लागत 80,000 करोड़ से अधिक हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि बीआरएस ने 10 साल में केवल 27,000 करोड़ खर्च किए, जबकि कांग्रेस सरकार ने पिछले दो वर्षों में ही लगभग 7,000 करोड़ खर्च किए हैं।

मंत्री ने समझाया कि कृष्णा बेसिन की मुख्य धारा पर जुराला पहला प्रोजेक्ट होने के कारण वहाँ लगभग 70 टीएमसी बाढ़ के पानी तक आसान पहुंच थी। इंटेक को श्रीशैलम ले जाने से दक्षिण तेलंगाना टेल एंड (अंतिम छोर) पर आ गया, जिससे यह ऊपर की ओर से अनिश्चित पानी छोड़े जाने पर निर्भर हो गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले शासन ने आंध्र प्रदेश की रायलसीमा लिफ्ट सिंचाई योजना को लाभ पहुँचाने के लिए पीआरएलआईएस की क्षमता को सीमित कर दिया, जिससे महबूबनगर और नलगोंडा जैसे सूखाग्रस्त क्षेत्रों को नुकसान हुआ। उन्होंने विश्वास जताया कि बृजेश कुमार कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण का फैसला, जो लगभग आठ महीनों में अपेक्षित है, तेलंगाना के पक्ष में होगा। उन्होंने राज्य के लिए 1,050 ढचउ में से 763 टीएमसी पानी की अपनी मांग को मजबूती से दोहराया।

शुभ लाभ

का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/-
Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name :
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date ........ Drawn ........
Name of the Executive ........
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10X10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank OD Account
A/c.No. : 51212002029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS Hyderabad Balanagar

# ग्रेटर हैदराबाद को मिली सौगात : हुसैन सागर सरप्लस नाले पर नए पुल का उद्घाटन कल



**हैदराबाद, 01 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नए साल के अवसर पर ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) शहरवासियों को एक बड़ी सौगात देने जा रहा है। अशोक नगर के पास हुसैन सागर सरप्लस नाले पर नवनिर्मित पुल का उद्घाटन शुक्रवार को किया जाएगा। यह नए साल में नागरिक निकाय द्वारा उद्घाटन किया जाने वाला पहला पुल होगा।लगभग 6 करोड़ की लागत से निर्मित यह पुल सिटी सेंट्रल लाइब्रेरी (अशोक नगर) और एवी कॉलेज (गगनमहल) के बीच सीधा संपर्क प्रदान करेगा। अधिकारियों को उम्मीद है कि इससे शहर के मध्य क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में काफी सुधार होगा। यह परियोजना दैनिक यात्रियों, छात्रों और स्थानीय निवासियों के लिए एक सुरक्षित और छोटा रास्ता प्रदान कर उन्हें लाभान्वित करेगी।यह पुल 48 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा है, जिसे 7.50 मीटर चौड़े कैरिजवे के साथ टू-लेन संरचना के रूप में डिजाइन किया गया है। पैदल चलने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुल के दोनों ओर फुटपाथ भी बनाए गए हैं। आधुनिक डिजाइन और मजबूती के साथ यह पुल भारी यातायात के दबाव को सहने में सक्षम है।अधिकारियों ने बताया कि यह नया मार्ग पूरी तरह से सिग्नल-फ्री है। इसकी मदद से यात्री लिबर्टी जंक्शन और जीएचएमसी मुख्यालय जैसे प्रमुख स्थानों पर लगभग 10 मिनट के भीतर पहुंच सकेंगे। इससे आसपास की मुख्य सड़कों पर यातायात का दबाव कम होगा और शैक्षणिक व सार्वजनिक संस्थानों तक पहुंच आसान हो जाएगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.